

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 बुमराह का सामना करने को लेकर ज्यादा तनाव नहीं ले रहा ...

मेक्सिको ने डोनाल्ड ट्रंप के निर्वासन अभियान का सामना करने के ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 131 | नई दिल्ली, शनिवार, 07 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C
न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

# अंतरराष्ट्रीय साजिश रोकने में असमर्थ अमित शाह को बाहर करें मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार कहती है कि देश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय साजिश हो रही है तो यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है और ऐसी साजिश करने वालों का पदार्फाश करने में असमर्थ रहे देश के गृहमंत्री अमित शाह को पद से हटा देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में साम्प्रदायिकता, हिंसा और नफरत का जहर घोला जा रहा है- 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे नारे दिए जा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक और मणिपुर से महाराष्ट्र तक यात्राएं निकाली, जिसका उद्देश्य मोहब्बत से भारत को जोड़ना था। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति जो मजदूर, किसान, मोची, बढ़ई, ड्राइवर जैसे तमाम वर्गों के जीवन से जुड़े संघर्षों को समझकर उसका समाधान ढूंढता है, एक व्यक्ति जो दलितों, पिछड़ों, महिलाओं की आवाज उठाता है, उनके हक की लड़ाई लड़ता है, उस व्यक्ति को ये लोग देशद्रोही कहते हैं। लेकिन सच्चाई ये है कि भाजपा-आरएसएस देश का सबसे बड़ा टुकड़े-टुकड़े गैंग है। राहुल जी हमेशा जनता के मुद्दों को उठाते रहे हैं और आगे भी उठाएंगे। वे आपकी धमकियों और आरोपों से डरने वाले नहीं हैं। प्रवक्ता ने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



आईएसआई को रेड कार्पेट बिछाकर देश में बुलाते हैं, और वही आईएसआई पुलवामा का सारा ठीकरा हमारे देश पर फोड़ देता है, तब आपने उन्हें देशद्रोही नहीं कहा। जब मोदी विदेश जाकर कहते हैं कि पिछले जन्म में कोई पाप किए होंगे, तभी भारत में पैदा हुए हैं, तब उन्हें देशद्रोही नहीं कहा जाता। जब श्री मोदी बिन बुलाए बिरयानी खाने पाकिस्तान चले जाते हैं, तब उन्हें देशद्रोही नहीं कहा जाता। जब श्री मोदी चीन को क्लीन चिट दे देते हैं, तब ये देशद्रोह की कैटेगरी में नहीं आता। आज देश की जनता ऐसा दोहरा चरित्र रखने वाले भाजपा के लोगों पर हंस रही है। उन्होंने कहा, जब देश का अन्नदाता कहता है- हम काले कानून बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम आंदोलन करेंगे तो भाजपा के लिए ये अंतरराष्ट्रीय साजिश और फंडिंग का हिस्सा हो जाता है। जब सोनम वांगचुक अपने साथियों के साथ लद्दाख से आते हैं, अपनी मांग रखते हैं, तो वह अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो जाते हैं। मणिपुर डेढ़ साल से जल रहा है, लेकिन नरेंद्र मोदी वहां नहीं जाते क्योंकि वो भी अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा है। अगर श्री मोदी से महंगाई, बेरोजगारी पर सवाल पूछ लिया जाए तो आप देशद्रोही हैं। युवा रोजगार मांग लें तो उनको लाठी मारी जाएगी, क्योंकि वो भी साजिश का हिस्सा हैं। अगर देश में इतनी अंतरराष्ट्रीय साजिश हो रही है तो आप गृहमंत्री अमित शाह की छुट्टी क्यों नहीं करते हैं। क्या नरेंद्र मोदी सरकार इतनी कमजोर है, जिसके खिलाफ कोई भी अंतरराष्ट्रीय साजिश होती रहती है। इस देश में किसी ने अंतरराष्ट्रीय साजिश रची है तो वो गौतम अडानी है, जिस पर रिश्वतखोरी, हेरा-फेरी का आरोप लगा है और जिसने भारत की छवि को धूमिल करने का काम किया है। प्रवक्ता ने कहा, भाजपा वाले कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी देश की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का काम कर रही है। लेकिन सच्चाई यह है कि अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का काम भाजपा के लोग करते हैं। देश में जब नोटबंदी, गलत जीएसटी लागू की गई तो पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी ने नरेंद्र मोदी को आगाह किया था। उन्होंने कहा था कि अगर आप नोटबंदी के साथ आगे बढ़ेंगे तो जीडीपी गिरेगी, तब श्री मोदी ने उनका मजाक उड़ाया था, लेकिन आज देश के सामने पूरी सच्चाई है।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिये सदैव आगे रहे सिख पंथ के अनुयायी: योगी

**सीएम ने कहा कि इतिहास के उन पन्नों को कौन नहीं जानता है जब भक्ति की इस परंपरा से ऊपर उठकर उन्होंने समय के साथ तात्कालिक समाज को एक नई दिशा देने का काम किया था। वहां से चलकर हम शहादत और बलिदान की एक सुदृढ़ नियम को आगे बढ़ाते हुए गुरु गोविंद सिंह महाराज तक पहुंचे।**



प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख पंथ के अनुयायियों ने अपनी साधना और सामर्थ्य से अपने कौम के साथ-साथ पूरे देश को और पूरे सनातन धर्म को न केवल सुरक्षा प्रदान की बल्कि एक लंबे समय के लिए उन्हें अभय भी प्रदान किया। यहियागंज गुरुद्वारा में गुरु परंपरा के नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर सीएम योगी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम योगी ने उनके बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने उस समय कश्मीर को बचाया था जब वहां के सनातन धर्मावलंबियों को विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म परिवर्तन करने का आदेश मिला था।

**'गुरु जी ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था'**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था। धर्म परिवर्तन के आदेश के बाद सुरक्षा के लिए भटक रहे कश्मीरी पंडितों को न सिर्फ नया जीवन दिया था, बल्कि उनसे कहा था कि अत्याचारियों से कह दो कि पहले हमारे गुरु को इस्लाम स्वीकार कराओ। गुरु तेग बहादुर ने हमेशा देश और धर्म को प्राथमिकता दी और किसी विदेशी आक्रांता के सामने सिर नहीं झुकाया। श्री योगी ने कहा कि वह कैसा कालखंड रहा होगा जब एक विदेशी आक्रांता बाबर देश के अंदर अत्याचार कर रहा था, उसके खिलाफ गुरु नानक देव जी ने आवाज उठाई थी। सीएम ने कहा कि इतिहास के उन पन्नों को कौन नहीं जानता है जब भक्ति की इस परंपरा से ऊपर उठकर उन्होंने समय के साथ तात्कालिक समाज को एक नई दिशा देने का काम किया था। वहां से चलकर हम शहादत और बलिदान की एक सुदृढ़ नियम को आगे बढ़ाते हुए गुरु गोविंद सिंह महाराज तक पहुंचे।

**'वह भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे'**

सीएम योगी ने कहा वह शक्ति का एक दिव्य पुंज बन करके न केवल सनातन धर्म की रक्षा के लिए बल्कि भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे। योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर अपनी शहादत के पहले सनातन धर्म की रक्षा के लिए, देश और धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जैसा सशक्त शक्तिपुंज भी देश को दिया। उनके चार-चार साहिबजादे बलिदान हो गए।

उन्होंने कहा हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में आयोजित करने की घोषणा की। यह मेरा सौभाग्य है कि वीर बाल दिवस सन 2020 से लगातार मुख्यमंत्री आवास में पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। पूरा संत समाज इसमें शामिल होता है। हम गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार-चार साहिबजादे और माता गुजरी को नमन करते हुए आज के युवा पीढ़ी के लिए और आज के बच्चों के सामने एक नया आदर्श शहादत के रूप में सामने रखते हैं जो आज के लिए देश और धर्म के लिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।"

## योगी करेंगे अरैल फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ 2025 के दौरान स्वच्छता को प्राथमिकता देने की कवायद के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को यहां अरैल फीकल स्लज ट्रीटमेंट संयंत्र का निरीक्षण करेंगे। जल निगम नगरीय विभाग के अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि योगी सात दिसंबर को अपने प्रयागराज दौर पर अरैल स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करेंगे। ये ट्रीटमेंट प्लांट जून महीने से नैनी, महेवा और आस-पास के घरेलू सेप्टिक टैंक के स्लज को ट्रीट कर रहा है। यहां से ट्रीटेड स्लज झूंसी के को-ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाता है, वहां से फाइनली 10 से 20 बीओडी का ट्रीटेड पानी छोड़ा जाता है।

उन्होने बताया कि महाकुम्भ 2025 में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। स्वच्छ और स्वस्थ महाकुम्भ के लिये मेला क्षेत्र को पूरी तरह ओडीएफ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना के मुताबिक मेला क्षेत्र में रिकॉर्ड डेढ़ लाख शौचालय बनाए जा रहे हैं। मेला क्षेत्र के शौचालयों के स्लज का निस्तारण करने के लिए जल निगम, नगरीय ने तीन अस्थाई और नैनी, झूंसी के स्थाई एसटीपी और अरैल के फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की मदद से किया जाएगा। कुमार ने बताया कि महाकुम्भ के स्लज निस्तारण के लिये बार्क की मदद से मेला क्षेत्र में तीन अस्थाई एसटीपी बनाए गये हैं।

इन एसटीपी तक स्लज पहुचांने का कार्य विभाग के नौ सेसफुल व्हीकल और सीवेज पाइप लाइन करेंगी। जल निगम में इसके लिए चार हजार लीटर कैपिसिटी के चार, 3 हजार लीटर के तीन और हजार लीटर के दो सेसफुल व्हीकल मेला क्षेत्र में नियमित स्लज निस्तारण का कार्य करेंगे। मेला क्षेत्र का शेष गंदा पानी सीवेज पाइप लाइन से सीधे एसटीपी तक पहुंचेगा। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के स्लज का अतिरिक्त दबाव प्रयागराज शहर पर न पड़े इसके लिए जल निगम ने पहले ही अलोपी पम्पिंग स्टेशन की क्षमता विस्तारीकरण का कार्य पूरा कर लिया है। अलोपी पम्पिंग स्टेशन की क्षमता 45 केएलडी से बढ़ा कर 80 केएलडी करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। 10 दिसंबर से राइजिंग के कार्य के बाद अलोपी पम्पिंग स्टेशन पूरी क्षमता से कार्य करने लगेगा। इसके दोनों ओल्ड और न्यु सम्प की वर्किंग शुरू हो जाएगी।

## सरकार ने पीएम-किसान योजना की 18वीं किस्त में 20,657 करोड़ रुपये वितरित किए



**राज्यसभा में पूछे गये एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि अगस्त-नवंबर 2024 की अवधि के लिए पीएम-किसान की 18वीं किस्त के तहत 9,58,97,635 किसानों को 20,657.36 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।**

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली,एजेंसी। सरकार ने पीएम-किसान योजना के अंतर्गत ताजा 18वीं किस्त के तहत 9.58 करोड़ से अधिक किसानों को 20,657 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। राज्यसभा में पूछे गये एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि अगस्त-नवंबर 2024 की अवधि के लिए पीएम-किसान की 18वीं किस्त के तहत 9,58,97,635 किसानों को 20,657.36 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने कहा, पीएम-किसान योजना फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा भूमि-धारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू की गई केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

इस योजना के तहत, किसानों के आधारकार्ड से संबद्ध बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तरीके के माध्यम से तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ हस्तांतरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसान-केंद्रित डिजिटल बुनियादी ढांचे ने यह सुनिश्चित किया है कि योजना का लाभ बिना किसी बिचौलिए की भागीदारी के देश भर के सभी किसानों तक पहुंचे। लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए, भारत सरकार ने शुरूआत से अब तक 18 किस्तों में 3.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया है। ठाकुर ने कहा, पीएम किसान की 18वीं किस्त जारी होने के दौरान 9.58 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला ।एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि ठाकुर ने कहा, फिलहाल, इस योजना को बटाईदार किसानों तक विस्तारित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

## यादव ने कैंसर रोगियों से की मुलाकात

प्रात: किरण/एजेंसी



भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देर रात यहां ईदगाह हिल्स स्थित जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल में उपचाररत रोगियों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार डॉ यादव गुरुवार देर रात अस्त्पाल पहुंचे और रोगियों से मिले। उन्होंने रायसेन जिले के गैरतगंज निवासी पवन कुमार जैन, विदिशा जिले के गंजबासौदा के रूपसिंह और नटेरन के रामकरण कुशवाहा, सागर जिले के खुरई की श्रीमती कलावती, सतना जिले के सनत कुमार और हरदा जिले के मुकेश कलम के स्वास्थ्य की जानकारी ली और चिकित्सकों को समुचित उपचार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर सीधी जिले की श्रीमती तारा पांडे के उपचार के लिए होने वाले व्यय का भुगतान शासन की ओर से करने की बात कही। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को आवश्यक सहायता राशि के संबंध में प्रक्रिया पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि कैंसर रोग या अन्य गंभीर रोगों के रोगियों के बेहतर उपचार के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### चित्रकूट में ट्रक-बस में भिड़ंत, छह मरे

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के रापुरा क्षेत्र में शुक्रवार भोर बोलेरो कार और ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर में छह लोगों की मृत्यु हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह करीब 5:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर एक तेज रफ्तार बोलेरो की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गयी। इस हादसे में बोलेरो सवार नन्हे (65),हरिराम (45),मोहन (45),रामू (45),मांगना (65) और रामस्वरूप यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होने बताया कि घटना में घायल जमुना (42), फुला (40), राज अहिरवार (18), आकाश (15) और एक अज्ञात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा व पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह ने जिला अस्पताल में घायलों को हाल जाना।

## महत्वपूर्ण खबर



**खरगे, राहुल, प्रियंका ने बाबा अंबेडकर को परिनिर्वाण दिवस पर किया नमन**

नईदिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संविधान निमार्ता डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया है। खरगे ने कहा, बाबासाहेब डॉ.अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर हम संविधान और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया था। उनके आदर्शों और विचारों के साथ-साथ राष्ट्र के लिए उनके बेहतरीन योगदान -भारत के संविधान की रक्षा, सुरक्षा और संरक्षण करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।'

### कालिदास कोलंबकर बने महाराष्ट्र विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर

मुंबई। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शुक्रवार को कालिदास कोलंबकर को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई गई। महाराष्ट्र विधानसभा का तीन दिन का सत्र शुरू होने से पहले कोलंबकर को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें मुंबई स्थित राजभवन में शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति डॉ. नीलम ग्रोहे और मुख्य सचिव सुजाता सौनिक मौजूद थे। बता दें कि कोलंबकर प्रोटेम स्पीकर के रूप में 288 नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा में शपथ दिलाएंगे। इसके साथ ही शनिवार, 7 दिसंबर से शुरू होने वाले 15वीं विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी कराया जाएगा।

# शंभू बॉर्डर से किसानों ने किया दिल्ली की तरफ कूच, पुलिस ने लगाए कटीले तार

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाब-हरियाणा (शंभू) बॉर्डर से किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस आंदोलन को दिल्ली चलो नाम दिया गया है। पुलिस ने इन किसानों को रोकने के लिए कटीले तार और तमाम तरह के अवरोधों को सड़कों पर लगाया है। किसानों ने इन तारों और अवरोधों को सड़क से हटाकर अपनी यात्रा जारी रखी है। इस घटना के वीडियो में किसान कटीले तारों को हटाकर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दिखाया गया है किस तरह से किसानों की भीड़ तारों को हटाते हुए उन्हें रास्ते पर किनारे करने के बाद आगे बढ़ रही है ।वहीं, एक अन्य वीडियो में पुलिस किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकते हुए दिखाई दे रही है। वीडियो में पुलिसकर्मी किसानों के पास पिस्टल होने की बात भी कह रहे हैं। जिससे किसान मना कर रहे हैं। एक और वीडियो में पुलिसकर्मी किसानों के मार्च के बीच एक जाली के अंदर खड़े दिखाई दे रहे हैं, साथ ही अंदर से ही पुलिसकर्मी किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि पंजाब-हरियाणा (शंभू) बॉर्डर से किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस आंदोलन में शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से 8 महीने से ज्यादा समय से धरना दे रहे किसान अब ट्रैक्टर-ट्रॉली के बिना पैदल ही दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को 101 किसानों का पहला जत्था शंभू बॉर्डर पर एकत्र होकर रवाना होने की योजना बना रहा है। किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सार्वजनिक सभाओं और जुलूसों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।

**श्रद्धांजलि** | राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर के एजी स्क्वायर पर जाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, एजेंसी

भुवनेश्वर। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर के एजी स्क्वायर पर जाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वह हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गईं।

वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने गृह जिले मयूरभंज का दौरा करने का भी कार्यक्रम बनाया है। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर किए अपने पोस्ट में कहा, ह्लडॉ. बी.आर आंबेडकर को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर झ्र हमारे संविधान के निमार्ता, एक राजनेता और दूरदर्शी हैं, जिन्होंने सामाजिक असमानताओं





के खिलाफ अथक संघर्ष किया। न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के प्रति उनकी गहन प्रतिबद्धता सभी को प्रेरित करती रहती है। आइए हम उनके आदर्शों को बनाए रखने और अधिक समावेशी भारत की दिशा में लगातार काम करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को याद करते हुए अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, राष्ट्रनिर्माता, सामाजिक न्याय के प्रहरी और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। समतामूलक समाज का उनका स्वप्न, उनकी अमूल्य शिक्षाएं और संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। कांग्रेस पार्टी ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को याद किया। उन्होंने पार्टी की तरफ से अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, भारतीय संविधान के जनक और सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कोटिः नमन। उनके आदर्श और विचार युगों-युगों तक हमें न्याय की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को एक्स हैंडल पर पोस्ट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब अंबेडकर को याद करते हुए, उनके विचार और दृष्टिकोण भारत को प्रेरित करते रहते हैं। राष्ट्र उनके अपार योगदान के लिए उनका ऋणी रहेगा। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि।

## राष्ट्रीय खेलों की तैयारी : एथलेटिक्स मैदान पर बना डामर ट्रैक, आज से लगेंगे पांच खेलों के कैंप

**देहरादून, एजेंसी।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए (शुक्रवार) से पांच खेलों के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे। खेल विभाग की ओर से आयोजित होने वाले कैंपों में खेल एसोसिएशन से मांगी गई सूची के आधार पर ही खिलाड़ियों को कैंप में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के चलते रायपुर के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिलचस्प नजारा है। एक तरफ युवा ज्यादा से ज्यादा मैडल लाने की चुनौती के चलते दिनभर अभ्यास में पसीना बहा रहे हैं। स्टेडियम के दूसरे कई हिस्सों में खेल अधिकारी निर्माण से जुड़ी टीम भारी-भरकम मशीनों के साथ खेल स्थानों को तैयार कराने में दिनरात जुटे हैं। सबसे चौंकाने वाली तस्वीर एथलेटिक्स के मैदान से नजर आ रही है, जहां एक तरफ खिलाड़ी एथलेटिक्स के ट्रायल दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जेसीबी और बुलडोजर सुबह से देर रात तक चल रहे हैं। राहत की बात है कि मुख्य मैदान में



डामर ट्रैक बनकर तैयार हो गया है। अब इस पर सिंथेटिक की परत बिछाई जानी बाकी है। मैदान पर मौजूद कुछ कोच ने बताया कि जिस तरह से रात एक-एक बजे तक ट्रैक बनाने का काम चल रहा है, उससे उम्मीद है कि दिसंबर अंत तक नया सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार हो जाएगा। साथ वाले वार्म अप मैदान में खेल महाकुंभ भी चल रहा है, जहां एक तरफ खिलाड़ी दौड़ लगा रहे हैं। वहीं, नई घास लगाने का काम भी चल रहा है। वहां फिर से कुछ गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिन पर खेल पॉइंट बनाने की बात कही जा रही है। खेल निदेशालय का दावा है कि सभी कार्य निर्धारित अवधि में पूरे हो जाएंगे। जीटीसीसी जल्द कार्यों का अवलोकन करेगी। बता दें कि खेल मंत्री रेखा आर्या और विशेष प्रमुख सचिव (खेल) अमित सिन्हा की ओर से 31 दिसंबर तक सभी कार्य पूरे करने का निर्देश हैं।

38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए (शुक्रवार) से पांच खेलों के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे। खेल विभाग की ओर से आयोजित होने वाले कैंपों में खेल एसोसिएशन से मांगी गई सूची के आधार पर ही खिलाड़ियों को कैंप में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। जिला खेल अधिकारी रविंद्र भंडारी ने बताया छह दिसंबर से आमवाला स्थित युवा कल्याण निदेशालय के बहुउद्देशीय हॉल में जूडो, डालनवाला स्थित एक निजी टेनिस एकेडमी में लॉन टेनिस, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज की शूटिंग रेंज में शूटिंग, वुशु और टेबल टेनिस हॉल में टेबल टेनिस के कैंप आयोजित किए जाएंगे। बताया, सभी पांचों खेलों के लिए एसोसिएशन की ओर से सूची प्राप्त हो गई है। सूची के आधार पर ही खिलाड़ियों को कैंप में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा।

## कठंग में 50 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, छह घायल

**देहरादून, एजेंसी।** जेपीआरआर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कठंग के पास एक कार अनियंत्रित होकर 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार में सवार छह लोग घायल हो गए। सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी लाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल एक महिला और उनकी तीन वर्ष की बेटी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का स्वास्थ्य सामान्य है।कार में तीन लोग एक ही परिवार के और तीन रिश्तेदार सवार थे। जेपीआरआर राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्यूणी बाजार से आगे कठंग के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई। जब तक चालक को समझ आता कार 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार चला रहे शिमला जिले की नेरवा तहसील के जसवंत (24) पुत्र केसर सिंह, रिपना देवी (37) पत्नी सतपाल सिंह, संतोषी (29) पुत्री जोकरू राम, शिमला जिले की कोटखाई तहसील के दरकोटी निवासी मुनीश (28) पुत्र हरिसिंह, उनकी पत्नी सुमन (26) और बेटी काविश (3) घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को खाई से निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी भिजवाया।

### हाईवे पर दो कारों की भिड़ंत, दो घायल

**देहरादून, एजेंसी।** रोडवेज बस अड्डे के पास दो कारें आपस में भिड़ गईं। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में दोनों कार भी क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस के अनुसार दिल्ली के रोहिणी नगर निवासी अजीत हरिद्वार जा रहे थे। सोमवार देर रात करीब दो बजे कार मंगलौर रोडवेज बस अड्डे के पास पहुंचे तो रुड़की की ओर से आ रही एक कार से उनकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार में सवार अजीत व दूसरी कार चालक पुष्पेंद्र निवासी रुड़की घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरुवा गांव में हिरण नृत्य की धूम, राजा के मुक्त होने पर झूमे

**देहरादून, एजेंसी।** कोरुवा गांव में हर साल की तरह इस बार भी हिरण नृत्य के साथ जौनसारी बूढ़ी दिवाली का समापन हुआ। काठ के हिरण का नृत्य देखने के लिए जौनसार बावर के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग कोरुवा गांव पहुंचे। बंदी बनाए गए राजा के मुक्त होने पर जमकर नृत्य हुआ।हर वर्ष की तरह इस बार भी कालसी ब्लॉक के कोरुवा गांव में जौनसारी बूढ़ी दिवाली की धूम मची रही। लोगों ने खास व्यंजनों के साथ धान को कूटकर बनाई गए चिवड़े, अखरोट और भंगजीरे को मिलाकर तैयार की गई मूडी का स्वाद चखा। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे महिला और पुरुष पंचायती आंगन में पहुंचे। सभी ने महासू देवता की वंदना की। उसके बाद हारुल, तांदी, जैंता, रासो जैसे कई प्रकार के जौनसारी नृत्य का दौर शुरू हुआ। दोपहर करीब एक बजे हरिण नृत्य शुरू हुआ। इसमें हरिण राजा के रूप में स्याणा महावीर सिंह तोमर ने हिरण पर बैठकर नृत्य किया। किवदंती पर आधारिक नृत्य के दौरान राजा जंगल के बीच से जा रहे थे। इस दौरान सिपाही और नृत्यांगना भी उनके साथ चल रहे थे। जंगल में घेपडू राजा हरिणा राजा को रोककर बंदी बना लेता है।इस मौके पर सदर स्याणा बुध सिंह तोमर, दर्शन सिंह तोमर, गीता राम तोमर, नीशा तोम, मधुबाला पंवार, वीरेंद्र सिंह तोमर, राजेश तोमर, संतन सिंह तोमर, पंचम सिंह, इंद्र सिंह तोमर, विक्रम सिंह तोमर, गंभीर सिंह तोमर, दयापाल खन्ना, मातबर सिंह तोमर, आशीष तोमर आदि उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या के मामले में नौ माह बाद वांछित मां-बेटे गिरफ्तार

**देहरादून, एजेंसी।** सहसपुर थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में वांछित मां-बेटे को पुलिस ने नौ माह बाद शंकरपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। इसी साल 10 फरवरी को यूपी के बरेली जिले के बिसातगंज थाना क्षेत्र निवासी सेठ राम ने सहसपुर थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि वर्ष 2022 में उनकी बेटी रोशनी का विवाह बिसातगंज थाना क्षेत्र के जसवीर से हुआ था। वह सहसपुर के शंकरपुर हुकुमतपुर में किराये पर रह रहा था। बताया कि आरोपी उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। सास रूपा देवी, जेठ जयप्रकाश, ननद पूजा भी उसका साथ देती थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि रोशनी जब पांच माह की गभर्वती थी तो उसके साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की। इस कारण उसका गर्भपात हो गया था। 25 अक्तूबर 2023 को बेटी से बात हुई। 26 अक्तूबर को उसके पति ने बताया कि आपकी बेटी को दौरा पड़ा और वह बेसुध पड़ी है। ससुराल वालों से उसे बचाने की कोशिश नहीं की। थाना प्रभारी सहसपुर मुकेश त्यागी ने बताया कि पुलिस ने दहेज हत्या और प्रताड़ना आदि संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपी जसवीर और रूपा देवी लगातार फरार चल रहे थे। बुधवार को सीओ बीएल शाह की अगुवाई में टीम ने दोनों को शंकरपुर से गिरफ्तार कर लिया गया।

### ट्रांसफार्मर की केबल ब्लास्ट होने से छह घंटे बाधित रही बिजली

**देहरादून, एजेंसी।** ट्रांसफार्मर की केबल बलास्ट होने से सेलाकुई नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। तकनीकी खराबी की सूचना पर विद्युत वितरण खंड की टीम ने केबल को ठीक करना शुरू किया। करीब छह घंटे बाद बिजली बहाल हो सकी। उधर, बिजली नहीं आने से लोगों को पेयजल के साथ ही कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुधवार की सुबह लगभग सात बजे बिजली घर में लगे मेन ट्रासंफार्मर की केबल धमाके के साथ बलास्ट हो गई। इस दौरान सेलाकुई नगर व भाऊवाला फीडर से जुड़े क्षेत्रों में आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत वितरण खंड के अधिकारी-कर्मचारियों ने लगभग छह घंटे के बाद केबल को ठीक कर आपूर्ति को बहाल कराया। सुबह के समय बिजली नहीं आने से नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। क्षेत्रवासी नरगिस कश्यप, उदित नारायण, अमन अहमद ने बताया कि नगर के मेन बाजार से लेकर बायखाला, जमनपुर, प्रगति विहार, हरिपुर आदि क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत ने स्थानीय निवासियों व व्यापारियों को परेशानी में डाल दिया। विद्युत वितरण खंड के एसडीओ नवनीत गुप्ता ने बताया कि तकनीकी कारणों से केबल में ब्लास्ट हो गया था। केबल को ठीक कर दिया गया है। क्षेत्र में आपूर्ति सुचारू है।

## बाल अपचारी समेत दो गिरफ्तार, चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद



**हरिद्वार, एजेंसी।** जनपद में कई थाना क्षेत्रों में हुई बाइक चोरी के मामलों में पुलिस ने गुरुवार को एक बाल अपचारी समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की चार बाइकें बरामद की है। दरअसल, पिरान कलियर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम माजरी निवासी राजकुमार ने गत एक दिसंबर को व रूड़की थानांतर्गत गंगनहर के हसन कालोनी रामपुर निवासी अहसान पुत्र सोमीन ने तीन दिसंबर को एवं लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ा कलां निवासी अजीत कुमार पुत्र राधेश्याम ने तीन दिसंबर तथा कोतवाली रूड़की के ग्राम इमली रोड महिग्रान निवासी इसरार अली पुत्र अब्बास ने बीते रोज पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ अपनी-अपनी बाइक चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक जगपाल उर्फ जग्गू निवासी शीतलपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश को मंगल विहार कॉलोनी सुनहरा रोड रूड़की से चोरी की बाइक के साथ दबोचा। सख्ती से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि उसका एक साथी चोरी की बाइक लेकर पीछे से आ रहा है। पुलिस ने नाबालिग होने के कारण संदिग्ध को संरक्षण में लेकर सलेमपुर राजपुताना रूड़की से चोरी की गई बाइक बरामद की।

## ढोल धमाऊ की थाप पर पांडव नृत्य और लीला, भक्तिमय माहौल में सजा रौता गांव

**गोपेश्वर, एजेंसी।** चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के ग्राम पंचायत रौता में सात साल बाद ढोल धमाऊ की थाप पर पांडव नृत्य और पांडव लीला का आयोजन शुरू हो गया है। धार्मिक रंग में रंगा हुआ यह आयोजन क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा है। पांडव नृत्य और लीला के इस अद्भुत मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में धियाणियां (अपने मायके आई बेटियां) और प्रवासी गांव लौट रहे हैं। गांव में चारों ओर उत्साह का माहौल है। रौता के निवर्तमान ग्राम प्रधान बीरेंद्र राणा ने बताया कि गांव की सुख-समृद्धि के लिए सात साल बाद पांडव नृत्य और पांडव लीला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार पांडव नृत्य देखने के लिए दूर-दूर से धियाणियां और प्रवासी गांव लौटे हैं। 12 दिसम्बर को पांडव गंगा स्नान, 15 दिसम्बर को चक्रव्यूह का मंचन किया जाएगा और 18 दिसम्बर को वेदिक मन्त्रों के साथ पांडव नृत्य का समापन होगा।इस धार्मिक आयोजन में पांडव समिति के अध्यक्ष सतेसिंह, बीरेंद्र राणा, राकेश सिंह, नरेन्द्र सिंह, महिला मंगल दल की अध्यक्ष पूनम राणा, प्रदीप पंवार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## युवा कांग्रेस की नशा नहीं, रोजगार दो मुहिम, प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर करेंगे सचिवालय कूच



**देहरादून, एजेंसी।** युवा कांग्रेस आज प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। कहना है कि भाजपा सरकार छात्र संघ, निकाय, पंचायत व सहकारिता चुनाव कराने से बच रही है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए सड़कों पर प्रदर्शन करने को मजबूर है।

प्रदेश युवा कांग्रेस नशा नहीं, रोजगार दो मुहिम के तहत बुधवार को सचिवालय कूच करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी शामिल होंगे। प्रदेश युकां अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने बताया कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में आज रेंजर ग्राउंड से सचिवालय कूच किया जाएगा।

इस प्रदर्शन में प्रदेश भर से युवा कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार छात्र संघ, निकाय, पंचायत व सहकारिता चुनाव कराने से बच रही है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए सड़कों पर प्रदर्शन करने को मजबूर है। इन मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर सचिवालय घेराव करेगी।

### हरिद्वार में रोड रेज का भयावह मामला

## आगे निकलने को बुलेट सवार ने दिया हॉर्न तो सनका युवकों का माथा, किया बुरा हाल

**हरिद्वार, एजेंसी।** आगे निकलने के लिए हॉर्न बजाने पर स्कूटी और बुलेट सवार चार युवकों ने पीछे चल रहे बुलेट सवार युवक को बुरी तरह पीटा। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, ज्वालापुर के मोहल्ला धीरवाली निवासी अभिषेक भारद्वाज ने तहरीर देकर बताया कि अपनी बुलेट से पुल जटवाड़ा की ओर जा रहा था। पांवधोई चौक के पास सुशांत शर्मा उर्फ सोनू पटवारी निवासी, मोहल्ला चाकलान, ऋषभ सैनी निवासी नीलखुदाना ज्वालापुर व दो अन्य अज्ञात युवक पर एक बुलेट व एक स्कूटी रॉन्ग साइड में लहरा-लहरा कर चल रहे थे। अभिषेक ने आगे निकलने के लिए अपनी बुलेट से हॉर्न दिया तो आगे चल रहे चारों युवक आग बबूला हो गए। तैश में आकर उसे पांवधोई चौक के मंदिर के गेट के सामने रोककर बुलेट से धक्का देकर गिराया और लात घूसों व थप्पड़ों से हमला कर दिया। साथ ही गालियां देने लगे। तभी उधर से गुजर रहे सुधीर शर्मा, कार्तिक त्रिपाठी निवासी कनखल डेया निवासी डाट मोहल्ला ज्वालापुर और शोभित भारद्वाज निवासी धीरवाली ज्वालापुर आदि ने उसकी जान बचाई। धमकी देकर भाग गए।अचानक हुए हमले से अभिषेक की तबीयत खराब हो गई और गुम चोट आने के कारण वह सदमे में आ गया। इलाज कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे पर दो कारों की भिड़ंत, दो घायल

**रूड़की, एजेंसी।** रोडवेज बस अड्डे के पास दो कारें आपस में भिड़ गईं। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में दोनों कार भी क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस के अनुसार दिल्ली के रोहिणी नगर निवासी अजीत हरिद्वार जा रहे थे। सोमवार देर रात करीब दो बजे कार मंगलौर रोडवेज बस अड्डे के पास पहुंचे तो रुड़की की ओर से आ रही एक कार से उनकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार में सवार अजीत व दूसरी कार चालक पुष्पेंद्र निवासी रुड़की घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया।

## नशा नहीं, रोजगार दो को लेकर युवा कांग्रेस का सचिवालय कूच, पुलिस से झड़प

**देहरादून, एजेंसी।** नशा, बेरोजगारी, निकाय और पंचायत चुनाव को मुद्दा बनाकर यूथ कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सचिवालय कूच किया। पुलिस ने सुभाष रोड पर बैरिकेडिंग कर रोक लिया। यहां कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेसी बैरियर पर चढ़ गए। पुलिस ने बल प्रयोग कर राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेताओं सहित करीब 30 नेताओं को हिरासत में ले लिया और सभी को पुलिस लाइन ले गई। जहां से चेतावनी देकर सभी को छोड़ दिया गया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के आह्वान पर प्रदेशभर से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता रेंजर्स ग्राउंड में एकत्र हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि बेरोजगारी और नशाखोरी पूरे देश में है, लेकिन इसे रोकने के लिए बीजेपी सरकार कुछ नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी युवाओं के बारे में सोचने के बजाय अपने मित्र अडानी के बारे में सोच रहे हैं, कि उसको जेल जाने से कैसे बचाया जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम सरकार ने अग्निवीर योजना लागू कर किया। लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। हम सब इस लड़ाई को पूरी ताकत से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि रिश्वत देने वालों की नौकरी लग रही है, लेकिन जो मेहनत करते हैं, वह बेरोजगार बैठे हैं। सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि सरकार युवाओं को नशे में झोंक रही है। युवा बेरोजगार होते जा रहे हैं। वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि देहरादून में 100 से ज्यादा विदेशी शराब की दुकानें हैं। तीर्थ के रूप में पहचान बनाने वाला उत्तराखंड शराब, खनन और सूखे नशे का गढ़ बनता जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने सुनी राज्य आंदोलनकारियों की समस्याएं

**देहरादून, एजेंसी।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को आमंत्रित कर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। जिलाधिकारी ने आंदोलनकारियों से कहा कि राज्य के सभी लोग आंदोलनकारियों के योगदान के ऋणी हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों की समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय पर्वों पर राज्य आंदोलनकारियों के बैठने के लिए आगे का स्थान आरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि जिन लंबित बिंदुओं पर शासन स्तर से निर्णय होना है, ऐसे प्रकरण शासन को भेजे जाएंगे। डीएम ने निर्धारित तिथि तक के समस्त प्रकरण की पत्रावली अधिकारियों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा, 2021 की कट ऑफ डेट से पूर्व के जो भी चिह्नीकरण हो चुके थे, उन सबका रिकार्ड तलब किया गया। आंदोलनकारियों की पेंशन, प्रशस्तिपत्र और सम्मान के संबंध में डीएम ने विस्तृत वार्ता की।

## कारिडोर हटाओ: हरिद्वार बचाओ अभियान को धार देगी कांग्रेस, चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

**हरिद्वार, एजेंसी।** शिवमूर्ति स्थित खण्डूजा भवन में गुरुवार को महानगर कांग्रेस कमेटी व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में कारिडोर की डीपीआर सार्वजनिक करने को लेकर व कारिडोर हटाओ-हरिद्वार बचाओ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाकर आंदोलन को धार देने पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी



उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि कारिडोर की डीपीआर सार्वजनिक करने व कारिडोर हटाओ-हरिद्वार बचाओ अभियान को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर आंदोलन को धार दी जाएगी। मंडल अमन शर्मा और निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव ने कहा कि सरकार को किसी भी कीमत पर हरिद्वार के पौराणिक स्वरूप को नष्ट नहीं करने दिया जाएगा। व्यापारी नेता अरूण राघव ने सरकार की चुप्पी पर सवाल खड़े किए और कहा कि भाजपा हरिद्वार की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। व्यापारी नेता गौरव खण्डूजा और शिवम चौहान ने कहा कि कारिडोर योजना से हरिद्वार शहर की पौराणिक व धार्मिक स्वरूप को नष्ट करने का काम करना चाहती है जिसे व्यापारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## हज यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए ट्रेनरों के आवेदन मांगे गए

**रूड़की, एजेंसी।** हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई सर्कुलर ने हज यात्रा के लिए चयनित यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनरों के ऑनलाइन आवेदन करने के लिए 4 से 13 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की है। इसके लिए आवेदक को हज व उमरा किया होना अनिवार्य होना चाहिए। 30 दिसंबर 2024 तक 25 से 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले ही आवेदन के लिए पात्र होंगे।

उत्तराखंड राज्य हज समिति के हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने बताया कि हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने अवगत कराया है कि इच्छुक आवेदक सर्कुलर में दिए गए निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करें। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी और एक-एक फोटो व अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों की कॉपी 15 दिसंबर तक उत्तराखंड हज समिति के कार्यालय हज हाउस पिरान कलियर में जमा करा दें।

# केजरीवाल का सनसनीखेज खुलासा

## केजरीवाल की मांग, 18 अक्टूबर के बाद से दिल्ली चुनाव तक एक भी वोट काटने की अनुमति न दी जाए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली में बड़ी संख्या में वोट कटवाने की भाजपा की साजिश का सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने मीडिया सबूतों के जरिए साबित किया कि किस तरह भाजपा दिल्ली में बड़े पैमाने पर आम आदमी पार्टी के समर्थकों के वोट कटवा रही है। उन्होंने मांग की है कि 18 अक्टूबर के बाद से दिल्ली चुनाव तक एक भी वोट काटने की अनुमति न दी जाए। भाजपा की यह करतूत लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। चुनाव आयोग से हम इस वोट डिलीशन घोटाले की जांच की मांग करते हैं। उन्होंने शाहदरा विधानसभा में वोट काटने के लिए भाजपा की ओर से आए आवेदन को दिखाते हुए कहा कि भाजपा ने 11,018 वोट काटने के लिए आवेदन दिया है। जब हमने इसमें से 500 लोगों को जांच कराई तो पाया कि इनमें से 372 (75 फीसद) लोग जीवित हैं और उसी पते पर आज भी रह रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, सांसद राघव चड्ढा और जितेंद्र सिंह शंटी भी मौजूद रहे।

हमने 11018 आवेदनों में से 500 की जांच की तो 372 लोग ऐसे मिले जो जीवित हैं और उसी पते पर रह रहे हैं - केजरीवाल पार्टी मुख्यालय में यह खुलासा करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि शाहदरा विधानसभा में भाजपा ने पिछले एक महीने के अंदर 11,018 वोट कटवाने की एप्लीकेशन दी है। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने मीडिया में वो सारे एप्लीकेशन दिखाए। जिसमें हर पेज के ऊपर भाजपा के पदाधिकारी के दस्तखत हैं। भाजपा ने बकायदा अपने लेटर हेड के ऊपर वोट कटवाने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि यह लोग 11 हजार लोगों के वोट कटवाने की एप्लीकेशन बीते एक-डेढ़ महीने में पहले से ही दे चुके हैं। और यह सिलसिला जारी है। हर दूसरे-तीसरे दिन आते हैं और हजार-पांच सौ लोगों के वोट कटवाने की एप्लीकेशन दे जाते हैं। चुनाव तक पता नहीं अकेले शाहदरा में ही और कितने वोट कटवाएंगे।भाजपा ने इन आवेदनों में कहा है कि यह 11,018 लोग या तो शिफ्ट हो गए हैं या मर गए हैं। हमारे लिए इतने कम समय में सारे 11018 आवेदनों की तहकीकात करना संभव नहीं था, इसलिए हमने इसमें से यूं ही 500 लोग छांटे। इनमें से कई लोग कच्ची कालोनियों और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोग हैं। कई बार इनका पता मिलना मुश्किल हो जाता है। हमें कई पते नहीं मिले, लेकिन जो पता मिला उसमें 500 में से 372 लोग ऐसे मिले जो वहीं रह रहे हैं। भाजपा ने जिनके वोट कटवाने की एप्लिकेशन दी है, उनमें ज्यादातर लोग आप के वोटर हैं - केजरीवाल ने उन सभी 372 लोगों के नाम और पते की सूची दिखाते हुए कहा कि हमने इन लोगों का पता लगाया है, जिनके नाम भाजपा की लिस्ट में शामिल हैं कि उनके नाम काट दिए जाएं। क्योंकि उनका कहना है कि ये लोग कहीं और बस गए हैं या शिफ्ट कर गए हैं। जबकि ये लोग आज भी वहीं रह रहे हैं। इसका मतलब 500 में से 372 लोग, उसके अलावा कई लोग ऐसे भी थे जिनके पते नहीं मिले। यानि इसका मतलब है कि 75 फीसद इनकी लिस्ट गड़बड़ है। हमने तो 500 लोगों का एक सैंपल साइज लिया था। उसमें जब हमने देखा तो 372 लोग सही मिले। इसका मतलब जो 11 हजार लोगों की लिस्ट दी गई है। उसमें 75 फीसद से ज्यादा लोग अपनी जगह सही हैं। वह लोग वहीं रह रहे हैं। जिनका वोट कटवाने के लिए उनका नाम जाला गया है। कई लोगों के पते नहीं मिले। हो सकता है अगर उनके पते मिल जाते तो बाकी भी मिल जाते। जब हमने इन लोगों से पूछा तो इसमें से अधिकतर हमें आम आदमी पार्टी के वोटर मिले।

शाहदरा में 1,86,362 वोटर हैं, भाजपा 11 हजार (6 फीसद) वोट कटवाना चाहती है, जबकि पिछली बार आप यहां से मात्र 5,294 वोट से जीती थी, फिर चुनाव का क्या मतलब?- केजरीवाल ने कहा कि शहादरा विधानसभा में कुल 1 लाख 86 हजार 362 वोट हैं। इसमें से भाजपा 11 हजार वोट कटवाना चाहती है। यानि एक ही विधानसभा से 6 फीसद वोट डिलीट करवाने का आवेदन चुनाव आयोग के पास आ चुका है। अभी पता नहीं कितनी और आएंगी। अगर आप एक विधानसभा से 6 फीसद वोट कटवा देंगे तो चुनाव का मतलब ही क्या रह जाएगा? वो भी ऐसे लोगों के वोट जो रह रहे हैं, जिनकी मृत्यू नहीं हुई है। पिछली बार आम आदमी पार्टी शहादरा विधानसभा से मात्र 5,294 वोट से जीती थी। और ये लोग हमारे 11 हजार वोट कटवा रहे हैं। चुनाव आयोग की भूमिका भी संदिग्ध, उसकी बेवसाइट पर अब तक वोट काटने के मात्र 487 एप्लिकेशन अपलोड हैं, इसका मतलब 11 हजार आवेदनों पर चोरी-छिपे काम चल रहा है केजरीवाल ने आगे कहा कि इसमें चुनाव आयोग की भूमिका बहुत संदिग्ध है। चुनाव आयोग का एक नियम है। रोजाना जितने लोगों के वोट कटने का आवेदन आता है। चुनाव आयोग को उसकी जानकारी अपनी वेबसाइट पर फॉर्म नंबर 10 में डालनी होती है।, और बताना होता है कि वह उसपर कार्रवाई कर रहा है। लेकिन आपको बड़े आश्चर्य की बात है कि कल (गुरुवार) तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर शहादरा विधानसभा से मात्र 487 आवेदन हटाने के लिए दिखाई जा रही है। इसका मतलब भाजपा ने जो 11 हजार आवेदन दिए हैं, उसपर चोरी-छिपे काम चल रहा है। चुनाव आयोग ने उसे अपनी वेबसाइट पर नहीं डाला है। जबकि 11 हजार आवेदन अकेले भाजपा ने दी हैं, यानि चुनाव आयोग भाजपा द्वारा किए गए आवेदनों को अपनी वेबसाइट पर दिखा ही नहीं रहा है। जबकि चुनाव आयोग उसपर कार्रवाई शुरू कर चुका है। उसका सबूत यह है कि चुनाव आयोग ने 22 नवंबर को यह आदेश पास किया है। जिसमें चुनाव आयोग भाजपा की लिस्ट को अटैच करके कह रहा है कि भाजपा की जितनी एप्लीकेशन आई हैं उसपर कार्रवाई की जाए। यह चुनाव आयोग का आदेश है। चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर सरेआम देश के नागरिकों से वोट का अधिकार छीन रहे हैं- केजरीवाल।

# बच्चों के पेट से निकले सिक्के, चाबी और झुमका, सफदरजंग अस्पताल में कई केस ऐसे आए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



तेजाब की बिक्री पर प्रतिबंध है, फिर भी बाजार में तेजाब बिक रहा है। लोग घरों में असुरक्षित तरीके से तेजाब रखते हैं, जिसे अनजाने में पीकर कई बच्चे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं। वहीं, कई बच्चे सिक्के, चाबी, झुमका आदि वस्तुएं भी अनजाने में निगल लेते हैं, जिनकी इमरजेंसी एंडोस्कोपी की जरूरत पड़ती है। साथ ही बच्चों में लिवर व पेट से संबंधित कई गंभीर बीमारियां भी बढ़ रही हैं। इन सब के मद्देनजर सफदरजंग अस्पताल में अब दस किलोग्राम से कम वजन वाले व समय पूर्व जन्मे (प्री-मैच्योर) बच्चों की भी एंडोस्कोपी की सुविधा शुरू की गई है। बता दें कि अस्पताल में बीती 14 नवंबर को पीडियाट्रिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी व एंडोस्कोपी यूनिट शुरू की गई है, जिसमें दस किलोग्राम से कम वजन व समय पूर्व जन्मे (प्री-मैच्योर) बच्चों की भी एंडोस्कोपी की सुविधा है। कहीं भी सिर्फ बच्चों के लिए एंडोस्कोपी यूनिट नहीं

अस्पताल प्रशासन का दावा है कि सफदरजंग देश का पहला सरकारी अस्पताल है, जहां बच्चों के लिए अलग से गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी व एंडोस्कोपी यूनिट शुरू हुई है। वैसे दिल्ली में एम्स, जीबी पंत, यकृत व पित्त विज्ञान संस्थान (आइएलबीएसस) सहित कई बड़े सरकारी अस्पतालों में वयस्क मरीजों के लिए लगी एंडोस्कोपी मशीन से बच्चों की भी एंडोस्कोपी होती है, लेकिन कहीं भी सिर्फ बच्चों के लिए एंडोस्कोपी यूनिट नहीं है।

सफदरजंग अस्पताल में भी पहले वयस्क मरीजों के लिए लगी एंडोस्कोपी मशीन से सप्ताह में दो दिन बच्चों की एंडोस्कोपी होती थी। बच्चों की एंडोस्कोपी करना ज्यादा चुनौतीपूर्ण अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. संदीप बंसल ने कहा कि पहले प्री-मैच्योर व दस किलोग्राम से कम वजन वाले बच्चों की एंडोस्कापी अस्पताल में नहीं हो पाती थी।

बताया कि बच्चों के आंत का आकार बहुत छोटा होता है। इसलिए बच्चों की एंडोस्कोपी करना ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है। अब बच्चों के लिए अलग से एंडोस्कोपी यूनिट शुरू होने से एक किलोग्राम वजन के बच्चों की भी एंडोस्कोपी होने लगी है।

एक महीने में की गई 80 बच्चों की एंडोस्कोपी पीडियाट्रिक विभाग के प्रमुख डॉ. रत्न गुप्ता ने बताया कि यह एंडोस्कोपी यूनिट 24 घंटे खुली रहती है। पीडियाट्रिक विभाग के प्रोफेसर डॉ. श्याम एस मीना ने बताया कि एक महीने में 70 से 80 बच्चों की एंडोस्कोपी की गई है, जिसमें से 80 प्रतिशत बच्चे दूसरे अस्पतालों से स्थानांतरित करके लाए गए थे।

लिवर की बीमारी, सीलिएक रोग, आंत से खून निकलने आदि बीमारियों से ग्रसित बच्चों की एंडोस्कापी होती है। तेजाब पीने वाले बच्चे भी पहुंचे अस्पताल वहीं, पिछले दो माह में 12 बच्चे तेजाब पीकर अस्पताल पहुंचे हैं। तेजाब के दुष्प्रभाव से भोजन नली संकुचित हो जाती है। ऐसे बच्चों का 12 से 48 घंटे के भीतर एंडोस्कोपी करना जरूरी होता है। एंडोस्कापी के जरिए बैलून से भोजन नली को फूला दिया जाता है। हाल ही में 15 माह के बच्चे के पेट से सोने का झुमका निकाला गया।

पर्यटन वीजा पर आए पाकिस्तान के एक बच्चे के पेट से भारतीय सिक्का निकाला गया। एक अन्य बच्चे के पेट से तीन सिक्के निकले। इसलिए जरूरी है कि माता-पिता बच्चों पर नजर रखें। पीडियाट्रिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी व एंडोस्कोपी यूनिट में 10 बेड का डे-केयर भी है। इसलिए मरीजों को बेहतर सुविधा मिल पा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सुरेंद्र पाल सिंह आप में शामिल




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तिमारपुर सीट से दो बार विधायक रहे सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने सिंह का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि विकास कार्यों में उनका अनुभव पार्टी की मदद करेगा।

सिसोदिया ने कहा, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में आप द्वारा जो बेहतर विकास कार्य किए गए हैं, उनसे प्रेरित होकर सिंह आज हमारी पार्टी में शामिल हो रहे हैं और मुझे विश्वास है कि उनका अनुभव पार्टी को अच्छा काम जारी रखने में मदद करेगा। पार्टी में शामिल होने के बाद सिंह ने कहा, केवल एक ही पार्टी है जो आम लोगों की जरूरतों को सही मायने में समझती है और मैं आप के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करूंगा। सिंह तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं। दिल्ली में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2020 के चुनावों में 70 में से 62 सीट जीतने वाली आप इस बार भी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की उम्मीद कर रही है।

# शादी डॉट कॉम पर प्रोफाइल बनाने वाले सावधान, यहां भी हो रही ठगी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

क्राइम ब्रांच की टीम ने पुलिस हिरासत से फरार एक आरोपित को गिरफ्तार किया है जो शादी डॉट कॉम से निर्दोष विधवा महिलाओं को निशाना बनाता था और फर्जी शादी कर उनके पैसे, गहने और अन्य घरेलू सामान लूटकर भाग जाता था। आरोपित की पहचान शास्त्री पार्क निवासी मुकीम खान के रूप में हुई है जो पहले भी धोखाधड़ी और चोरी के छह मामलों में शामिल रहा है। क्राइम ब्रांच के उपायुक्त संजय कुमार सैन के मुताबिक, पुलिस हिरासत से फरार होने के बाद से हवलदार सुनील लगातार उसके बारे में जानकारी जुटाने में लगे हुए थे।

कई मोबाइल नंबरों से जानकारी जुटाने के बाद उसकी लोकेशन मध्य प्रदेश के भोपाल में पता चली। टीम भोपाल गई और रात भर भोपाल रेलवे स्टेशन के आसपास कई होटलों और गेस्ट हाउस में उसकी तलाश की।

लेकिन आरोपित बार-बार अपना स्थान बदल रहा था। चार दिसंबर को जानकारी मिली कि मुकीम झेलम एक्सप्रेस ट्रेन से जम्मू की ओर जा रहा है। कार्रवाई करते हुए टीम ने उसे धौलपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ लिया।

हाई प्रोफाइल कामकाजी महिलाओं को बनाता था निशाना



पूछताछ में पता चला कि आरोपित शादी डॉट कॉम वेबसाइट के जरिए विधवा महिलाओं को शादी का झांसा देकर उनसे पैसे ऐंठता था। वह खुद को सफल व्यवसायी बताकर हाई प्रोफाइल कामकाजी महिलाओं को निशाना बनाता था। उनसे फर्जी शादी करता था और कुछ समय बाद नकदी और घर का सामान लेकर फरार हो जाता था। उसने कई महिलाओं से ठगी की है, जिसके लिए उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश में धोखाधड़ी व चोरी के चार मामले भी दर्ज हैं। रिमांड के दौरान पुलिस हिरासत से भागा था मूल रूप से यूपी के प्रतापगढ़ के गांव घरेसर का रहने वाला मुकीम धोखाधड़ी कर लूटपाट के मामले वांछित था, जिसे इसी वर्ष एक सितंबर को प्रीत विहार के आइओ द्वारा पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान वह पुलिस हिरासत से भाग गया था और तब से फरार था।

# दक्षिणी दिल्ली के होटल में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में स्थित एक होटल में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अग्निकांड में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी ने कहा, हमें ग्रेटर कैलाश इलाके में स्थित हमारा होटल में आग लगने के संबंध में सुबह साढ़े नौ बजे सूचना मिली और हमने तुरंत दमकल के चार वाहनों को मौके पर भेज दिया। आग पर नियंत्रण पा लिया गया है।

# नॉनवेज प्रेमियों के लिए सरस फूड फेस्टिवल बना स्वाद का केंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सरस फूड फेस्टिवल 2024 का आयोजन 1 दिसंबर से 17 दिसंबर तक किया जा रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस उत्सव में देशभर के 25 राज्यों की 150 महिला उद्यमी और स्वयं सहायता समूह अपनी विशिष्ट पाक-कला का प्रदर्शन कर रही हैं। यह फूड फेस्टिवल खासतौर पर नॉनवेज प्रेमियों के लिए एक अनोखा अनुभव बन गया है। आंध्र प्रदेश के हैदराबादी दम बिरयानी, तेलंगाना के मटन बिरयानी और जम्मू-कश्मीर के विशेष नॉनवेज व्यंजन जैसे कई प्रसिद्ध व्यंजन यहां परोसे जा रहे हैं। खानपान और संस्कृति का संगम फूड फेस्टिवल में राजस्थान के दाल बाटी चूरमा और गट्टे की सब्जी से लेकर बंगाल की फिश करी और असम के मशरूम मोमोज जैसे व्यंजन हर किसी को आकर्षित कर रहे हैं।

# आबकारी नीति: धन शोधन मामले में केजरीवाल की याचिका पर अदालत का सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने धन शोधन के एक मामले में उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने कहा, मामले की सुनवाई उसी तारीख (20 दिसंबर) को होगी। मेरे पास सुनवाई के लिए और भी मामले हैं। केजरीवाल ने अपनी याचिका के संबंध में सुनवाई की तारीख 20 दिसंबर से आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। अदालत द्वारा सुनवाई की तारीख बदलने से इनकार करने के बाद केजरीवाल के वकील ने अनुरोध किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को याचिका पर उसके जवाब की प्रति अग्रिम रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाए। अदालत ने ईडी के वकील से कहा, आपने जो भी मामला दर्ज किया है, उसे उन्हें भी दे दीजिए। उच्च न्यायालय ने 21 नवंबर को धन शोधन मामले में केजरीवाल के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। केजरीवाल ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करने का अनुरोध किया और दलील दी कि विशेष अदालत ने उनके खिलाफ अभियोजन के लिए किसी मंजूरी के बिना आरोपपत्र पर संज्ञान लिया जबकि इसके लिए मंजूरी आवश्यक थी क्योंकि कथित अपराध के समय वह लोक सेवक थे। हालांकि, ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केजरीवाल पर मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी मिल गई है और वह एक हलफनामा दायर करेंगे। आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए निचली अदालत के नौ जुलाई के आदेश को रद्द करने के अनुरोध के अलावा केजरीवाल ने मामले में सभी कार्यवाही रद्द करने का भी अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाना कानून की नजर में गलत है, क्योंकि यह धारा 197 दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत अनिवार्य मंजूरी प्राप्त किए बिना किया गया। सीआरपीसी की धारा 197 (1) के अनुसार, जब कोई व्यक्ति जो न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट या लोक सेवक के पद पर है या था, जिसे सरकार की मंजूरी के बिना उसके पद से हटाया नहीं जा सकता, वह किसी अपराध का आरोपी है तो कोई भी अदालत पूर्व मंजूरी के बिना ऐसे अपराध का संज्ञान नहीं लेगी। उच्च न्यायालय ने 12 नवंबर को केजरीवाल की एक अन्य याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था, जिसमें उन्होंने धन शोधन मामले में एजेंसी की शिकायत पर उन्हें जारी समन को चुनौती दी थी।

# मेट्रो की येलो लाइन को नरेला तक बढ़ाने के लिये विजेंद्र गुप्ता ने केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केंद्रीय आवासन और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मिलेनियम सिटी सेंटर, गुरुग्राम से समयपुर बादली तक चल रही मेट्रो येलो लाइन को नरेला तक बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में उनके नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। बैठक में भाजपा सांसद वैजयंत जे. पांडा, अतुल गर्ग, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत, राज कुमार आनंद पूर्व विधायक करतार सिंह दिल्ली के सभी भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अभय वर्मा, अजय महावर और अनिल वाजपेई शामिल थे। इस अवसर पर डीडीए के उपाध्यक्ष, आवासन और शहरी विकास मंत्रालय के सचिव, एल एंड डीओ विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री को दिए गए ज्ञापन में विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में मेट्रो के येलो लाइन कॉरिडोर के अंतर्गत समयपुर बादली तक ही मेट्रो की सेवा उपलब्ध है। इसका विस्तार कर इसे सिरसपुर मेट्रो डिपो तक ले जाने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार पहले ही अपनी स्वीकृति दे चुकी है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

पत्र सं. 6-SEFile-233787Tender दिनांक : 06.12.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 6-SEFile-233787Tender |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | ''कार्य के दायरे के अनुसार एमएलआर अनुसूची के दौरान 10 शताब्दी कोचों का नवीनीकरण'' |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 22849462.68/– जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 264300/– |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से छह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 27.12.2024 खुलने का समय 13:00 बजे |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3748/24

# डॉ. बी.आर. अंबेडकर कॉलेज में आयोजित बाबा साहब के महा परिनिर्वाण दिवस समारोह में शामिल हुए : गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को डॉ. बी. आर. अंबेडकर कॉलेज में आयोजित बाबा साहब के महा परिनिर्वाण दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके जीवन संघर्षों से सभी को प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक परिस्थितियों से जूझते हुए भी भविष्य के भारत निर्माण का रास्ता बनाने के लिए संघर्ष किया। बाबा साहब का सिर्फ नाम लेने से कुछ नहीं होगा, बल्कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए रिस्क भी उठाना पड़ेगा। देश को अगर आगे बढ़ाना है, तो सच बोलना पड़ेगा। डरकर जीने वाला दुनिया के इतिहास में कुछ नया नहीं कर सकता है। कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भारत की भूमि पर असंख्य गणमान्य हैं। हमारे पुरोधा, वेद से लेकर विज्ञान तक के जानकर, संस्कृति और सभ्यता के धरोहर के निमार्ता असंख्य हैं। लेकिन भारत की तमाम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों से चौतरफा जूझते हुए और भविष्य के भारत के निर्माण का रास्ता बनाने का जिस तरह का संघर्ष, जद्दोजहद और आत्मबल बाबा साहब ने दिखाया, ऐसा उदाहरण भारत के इतिहास में कहीं नहीं मिलता है। क्योंकि आम तौर पर जब भारत का इतिहास हम पढ़ते हैं, सिंधु घाटी की सभ्यता से लेकर आज तक, जितने राष्ट्र, संस्कृति और समाज के नायकों का नाम हम जानते हैं, उनमें से 99 फीसदी वह नाम हैं, जो भारतीय समाज के संपन्न और तथाकथित सम्मानित समाज से पैदा होकर आते हैं। इतिहास के पन्नों में ऐसे लोगों की फेहरिस्त जरूर रही होगी लेकिन इतिहास लेखन करने वालों की चिंतन और दृष्टिकोण की पढ़ाई रही होगी, उसमें शायद वह हाशिए पर छूट गए और उन नामों को आज हम नहीं जानते।

गोपाल राय ने कहा कि भारत का या दुनिया के किसी भी देश का रहने वाला इतिहासकार हो। ब्रिटिश राज के दौरान जब भारत का इतिहास लिखा जा रहा था, तो वह अपने दृष्टिकोण से लिख रहे थे। भारतीय इतिहासकार भी अपने दृष्टिकोण से लिखते हैं। दुनिया के अंदर से जो जज्बा भारत के इतिहास को खंगालने का है, वो अपने तरह से देखता है। लेकिन चाहे भारत की मिट्टी का पैदा हुआ इतिहासकार हो, चाहे ब्रिटिशकाल का इतिहासकार हो, चाहे दुनिया के किसी मुल्क का इतिहासकार हो, किसी की लेखनी में इतनी ताकत नहीं है कि भारत के इतिहास को लिखे और डॉ. भीमराव अंबेडकर के इतिहास को कहीं भी नजरअंदाज कर दे। यह ताकत, क्षमता और प्रतिभा डॉ. भीमराव अंबेडकर ने पैदा की है।

गोपाल राय ने आगे कहा कि भारत के पास जितना खनिज पदार्थ है, दुनिया के कम देशों के पास उतना खनिज पदार्थ है। भारत के पास जितना मैन पावर है। आज पूरी दुनिया की इकोनॉमी भारत की चरण वंदना सिर्फ इसलिए कर रही है कि भविष्य में सबसे सस्ता मैन पावर अगर कहीं मिल सकता है तो वह भारत है। मैन पावर की कमी नहीं है। दुनिया के लगभग 17 देशों में भारत के बेटे-बेटियां आज की तारीख में जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में अपने श्रम का योगदान देकर उन देशों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बौद्धिक क्षमता ना आदिकाल में भारत के पास कभी कम थी, ना आज कम है और ना भविष्य में कभी कमी पड़ने वाली है। दुनिया के तमाम आईटी क्रांति के पर्दे के पीछे खड़े होने वाले लोग हैं, वह सारे भारत के बेटे बेटियां हैं जो दुनिया के अंदर जाकर काम कर रहे हैं। कुदरत ने सब दिया है। खेत दिए, खलिहान दिया, आकाश दिया, पाताल दिया। लेकिन इस समग्र ऊर्जा को समाहित करके एक संकल्पित दिशा में आगे बढ़ाने के लिए बाबा साहब ने संविधान दिया। क्योंकि इतनी

# वॉटर ट्रांसवर्सेलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव का किया आयोजन

## आज पूरी दुनिया की इकोनॉमी भारत की चरण वंदना सिर्फ इसलिए कर रही है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वॉटर ट्रांसवर्सेलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि एक जटिल पहेली का संभावित उत्तर है, जहां पानी, ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य केवल हिस्से नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण ढांचा हैं। यह एक परिवर्तनकारी मंच है जो हमारे ग्रह के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन की बुनियादी परस्पर संबंधता को पहचानता है, डॉ. अरविंद कुमार ने 5 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली में वॉटर ट्रांसवर्सेलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव के उद्घाटन के अवसर पर कहा। इसका उद्घाटन भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों, राजमार्ग और परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, इंडिया वॉटर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार, यूएन ईएससीएपी के एसएसडब्लूए कार्यालय की निदेशक मिकिको तनाका और दिल्ली सर्कल के मुख्य डाकपाल कर्नल अखिलेश कुमार पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए इंडिया पोस्ट द्वारा एक विशेष आवरण भी जारी किया गया। अतिथियों ने डॉ. अरविंद कुमार की पुस्तक फ्राइडे म्यूजिंग्स का विमोचन किया, जो उनके फ्राइडे ब्लॉग का संकलन है, और उन्होंने दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया क्षेत्र के दस देशों पर के लिए डॉ. अरविंद कुमार द्वारा तैयार पर एक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। माननीय मंत्री ने इस आयोजन के लिए 23 संगठनों को एक साथ लाने की पहल के लिए डॉ. अरविंद कुमार को बधाई दी। वॉटर ट्रांसवर्सेलिटी ग्लोबल अवॉर्ड्स एंड कॉन्क्लेव का आयोजन इंडिया वॉटर फाउंडेशन द्वारा भारत सरकार के विद्युत, जल शक्ति, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग के दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया कार्यालय के समर्थन से किया गया। शॉम्बी शार्प ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने पानी, ऊर्जा और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर भारत सरकार के साथ मिलकर काम किया है, डॉ. चतुर्वेदी ने जोर दिया कि हमें ऐसी नीतियों को अपनाने की आवश्यकता है जो एकीकृत हों क्योंकि पानी, जलवायु और स्वास्थ्य सभी आपस में जुड़े हुए हैं। सुश्री तनाका ने कहा कि हमेशा उपक्षेत्र के देशों के बीच सहयोग और सहयोग की वकालत की है। हर किसी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उत्तर रेलवे

TENDER NOTICE

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 28, 30, 32, 33, 34 -2024-25-डब्ल्यू-5 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | 28) एडीईएन/टीकेडी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/ई/टीकेडी के खंड में ब्लॉक संख्या 101 से 105 के पास रेलवे कॉलोनी में बाहरी लोगों द्वारा अनधिकृत गतिविधियों को रोकने के लिए ओवर हेड टैंक संख्या 1 की सीढ़ी की मरम्मत और आरसीसी सीमा दीवार का प्रावधान। **कार्य का समान प्रकृति** : प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत |
| | | 30) एडीईएन/टीकेडी के अधीन टीकेडी रेलवे कॉलोनी में ब्लॉक नंबर 1 से 2, 71, 72, 73, 81 से 84 और विभिन्न अन्य ब्लॉकों में क्षतिग्रस्त/टूटे दरवाजों, खिड़कियों, ग्रिलों की मरम्मत और शौचालय, स्नानघर, रसोईघर की मरम्मत और क्वार्टरों की टपकती छत में सुधार। **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | | 32) 2024–2025 के लिए ADEN/TKD के अंतर्गत विभिन्न प्रमुख और छोटे पुलों की वार्षिक मरम्मत। **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | | 33) 2024–2025 के लिए ADEN/HNZM के अंतर्गत विभिन्न प्रमुख और छोटे पुलों की वार्षिक मरम्मत। **कार्य की समान प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | | 34) नई दिल्ली–पलवल – टीआरआर(पी)–17.482 टीकेएम और एनजेडएम–पीटीएनआर–टीआरआर(पी)–0.878 टीकेएम एसएसई/पी.वे./एफडीबी और एचएनजेडएम खंड में एडीईएन/टीकेडी और एचएनजेडएम के अधीन। **कार्य की समान प्रकृति**: सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक को डी–स्ट्रेस करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैम्पिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 28) रुपये 5500997.28 30) रुपये 5995465.84 32) रुपये 5499343.74 33) रुपये 5499869.20 34) रुपये 48753981.27 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट: रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 28) रुपये 110000.00 30) रुपये 119900.00 32) रुपये 110000.00 33) रुपये 110000.00 34) रुपये 393800.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 28) 06 महीने 30) 06 महीने 32) 09 महीने 33) 09 महीने 34) 10 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 31.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा 31.12.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलबध है। |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-V/28, 30, 32, 33, 34 Date 06.12.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3758/24

# केजरीवाल के शासन मॉडल से प्रभावित पूर्व विधायक सुरेन्द्र पाल सिंह बिट्टू आप में शामिल : सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी लगातार मजबूत होती जा रही है। शुक्रवार को सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। वह पहले भी आम आदमी पार्टी का हिस्सा रह चुके है। वह दो बार विधायक और निगम पार्षद भी रह चुके हैं। आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में उनको पटका और टोपी पहनाकर आप परिवार की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि एकमात्र आम आदमी पार्टी है, जो आम आदमी और दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है। हमें उम्मीद है कि सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू के लंबे राजनीतिक अनुभव का दिल्ली की जनता को फायदा मिलेगा। वहीं, सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू ने कहा कि सिर्फ आम आदमी पार्टी ही आम लोगों के दर्द को समझती है और हर जरूरत मंद की जरूरतों को पूरा करती है ।

पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर मनीष सिसोदिया ने कहा कि मैं सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू का आम आदमी पार्टी में बहुत-बहुत स्वागत करता हूं। मुझे खुशी है कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गवर्नेंस और दिल्ली में शिक्षा, बिजली, पानी, महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार और बाकी सब कामों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी जॉइन करने का निर्णय लिया है। क्योंकि आम आदमी पार्टी ही एकमात्र पार्टी है, जो आम आदमी के लिए काम करती है, दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है। सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू पहले भी दो बार विधायक रह चुके हैं और निगम पार्षद रह चुके हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि उनके राजनीतिक अनुभव का आम आदमी पार्टी और पूरी दिल्ली की जनता को फायदा मिलेगा। हमें उम्मीद है कि हम सब लोग मिलकर दिल्ली के लोगों के लिए और अच्छे काम कर पाएंगे।

आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि आज बहुत खुशी की बात है कि आम आदमी पार्टी की नीतियों और अरविंद केजरीवाल के गवर्नेंस के मॉडल से प्रभावित होकर सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू तिमारपुर विधानसभा से 2002 में निगम पार्षद रहे हैं। उसके बाद वह लगातार दो बार तिमारपुर विधानसभा से विधायक रहे हैं। वह किसी परिचय के मोहताज नहीं है। वह जनता के बीच अपनी कार्यशैली और कामों के लिए पहचाने जाते हैं।

वहीं, इस मौके पर सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू ने कहा कि जो आम आदमी पार्टी, एक आम आदमी के दर्द को समझने वाली पार्टी है। इसलिए इसे आम आदमी पार्टी कहा जाता है। हर छोटे से लेकर बड़े आदमी का दर्द और उसकी जरूरतें को आम आदमी पार्टी समझती है। अरविंद केजरीवाल गरीबों के मसीहा हैं। इसलिए मन में आया कि हम भी उनके साथ साथ कंधे से कंधे से मिलाकर इस राह में आगे बढ़ें, जहां यह पार्टी लोगों का भला करने के लिए काम कर रही है।

सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू के बारे में सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू एक अनुभवी राजनेता हैं, जो 2003 और 2008 में दो बार तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए और 2017 में आम आदमी पार्टी से जुड़े। सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू ने 1977 में अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की और अपना दशकों का अनुभव लेकर आम आदमी पार्टी में आए हैं। ग्राउंड लेवल पर आम जनता से उनका जुड़ाव आगामी चुनावों में आम आदमी पार्टी की जीत की संभावनाओं को और बल देगा।बिट्टू आम आदमी पार्टी की विचारधारा में विश्वास रखते हैं और शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में गरीबों और पिछड़ों के लिए पार्टी के कार्यों से प्रभावित हैं।

# शादी डॉट कॉम पर प्रोफाइल बनाने वाले सावधान, यहां भी हो रही ठगी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



क्राइम ब्रांच की टीम ने पुलिस हिरासत से फरार एक आरोपित को गिरफ्तार किया है जो शादी डॉट कॉम से निर्दोष विधवा महिलाओं को निशाना बनाता था और फर्जी शादी कर उनके पैसे, गहने और अन्य घरेलू सामान लूटकर भाग जाता था। आरोपित की पहचान शास्त्री पार्क निवासी मुकीम खान के रूप में हुई है जो पहले भी धोखाधड़ी और चोरी के छह मामलों में शामिल रहा है। क्राइम ब्रांच के उपायुक्त संजय कुमार सैन के मुताबिक, पुलिस हिरासत से फरार होने के बाद से हवलदार सुनील लगातार उसके बारे में जानकारी जुटाने में लगे हुए थे।

कई मोबाइल नंबरों से जानकारी जुटाने के बाद उसकी लोकेशन मध्य प्रदेश के भोपाल में पता चली। टीम भोपाल गई और रात भर भोपाल रेलवे स्टेशन के आसपास कई होटलों और गेस्ट हाउस में उसकी तलाश की। लेकिन आरोपित बार-बार अपना स्थान बदल रहा था। चार दिसंबर को जानकारी मिली कि मुकीम झेलम एक्सप्रेस ट्रेन से जम्मू की ओर जा रहा है। कार्रवाई करते हुए टीम ने उसे धौलपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ लिया। हाई प्रोफाइल कामकाजी महिलाओं को बनाता था निशाना पूछताछ में पता चला कि आरोपित शादी डॉट कॉम वेबसाइट के जरिए विधवा महिलाओं को शादी का झांसा देकर उनसे पैसे ऐंठता था। वह खुद को सफल व्यवसायी बताकर हाई प्रोफाइल कामकाजी महिलाओं को निशाना बनाता था। उनसे फर्जी शादी करता था और कुछ समय बाद नकदी और घर का सामान लेकर फरार हो जाता था। उसने कई महिलाओं से ठगी की है, जिसके लिए उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश में धोखाधड़ी व चोरी के चार मामले भी दर्ज हैं। रिमांड के दौरान पुलिस हिरासत से भागा था मूल रूप से यूपी के प्रतापगढ़ के गांव घरेसर का रहने वाला मुकीम धोखाधड़ी कर लूटपाट के मामले वांछित था, जिसे इसी वर्ष एक सितंबर को प्रीत विहार के आइओ द्वारा पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान वह पुलिस हिरासत से भाग गया था और तब से फरार था।

## केजरीवाल पर भाजपा ने लगाए गंभीर आरोप, वीरेंद्र सचदेवा से दागे कई सवाल




नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल डरे हुए हैं, क्योंकि रोहिंग्या व बांग्लादेशियों के फर्जी वोट पकड़े जा रहे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि भाजपा विधानसभा चुनाव में एक भी फर्जी वोट नहीं डालने देगी। उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी पर फर्जी मतदाताओं के नाम नहीं काटने के लिए अधिकारियों को धमकी देने का आरोप लगाया।

प्रेसवार्ता में मोतीनगर और त्रिलोकपुरी का वीडियो दिखाकर सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर फर्जी लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, वर्ष 2014 से आम आदमी पार्टी दिल्ली में फर्जी मतदाता बनाने में लगी हुई है। दिल्लीवासियों को किया जा रहा है भ्रमित

प्रत्येक विधानसभा चुनाव वाले वर्ष में लाखों नए मतदाता बनाए जा रहे हैं। वर्ष 2014-15 में दिल्ली में 13 लाख, 2019-20 में 10 लाख नए मतदाता बनाए गए। इस वर्ष सितंबर से नवंबर तक साढ़े पांच लाख नए मतदाताओं के लिए आवेदन दिए गए हैं। संभव है इसमें से बड़ी संख्या फर्जी मतदाताओं की हो। उन्होंने कहा, केजरीवाल प्रेसवार्ता कर दिल्लीवासियों को भ्रमित कर गलत आंकड़ा दे रहे हैं। केजरीवाल ने शाहदरा में 1.26 लाख मतदाता होने की बात कर रहे हैं। यह गलत आंकड़ा है। शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में 177 बूथ और 1.97 लाख मतदाता हैं। वहां के भाजपा कार्यकर्ता ने एक-एक बूथ पर फर्जी मतदाताओं की पहचान करने के बाद उनके नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए चुनाव आयोग के पास आवेदन किया है। इससे केजरीवाल को पीड़ा हो रही है। वह डरे हुए हैं। कानून का डर होना चाहिए। उन मतदाताओं को भी सचेत रहना चाहिए जिनके नाम दो स्थानों पर मतदाता सूची में है, क्योंकि उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो सकती है। सिर्फ शाहदरा में नहीं दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में फर्जी मतदाता पत्र बनवाए गए हैं।

मोतीनगर में सड़क पर मीटर लगाकर कई लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल कर दिया गया। इस विधानसभा क्षेत्र में 60,584 ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची में नाम मिले हैं जिनकी मृत्यु हो गई है या दूसरी स्थान पर चले गए हैं। राजौरी गार्डन में छोटे-छोटे घरों में 40 से 50 फर्जी मतदाता-भाजपा

इसी तरह से त्रिलोकपुरी में फर्जी वोट बने हैं। त्रिलोकपुरी में एक कमरे में 26 वोट बने हुए थे। मुस्तफाबाद, ओखला विधानसभा क्षेत्र व राजौरी गार्डन में छोटे-छोटे घरों में 40 से 50 फर्जी मतदाता हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी पर फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने पर एसडीएम को स्थानांतरण की धमकी देने का आरोप लगाया। कहा, यदि यह आरोप गलत है तो वह दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करें। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, केजरीवाल मतदाताओं के नाम कटवाने को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। सत्यापन व अन्य कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद ही किसी का नाम मतदाता सूची से हटाया जाता है। चुनाव में मतदान का अधिकार भारतीय नागरिकों का है। घुसपैठियों को यह अधिकार नहीं मिल सकता है।

## जामिया मिल्लिया इस्लामिया में शिया सिद्धांतों की शिक्षा शुरू करने की मांग

नई दिल्ली। लद्दाख के राजनीतिक कार्यकर्ता सज्जाद हुसैन करगिली ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू को ज्ञापन सौंपकर यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया में इस्लामी अध्ययन विभाग के तहत शिया समुदाय के सिद्धातों की शिक्षा शुरू करने का अनुरोध किया है। लद्दाख के सबसे बड़े इस्लामी संगठन जमीयत उल उलमा इस्ना अशरिया करगिल के प्रतिनिधि करगिली ने केंद्र से लद्दाख में एक आवासीय कोचिंग संस्थान स्थापित करने का भी अनुरोध किया, जिससे वहां के छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग(यूपीएससी), राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा सके। करगिली द्वारा बृहस्पतिवार को दिए गए इस ज्ञापन में लद्दाख के युवाओं को सशक्त बनाने और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए कई अन्य प्रस्ताव भी शामिल हैं।

इसमें युवाओं को शासन और नेतृत्व का प्रशिक्षण मुहैया कराने के मकसद से लद्दाख के युवाओं के लिए अल्पसंख्यक मंत्रालय के अंतर्गत एक विशेष फेलोशिप कार्यक्रम कराने का प्रस्ताव भी किया गया। इसके अलावा, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय से विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक लद्दाख के छात्रों को वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया गया है।

## बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए: केजरीवाल



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शाहदरा, जनकपुरी, लक्ष्मी नगर और अन्य सीट पर हजारों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग में आवेदन दाखिल किए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ने शाहदरा क्षेत्र में 11,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन किया है। जब हमने 500 नामों संबंधी आवेदन की समीक्षा की तो पता चला कि 75 प्रतिशत लोग अब भी वहां रह रहे हैं लेकिन उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में शाहदरा विधानसभा सीट पर आप ने करीब 5,000 मतों से जीत हासिल की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब उस निर्वाचन क्षेत्र में करीब 11,000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मतदाता आप समर्थक हैं। केजरीवाल ने निर्वाचन आयोग से शाम तक सभी आवेदनों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## जामिया मिल्लिया इस्लामिया में ह्यशिया सिद्धांतों की शिक्षा शुरू करने की मांग




नई दिल्ली। लद्दाख के राजनीतिक कार्यकर्ता सज्जाद हुसैन करगिली ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू को ज्ञापन सौंपकर यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया में इस्लामी अध्ययन विभाग के तहत शिया समुदाय के सिद्धातों की शिक्षा शुरू करने का अनुरोध किया है। लद्दाख के सबसे बड़े इस्लामी संगठन जमीयत उल उलमा इस्ना अशरिया करगिल के प्रतिनिधि करगिली ने केंद्र से लद्दाख में एक आवासीय कोचिंग संस्थान स्थापित करने का भी अनुरोध किया, जिससे वहां के छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग(यूपीएससी), राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा सके। करगिली द्वारा बृहस्पतिवार को दिए गए इस ज्ञापन में लद्दाख के युवाओं को सशक्त बनाने और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए कई अन्य प्रस्ताव भी शामिल हैं। इसमें युवाओं को शासन और नेतृत्व का प्रशिक्षण मुहैया कराने के मकसद से लद्दाख के युवाओं के लिए अल्पसंख्यक मंत्रालय के अंतर्गत एक विशेष फेलोशिप कार्यक्रम कराने का प्रस्ताव भी किया गया। इसके अलावा, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय से विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक लद्दाख के छात्रों को वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान करने का भी आग्रह किया गया है।

## रानी गार्डन स्थित झुग्गियों में लगी आग

नई दिल्ली। गीता कॉलोनी इलाके के रानी गार्डन स्थित झुग्गियों में गुरुवार देर रात आग लग गई। इन झुग्गियों में कई परिवार रह रहे थे। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग के अनुसार बीती देर रात 2.25 बजे सूचना मिली कि रानी गार्डन स्थित झुग्गियों में आग लग गई है। खबर मिलते ही 12 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जांच में पता चला कि लोगों ने यहां कुछ छोटे-छोटे गोदाम बना रखे हैं और बताया जा रहा है कि आग में 4-5 बकरियां भी जल गई हैं। वहीं झुग्गियों में रहने वाले एक और व्यक्ति ने बताया कि हमें नहीं पता कि आग कैसे लगी। वहीं घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव : आप के मुख्य सचेतक दिलीप पांडे ने टिकट नहीं मिलने का संकेत दिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक दिलीप पांडे ने शुक्रवार को संकेत दिया कि आगामी चुनाव में उन्हें तिमारपुर सीट से टिकट संभवतः नहीं मिलेगा। पांडे ने कहा कि अब उनके लिए कुछ और करने का समय आ गया है। तिमारपुर से विधायक दिलीप पांडे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस निर्वाचन क्षेत्र से कोई भी चुनाव लड़े, केवल अरविंद केजरीवाल ही दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे और लोग यह सुनिश्चित करेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में शाहदरा से आप विधायक और दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने केजरीवाल को एक पत्र लिखकर अपनी बढ़ती हुई उम्र का हवाला देते हुए चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की बात कही थी। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव फरवरी 2025 में होने हैं।

आप के मुख्य सचेतक दिलीप पांडे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजनीति में पहले संगठन निर्माण और फिर चुनाव लड़ने के दायित्व का निर्वहन करने के बाद, अब समय है कि आम आदमी पार्टी में ही रह कर कुछ और करने का। तिमारपुर विधानसभा में चुनाव जो भी लड़े, दिल्ली के मुख्यमंत्री तो अरविंद केजरीवाल जी ही बनेंगे, और हम सभी दिल्ली वाले मिल कर यह सुनिश्चित भी करेंगे। सिंगापुर में रहने वाले पूर्व सॉफ्टवेयर इंजीनियर पांडे भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में शामिल होने के लिए भारत वापस आये और बाद में अरविंद केजरीवाल द्वारा पार्टी बनाने के बाद वे आप के प्रमुख नेताओं में से एक बन गये। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्वांचली नेता पांडे ने 2019 में पार्टी के टिकट पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली की सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मनोज तिवारी से हार गए थे। पांडे ने कहा कि राजनीति में होने का उनको एकमात्र संतोष यह है कि आप सरकार ने बड़ी संख्या में आम आदमी और गरीब लोगों का जीवन आसान बना दिया है और कई बच्चों के लिए बेहतर जीवन की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त किया है।

# लाइफबॉय और दी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने लॉन्च किया एआई टीचर हिप्पो टूल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



विश्व में प्रसिद्ध लाइफबॉय और भारत के सबसे बड़े युवा संगठन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्वच्छता शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक गौरवपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। बाल दिवस 14 नवंबर को दोनों के संयुक्त तत्वधान में एआई-टीचर हिप्पो टूल का लॉन्च दिल्ली में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय पर आयोजित भव्य समारोह में किया गया ।एआई-टीचर हिप्पो एक बेहतरीन टूल है जो बच्चों को आकर्षक गेम, गाने और पेंटिंग की गतिविधियों के माध्यम से हाथ की स्वच्छता के बारे में सिखाने के लिए डिजाइन किया गया है। एआई-टीचर हिप्पो टूल लाइफबॉय के एच फॉर हैंडवाशिंग आंदोलन का हिस्सा है, जो बच्चों के लिए व्यक्तिगत हाथ धोने का अनुभव बनाने के लिए एआई और एआर तकनीक का उपयोग करता है। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ के अनुसार यह पहल ऐसे महत्वपूर्ण समय में आई है जब दुनिया भर में 646 मिलियन बच्चों के पास स्कूल में बुनियादी स्वच्छता सेवाओं का अभाव है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, अपने 6.3 मिलियन सदस्यों के साथ अनौपचारिक शिक्षा और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साझेदारी का लक्ष्य भारत के 9000 स्कूलों में 900,000 से अधिक बच्चों तक पहुचाना है, जिससे स्वच्छता शिक्षा के पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जा सके ।एआई-टीचर हिप्पो टूल को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल, आईएएस अधिकारी सेवानिवृत्त और आकाशवाणी के अतिरिक्त महानिदेशक अतुल गुप्ता द्वारा लॉन्च किया गया। माइक्रोसॉफ्ट और एयरकाड्र्स के सहयोग से विकसित यह टूल सीखने के लिए एक नया, प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण प्रदान करता है, जो आकर्षक अनुभव पैदा करता है और सकारात्मक प्रभाव डालता है । इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की ओर से प्रोजेक्ट का नेतृत्व कर रहे अरूप सरकार ने कहा शिक्षा सिर्फ तथ्यों को सीखने के बारे में नहीं है, बल्कि आदतों को संवारने के बारे में है। एआई-टीचर हिप्पो के साथ, हम अपनी तकनीकी क्षमताओं का उपयोग करके बच्चों में हाथों की स्वच्छता की जीवन रक्षक आदत को विकसित कर रहे हैं।

## मिठाई की कीमत महंगी लगने पर गाली-गलौज के बाद दो भाइयों ने चाकू से गोदा

नई दिल्ली। भागीरथी विहार में एक युवक दुकान पर मिठाई खरीदने के लिए पहुंचा। कर्मचारी ने मिठाई के दाम बताए तो युवक को महंगे लगे। मिठाई महंगी बेचने का आरोप लगाक युवक गालियां देने लगा। कर्मचारी ने गाली गलौज का विरोध किया। इससे नाराज होकर युवक ने अपने भाई को दुकान पर बुलाया। दोनों ने मिलकर कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। इस बीच चाकू निकालकर उसके पेट व सिर पर वार कर दिए। वारदात के बाद दोनों आरोपित फरार हो गए। जख्मी हालत में तसलीम नाम के कर्मचारी को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया। उसकी शिकायत पर दयालपुर थाना ने हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी की है। तसलीम अपने परिवार के साथ मुस्तफाबाद में रहता है। वह भागीरथी विहार में एक मिठाई की दुकान पर नौकरी करता है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जुबैर नाम का युवक दुकान पर मिठाई खरीदने के लिए आया था। युवक ने कर्मचारी से मिटाई की कीमत पूछी। कर्मचारी ने उसे 400 से लेकर एक हजार रुपये किलो की मिठाई दिखाई। मिठाई महंगी होने की बात कहकर उसने कर्मचारी के साथ गाली गलौज कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपित ने दो मिनट में दुकान में तोड़फोड़ करने की धमकी दी। कर्मचारी ने युवक से दुकान से बाहर जाने के लिए कहा तो उसने फोन करके अपने भाई बिलाल को बुलाया। दोनों ने कर्मचारी को पीटा और चाकू से हमला कर दिया।

# डॉ. अम्बेडकर को 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय की उत्तरी परिसर के कला संकाय में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों का स्मरण किया गया। बाबा साहेब के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी स्मृति में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्यभट्ट कॉलेज में प्रोफेसर के.पी. सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता फोरम के चेयरमैन प्रोफेसर हंसराज सुमन व मंच संचालन आर.के.सरोज ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, अविनाश, राज कुमार आदि छात्रों के अलावा बहुत से शोधार्थी भी उपस्थित थे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर हंसराज सुमन ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक सच्चे देशभक्त, राष्ट्रवादी व संविधान निमार्ता थे। डॉ.अम्बेडकर न केवल विधि विशेषज्ञ थे बल्कि अर्थशास्त्री, साहित्यकार, पत्रकार, राजनीतिज्ञ विशेषज्ञ, समाजशास्त्री एवं युग द्दष्टा थे। उन्होंने बताया कि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं जिसमें उनका योगदान न रहा हो। वे मात्र संविधान निमार्ता ही नहीं थे बल्कि राष्ट्र निमार्ता भी थे। राष्ट्र के निर्माण में किए गए उनके कार्यो के मार्ग दर्शन में देश आज भी विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ऐसे इकलौते महान नायक हैं जिनकी जन्मस्थली पर लाखों लोग शीश झुकाने और वहाँ की पवित्र धूल को माथे लगाने के लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि रिजर्व बैंक का पूरा विधान और संरचना बाबा साहेब के सपनों की ही एक निर्मिति है। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी एक वर्ग के नेता नहीं थे बल्कि सम्पूर्ण विश्व के नेता थे, इसीलिए उन्हें ज्ञान का प्रतीक कहा जाता है। उन्होंने बताया कि डॉ.अंबेडकर की जयंती व महापरिनिर्वाण दिवस भारत से बाहर विदेशों में भी उनके अनुयायी स्मरण दिवस के रूप में मनाते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर के.पी. सिंह ने कहा कि बाबा साहेब को किसी एक क्षेत्र में सीमित करके नहीं देखा जा सकता है बल्कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी देशवासी उनके बताए हुए रास्ते पर चलें।

### दिल्ली में एनओ2 का स्तर बढ़ने से अस्पताल जाने के मामले बढ़े: नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा दिल्ली में पांच स्थानों पर किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि नाइट्रोजन डाईऑक्साइड (एनओ2) जैसे यौगिकों के स्तर में वृद्धि के साथ लोगों को सांस लेने में घरघराहट पैदा होने तथा आपात स्थिति में अस्पताल जाने के मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि सरकार ने वायु प्रदूषण पर एक स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है और वायु प्रदूषण के मुद्दों के समाधान के लिए कई कदम भी उठाए हैं। नड्डा ने कहा कि भारत सरकार ने 1,561 प्रेशर स्विंग एड्शॉर्पशन (पीएसए) ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों को मंजूरी दी है।

# डॉ. अम्बेडकर को 68 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया

## डॉ. अम्बेडकर एक सच्चे देशभक्त, राष्ट्रवादी व संविधान निमार्ता थे - प्रोफेसर सुमन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय की उत्तरी परिसर के कला संकाय में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 68 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों का स्मरण किया गया। बाबा साहेब के 68 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी स्मृति में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्यभट्ट कॉलेज में प्रोफेसर के.पी. सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता फोरम के चेयरमैन प्रोफेसर हंसराज सुमन व मंच संचालन आर.के.सरोज ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, श्री अविनाश, श्री राज कुमार आदि छात्रों के अलावा बहुत से शोधार्थी भी उपस्थित थे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर हंसराज सुमन ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक सच्चे देशभक्त, राष्ट्रवादी व संविधान निमार्ता थे। डॉ. अम्बेडकर न केवल विधि विशेषज्ञ थे बल्कि अर्थशास्त्री, साहित्यकार, पत्रकार, राजनीतिज्ञ विशेषज्ञ, समाजशास्त्री एवं युग द्दष्टा थे। उन्होंने बताया कि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं जिसमें उनका योगदान न रहा हो। वे मात्र संविधान निमार्ता ही नहीं थे बल्कि राष्ट्र निमार्ता भी थे। राष्ट्र के निर्माण में किए गए उनके कार्यो के मार्ग दर्शन में देश आज भी विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ऐसे इकलौते महान नायक हैं जिनकी जन्मस्थली पर लाखों लोग शीश झुकाने और वहाँ की पवित्र धूल को माथे लगाने के लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि रिजर्व बैंक का पूरा विधान और संरचना बाबा साहेब के सपनों की ही एक निर्मिति है। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी एक वर्ग के नेता नहीं थे बल्कि सम्पूर्ण विश्व के नेता थे, इसीलिए उन्हें ज्ञान का प्रतीक कहा जाता है । उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर की जयंती व महापरिनिर्वाण दिवस भारत से बाहर विदेशों में भी उनके अनुयायी स्मरण दिवस के रूप में मनाते है। प्रोफेसर हंसराज सुमन ने आगे अपने उद्बोधन में सामाजिक समरसता के लिए जीवन समर्पित करने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्षों एवं उनके द्वारा हासिल उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज दुनिया के लगभग 150 से अधिक देशों में बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें स्मरण किया जाता है। यही नहीं बल्कि दुनिया के सर्वाधिक शक्तिशाली समझे जाने वाले राष्ट्र अमेरिका और योरोप के कई देशों में उनके अध्ययन से संबंधित पीठ की स्थापनाएं की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछड़े वर्ग के लिए उन्होंने जितना संघर्ष किया उसकी एवज में उस समाज को भी उतना ही प्रयास करना चाहिए अन्यथा पिछड़ापान अधिक बढ़ेगा। हमें बढ़-चढ़ कर उनके विचारों पर अमल करना चाहिए। उन्होंने चर्चा के दौरान आगे कहा कि वे एक जागरूक व्यक्ति थे, वह भारतीय समाज को बहुत आगे ले जाना चाहते थे। प्रोफेसर सुमन ने बताया कि बाबा साहेब रात-रातभर जागकर दलितों, अछूतों व पिछड़ों के उद्धार के लिए कार्य करते थे। वे कहते थे कि जब तक मेरा समाज नहीं जागेगा मैं नहीं सो सकता। उन्होंने आगे बताया कि असल में बाबा साहेब के सपनों का भारत एक सार्थक दिशा तय कर चुका है किंतु अभी भी बहुत कुछ बाकी है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्त्वपूर्ण बात तब होगी जब दलित वर्ग स्वयं अपने उत्थान हेतु बाबा साहेब के बताए हुए मार्ग पर आगे बढ़ेगा, तभी उनके सपनों का समाज और राष्ट्र दोनों निर्मित हो सकेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर के.पी. सिंह ने कहा कि बाबा साहेब को किसी एक क्षेत्र में सीमित करके नहीं देखा जा सकता है बल्कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी देशवासी उनके बताए हुए रास्ते पर चलें। उन्होंने कहा कि देश की सरकारों ने बाबा साहेब के सम्मान के लिए अनेक कार्य किए हैं जिसमें पूरे देश के गरीबों, पिछड़ों के लिए कार्य योजनाएँ बनाई गई हैं और ऐसे में जहाँ बाबा साहेब का महत्व बढ़ रहा है वहीं देश के कल्याण की दिशा भी स्पष्ट हो रही है । प्रोफेसर सिंह ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में बाबा साहेब को मुख्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए,

# क्राइम कैपिटल बन चुकी है दिल्ली : नीलम चौधरी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली देश की राजधानी के साथ-साथ अब क्राइम कैपिटल भी बन चुकी है। यह कहना है बाबरपुर जिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष नीलम चौधरी का। नीलम चौधरी कहती हैं दिल्ली पिछले 11 वर्षों से अपराध में नम्बर वन बने रहने के जिम्मेदार आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल है जिन्होंने 2013 में दिल्ली के लोगों को गुमराह करते हुए वादा किया था, हमें दिल्ली की सत्ता सौंपो, मैं दिल्ली की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करके सब कुछ ठीक कर दूंगा। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल नें निरर्थक बयान देकर लोगों को भ्रमित किया और दिल्ली की जनता को धोखा दिया। नीलम चौधरी ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल 3 बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भी असहाय है, जबकि उनकी नाक के नीचे प्रतिदिन हत्याएं, गैंगवार, डकैती, महिलाओं पर अत्याचार, यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसी घटनाएं रिकॉर्ड तोड़ रही है। दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों बराबर की जिम्मेदार है। दिल्ली जंगलराज चल रहाहै जिसमें भाजपा और आदमी पार्टी के लोगों की मिलीभगत से दिल्ली की जनता आहत है। इनके संरक्षण में अपराधी खुले अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे है। जिम्मेदारी निभाने में विफल केन्द्रीय गृह मंत्री इस्तीफा दें। नीलम चौधरी ने कहा कि दिल्ली में बढ़ती अपराधों और बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण आज हर वर्ग खौफ के साए में जी रहा है। खुले आम हत्याएं, घरों तक पुलिस कांस्टेबल की हत्या जैसी घटनाओं ने हर दिल्लीवाले के जहन में डर पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी आम आदमी पार्टी के मुखिया स्वयं गैंगवार, उगाही और धमकी देने वालों को संरक्षण देने के लिए संगठन चला रहे है और जनता के बीच बिगड़ती कानून व्यवस्था की दुहाई देते है। जबकि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह शराब घोटाले के भ्रष्टाचार, सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले व इनके 18 विधायक आपराधिक मामलों और अनैतिक उगाही में जेल की हवा खा चुके है। नीलम चौधरी ने कहा कि ह्लकट्टर ईमानदारह्व केजरीवाल अपने प्रति लोगों की नापसंदगी से पूरी तरह हिल गए हैं, जनता की अनदेखी के कारण उन्हें लोगों के बीच जाने पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है यही वजह है कि वो उन गरीब लोगों के घरों के चक्कर लगा रहे है जिनकी 11 वर्षों में हमेशा अनदेखी की थी। उन्होंने कहा कि जेल से छूटे भ्रष्टाचार के आरोपी जनप्रतिनिधि होने के नाते दिल्लीवालों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की बजाय दिल्ली वालों की परेशानी और पीड़ा को कम करने के लिए काम की जगह लगातार आरोप प्रत्यारोप की राजनीति को अंजाम दे रहे है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 07 दिसंबर, 2024


## संक्षिप्त खबरें

### अवैध रूप से मलबा व कचरा डंपिंग करने वाले 6 वाहनों को पकड़ा

गुरुग्राम। शहर में अवैध रूप से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा व मलबा फेंकने वालों पर प्रभावी कार्रवाई व निगरानी के लिए गठित नगर निगम गुरुग्राम की सैनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स ने एक ही रात में 6 वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की। गठन के साथ ही यह फोर्स पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। शहर में कचरा व मलबा फेंकने वालों पर निगरानी व कार्रवाई प्रक्रिया को और अधिक बढ़ा दिया गया है। इसके तहत निगम द्वारा सैनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें सभी सदस्य आर्म्स होल्डर शामिल हैं। फोर्स ने गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि विभिन्न क्षेत्रों की निगरानी के दौरान लेजर वैली सेक्टर-29, फव्वारा चौक, खांडसा रोड सेक्टर-37, देवीलाल कॉलोनी, जवाहर नगर व कटारिया चौक से 6 वाहनों को पकड़ा है। निगमायुक्त ने बताया कि पकड़े गए वाहनों में कुछ बिना नंबरों के भी शामिल हैं, जिनके बारे में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके अलावा कुछ वाहन ऐसे भी मिले हैं, जो नगर निगम गुरुग्राम के नाम का उपयोग कर रहे थे। इनमें वाहन नंबर एचआर-14क्यू 5116 तथा एचआर 26 सीजी 6252 शामिल हैं। इन वाहनों पर नगर निगम गुरुग्राम का नाम लिखकर अवैध रूप से कचरा व मलबा डंपिंग का कार्य किया जा रहा था। डा. सिंह ने बताया कि सभी वाहनों को पकडकर उनके मालिकों या चालकों के खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं। अतिरिक्त निगमायुक्त ने गुरुग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि वे अवैध रूप से कचरा या मलबा डालने वालों की सूचना नगर निगम गुरुग्राम को दें, ताकि समय पर सैनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स द्वारा कार्रवाई की जा सके।

### सभी सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट्स पर सीसीटीवी से होगी निगरानी



गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा क्षेत्र में स्थित सभी सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक लोकेशन पर सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। बाकी 6 पर भी इस माह कार्य पूरा हो जाएगा। नए वर्ष में निगम के सभी 14 सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों पर तीसरी आंख से नजर रखी जाएगी। गुरुवार को यह जानकारी नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक में जीएमडीए के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अतुल कटारिया चौक, शीतला माता मंदिर, रोशनपुरा सब्जी मंडी, बेरीवाला बाग, चकरपुर, बंधवाड़ी खांडसा तथा कोर्ट पार्किंग के सामने सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा बादशाहपुर, फाजिलपुर, सिकंदरपुर, चौमा, कार्टरपुरी व धनवापुर आदि क्षेत्रों में स्थित सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों पर दिसंबर माह के अंत तक सीसीटीवी लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अतिरिक्त निगमायुक्त ने इस कार्य में और अधिक तेजी लाकर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि अवैध कचरा डंपिंग करने वालों की पहचान करके उनके विरूद्ध कार्रवाई की जा सके। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त ने बीडब्ल्यूजी पोर्टल को बल्क वेस्ट जनरेटरों के लिए और अधिक सुगम बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि आसानी से पंजीकरण किया जा सके। उन्होंने एमसीजी वेबसाइट पर भी पोर्टल लिंक डालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर यह भी जानकारी होनी चाहिए कि कितने बीडब्ल्यूजी का चालान किया गया है तथा कितने बीडब्ल्यूजी अब तक अपना पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई बीडब्ल्यूजी किसी एजेंसी के माध्यम से अपने कचरे का प्रबंधन करवाना चाहते हैं।

### हरियाणा में 3 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गुरुग्राम में 2018 में तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के लिए दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति की मौत की सजा की पुष्टि की और कहा कि दुष्कर्म करने के बाद बच्ची की जघन्य हत्या दोषी के राक्षसी आचरण का एक उदाहरण है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में जिला मजिस्ट्रेट को प्रासंगिक प्रविधानों के अनुसार तत्काल एक जल्लाद नियुक्त करने का निर्देश दिया। साथ ही दोषी अपीलकर्ता पर मृत्युदंड की सजा को क्रियान्वित करने के लिए अनुसूची तैयार करने का भी निर्देश दिया। जस्टिस सुरेश्वर ठाकुर और जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की खंडपीठ ने फरवरी में ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए तर्क से सहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि यह मामला दुर्लभतम मामलों में आता है।

# बाबा साहेब ने राष्ट्रीय एकता की भावना को एक सूत्र में पिरोकर किया संविधान का निर्माण: पंकज डावर

## संविधान निर्माता बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि, कमान सराय स्थित कांग्रेस भवन में मनाया गया परिनिर्वाण दिवस

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर का शुक्रवार को यहां कमान सराय स्थित कांग्रेस भवन में परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। बाबा साहेब के चित्र पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। इसके बाद बाबा साहेब के समाज निर्माण के सिद्धांतों पर चर्चा की। पकंज डावर के साथ कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी, सूबे सिंह यादव, प्रदीप दहिया, नरेश वरिष्ठ, सूबे सिंह पटौदी, सीमा हुड्डा, रोहित मदान, राजीव यादव, अजय साहू, मनोज आहुजा, सुरिन्द्र पाल, सुनीता तोमर, कृष्ण वाल्मीकि समेत कई कार्यकताओं ने बाबा साहेब को नमन किया।



इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष रहे बाबा साहेब भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री थे। 14 अप्रैल 1891 को महू में जन्में बाबा साहेब एक बेहतरीन भारतीय अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। डा. अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के पुरोधा थे। शोषितों और सिद्धांतों के कल्याण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। भारत रत्न बाबा साहेब ने समरसता और राष्ट्रीय एकता की भावना को एक सूत्र में पिरोकर संविधान का निर्माण किया। उन्होंने देश को एक ऐसा प्रगतिशील और न्याय-प्रवर्तक संविधान दिया, जिसने गरीब से गरीब व्यक्ति को न्याय और अधिकार सुनिश्चित कराया। उन्होंने दलितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया। उन्होंने दलितों की शिक्षा, कल्याण और सामाजिक-आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के इरादे से एक केंद्रीय संस्था, बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की। कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने सार्वजनिक पेयजल संसाधनों को खोलने के लिए सार्वजनिक आंदोलन और मार्च शुरू किए। अछूतों को शहर के मुख्य जल टैंक से पानी भरने की अनुमति भी दी। उन्होंने हिंदू मंदिरों में प्रवेश के अधिकार के लिए भी संघर्ष किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में रोजगार जन्म से तय होता है। इसके कारण अन्य क्षेत्रों में श्रम की गतिशीलता कम हो जाती है, जो भारत के आर्थिक विकास को प्रभावित करता है।

# एनजीटी के आदेशों का नहीं किया पालन, जेल जा सकते हैं जीएमडीए के सीईओ, चेतावनी जारी

**जीएमडीए ने एनजीटी से नई योजना को बिना मंजूर करवाए जोहड़ की मूल योजना में बदलाव कर दिया। इसके साथ-साथ निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य को पूरा नहीं किया। एनजीटी ने इसे आदेश की अवमानना करार देते हुए जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को एनजीटी अधिनियम के तहत जेल भेजने, जुमार्ना लगाने या दोनों की चेतावनी दी है। एनजीटी की नाराजगी को देखते हुए हरियाणा सरकार की तरफ से नियुक्त अधिवक्ता ने 15 दिन की मोहलत मांगी थी, जिसको लेकर एनजीटी ने 10 दिन का समय दिया है।**

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम,एजेंसी। गांव सिलोखरा के जोहड़ को जीर्णोद्धार करने में आदेश की अवमानना पर एनजीटी ने नाराजगी जाहिर करते हुए जीएमडीए के सीईओ को जेल भेजने की चेतावनी दी। जीएमडीए ने एनजीटी से नई योजना को बिना मंजूर करवाए जोहड़ की मूल योजना में बदलाव कर दिया। इसके साथ-साथ निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य को पूरा नहीं किया।

एनजीटी ने इसे आदेश की अवमानना करार देते हुए जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को एनजीटी अधिनियम के तहत जेल भेजने, जुमार्ना लगाने या दोनों की चेतावनी दी है। एनजीटी की नाराजगी को देखते हुए हरियाणा सरकार की तरफ से नियुक्त अधिवक्ता ने 15 दिन की मोहलत मांगी थी, जिसको लेकर एनजीटी ने 10 दिन का समय दिया है। बता दें कि साल 2022 में एनजीटी में एक याचिका दायर की थी। इसमें कहा थाा कि 30 साल पहले गांव सिलोखरा में जोहड़ होता था। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने जोहड़ की जमीन का अधिग्रहण कर लिया। इस जोहड़ को मलबे और मिट्टी से भर दिया गया। जोहड़ की




करीब 6130 वर्ग मीटर जमीन पर व्यवसायिक टावर खड़ा करने की योजना तैयार की जा रही है, जिसके तहत जमीन को ई-नीलामी से बेचने की योजना एचएसवीपी ने तैयार कर ली है। मामला सामने आने के बाद एनजीटी ने एचएसवीपी की इस योजना पर रोक लगाते हुए जोहड़ का जीर्णोद्धार करने के आदेश जारी किए थे। जीएमडीए ने 2400 वर्ग मीटर में जोहड़ तैयार कर दिया। गत 30 अप्रैल को एनजीटी में दाखिल जवाब में कहा कि तकनीकी कारणों के चलते जोहड़ की योजना में बदलाव किया है। एनजीटी ने इस जोहड़ का निर्माण करने के आदेश एचएसवीपी को दिए थे, लेकिन जीएमडीए ने बीच में आते ही इस कार्य को करवाने के लिए सीएसआर के तहत एक कंपनी को जिम्मेदारी सौंप दी थी। इसके ऊपर एनजीटी ने गहरी नाराजगी जताते हुए जमकर अधिकारियों को लताड़ लगाई थी। आदेश में कहा था कि मंजूर योजना के तहत जोहड़ को विकसित किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही को बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

जीएमडीए ने एनजीटी की तरफ से मंजूर योजना को फिर से दरकिनार करते हुए 2400 वर्ग मीटर के अलावा 4383 वर्ग मीटर में एक नया जोहड़ और बना दिया। जोहड़ बनाने के लिए 15 पेड़ों को भी काटा गया। एनजीटी में तर्क दिया कि 6130 वर्ग मीटर की जगह पर अब दो जोहड़ 6783 वर्ग मीटर में बना दिए हैं, जोकि अधिक क्षेत्र है। गत दो दिसंबर को एनजीटी ने सुनवाई के दौरान जीएमडीए अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए इसे एनजीटी के आदेश की अवमानना करार दिया। एनजीटी न्यायाधीश ने कहा कि गत तीन मई को जारी आदेश में स्पष्ट है कि मंजूर योजना के तहत जोहड़ विकसित किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। जीएमडीए ने एनजीटी में जवाब दाखिल किया है कि जोहड़ को तैयार करने में अभी तीन महीने का समय और लगेगा। एनजीटी ने निर्धारित समयसीमा में जोहड़ का निर्माण पूरा नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की है।

# गुरुग्राम: अगर बच्चा चाहिए तो अपने पड़ोस में रह रही मेरी पत्नी से मिलवा दो

**अलग रह रही पत्नी से मिलने के लिए किया पड़ोसी के बच्चे का किया अपहरण, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके बच्चे को किया सकुशल बरामद**



प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। अलग रह रही पत्नी से मिलने के लिए एक व्यक्ति ने पड़ोसी के बच्चे का ही अपहरण कर लिया। बच्चे के पिता को फोन करके कहा कि अगर बच्चा चाहिए तो अपने पड़ोस में रहने वाली उसकी पत्नी से उसे मिलवा दो। बच्चे के अपहरण की सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आई और बच्चे को सकुशल बरामद करने में जुट गई।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी नाथूपुर में एक व्यक्ति ने लिखित शिकायत देकर कहा कि गुरुवार शाम के समय उसका 10 वर्षीय लडका पार्क में खेलने गया था। वह देर रात वापस नहीं आया। उन्होंने बच्चे की तलाश की। इसी बीच उनके मोबाईल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि उनका लडका उसके पास है। लडके को वापस करने के बदले अपने पड़ोस में रहने वाली मेरी पत्न ी से मिलवा दो। इस शिकायत पर थाना डीएलएफ फेज-3 में केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस चौकी नाथूपुर की पुलिस टीम ने आरोपी को शुक्रवार को सरहोल बॉर्डर के नजदीक से काबू करके बच्चे को आरोपी के कब्जा से सकुशल बरामद किया। आरोपी की पहचान वरुण (25) निवासी गांव बंटापुर जिला हरदोई (उत्तर-प्रदेश) हाल निवासी नयागांव फेज-2 ग्रेटर नोएडा (उत्तर-प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी वरुण नोएडा में रहता है। अपहृत किए गए बच्चे के पड़ोस में वरुण की पत्नी रहती है। वह गुरुग्राम में ही काम करती है। उसने अपने पति से मिलने से इंकार कर दिया थ। अपनी पत्नी से मिलने के लिए आरोपी वरुण ने पत्न ी के पड़ोस में रहने वाले बच्चे का अपहरण किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के अपराधिक रिकॉर्ड से पता चला है कि चोरी करने के संबंध में एक केस दर्ज है। आरोपी वरुण वर्ष 2021 में अपहरण के मामले में जेल जाने क बाद अगस्त 2023 में जमानत पर बाहर आया था।

# एनएचएम यूनियन छोड़कर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ में 155 स्वास्थ्य कर्मचारी हुए शामिल

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। कम्युनिटी सेंटर में भारतीय मजूदर संघ के द्वारा अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में कर्मचारियों के मांगों और उनकी दिक्कतों पर चर्चा हुई। इसके अलावा अधिवेशन मे नई कार्यकारीणी का भी गठन किया गया। एनएचएम यूनियन को छोड़कर 155 स्वास्थ्य कर्मचारी संघ में शामिल हुए। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ भारतीय मजदूर संघ के साथ मिलकर काम करता है। भविष्य में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के साथ जुड़े रहने व चलने का विश्वास दिलवाया। संगठन की रीति नीति अनुसार चलने का भी भरोसा दिया, सभी की सहमति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के लिए अनिल यादव एलटी, जिला



उपाध्यक्ष सुरेश कुमार व राजरानी एएनएम, जिला मंत्री निर्मल राणा एएनएम, प्रेससचिव डॉ. विकास सैनी, सहसाचिव अंकित पीओ व रविंद्र, कोषाध्यक्ष नीलम एएनएम व महिपाल सुचना सहायक, संघठनमंत्री सोमबीर कार्यालय मंत्री सरिता यादव, मुख्य सहलाकार कमलेश, प्रचार मंत्री डॉ. विकास सैनी, कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र फार्मासिस्ट, बसंत, संगीता एएनएम उपरोक्त सभी को चुना गया। सभी जिला गुरुग्राम एन एच एम कर्मचारियों ने जिला कार्यकारिणी पर अपनी सहमति दर्ज की। कम्युनिटी सेंटर जिला गुरुग्राम मे जिला गुरुग्राम में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा व भारतीय मजदूर संघ जिला गुरुग्राम में अधिवेशन का आयोजन हुआ।

जिसकी अध्यक्षता अनिल यादव व संचालक के रूप मे निर्मल राणा और योगेश ट्रांसपोर्ट महामंत्री के द्वारा किया गया। भारतीय मजदूर संघ की तरफ से गुरुग्राम विभाग प्रमुख वीरेंद्र, जिला अध्यक्ष भरतीय मजदूर संघ समय सिंह, भरतीय मजदूर संघ की प्रदेश मंत्री मधु बाला, भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री रमेश व प्रदेश स्तर से स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा से प्रदेश महामंत्री जितेंद्र वत्स प्रदेश उपाध्यक्ष गत बिसला व प्रदेश कार्यलय सचिव गौरव सहगल उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री जितेंदर वत्स द्वारा संगठन के आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया गया।

# नगर निगम के अधिकारी फिर सवालों के घेरे में, पार्क की मैंटेनेंस का पैसा किसी और कर दिया ट्रांसफर

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। नगर निगम में अब पार्कों के रखरखाव भुगतान में भी गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। निगम की बागवानी विंग ने सेक्टर-4/7 की अर्बन ईस्टेट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (यूईआरडब्लूए) की जगह दूसरी वेलफेयर एसोसिएशन को इनको पार्कों का भुगतान कर दिया। निगम अधिकारियों ने करीब दस लाख रुपये का भुगतान किसी अन्य आरडब्ल्यूए को कर दिया। इस गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग को इसकी शिकायत की। निगमायुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच संयुक्त आयुक्त-1 प्रदीप कुमार को सौंपी है। संयुक्त आयुक्त ने बागवानी विंग से पार्कों के रखरखाव को लेकर किए गए भुगतान को लेकर रिकॉर्ड मांगा है। अर्बन ईस्टेट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (यूईआरडब्लूए) ने निगमायुक्त को दी शिकायत में बताया कि सेक्टर-4और 7 के पार्कों का रखरखाव बहुत ही बेहतरीन तरीके से रखरखाव किया जा रहा है। इसको लेकर निगम ने उनको यह पार्क काफी समय से रखरखाव के लिए दिए हुए हैं। निगम की तरफ से इन पार्कों के रखरखाव के लिए उनकी यूईआरडब्लूए के बैंक खाते में रखरखाव शुल्क डाला जाता है, लेकिन अप्रैल 2024 से लेकर जुलाई 2024 तक उनको पार्कों का रखरखाव का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने इसके बारे में निगम अधिकारियों से पता किया तो पता चला कि उनके पार्कों के रखरखाव शुल्क का भुगतान निगम अधिकारियों ने वार्ड-15 की वेलफेयर एसोसिएशन के खाते में डाल दिया है। आरोप लगाया है कि निगम अधिकारियों ने मिलीभगत करके उनके पार्कों के शुल्क को दूसरी आरडब्ल्यूए को दे दिया है, जो कि बिल्कुल गलत है। निगमायुक्त से मामले की जांच करवाने के साथ पार्कों के रखरखाव शुल्क उन्हें देने की मांग की है। निगमायुक्त ने इस मामले की जांच संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार को सौंपी है।

# रोटी पानी बैंक के 3 साल पूरे होने पर किया सम्मान समारोह

प्रात: किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। सामाजिक कार्यो का लाभ समाज के सभी वर्गो विशेषकर गरीब और असहाय व्यक्तियों को अवश्य मिलता है। यह बात कैप्टन गुरपवन सिंह ने कही। हरियाणा पुलिस रोटी पानी के बैंक के 3 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सम्मान समारोह में उन्होंने यह बात कही।

जिला पुलिस लाइन के मीटिंग हाल में आयोजित हरियाणा पुलिस के रोटी पानी बैंक के वार्षिक कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार त्यागी, शिक्षाविद् करनेश भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्ता राजपाल दहिया, प्रोग्रेसिव फैडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन दीपक मैनी, वाईस चेयरमैन डॉ एसपी अग्रवाल,



पीएफटीआई के जिला अध्यक्ष पीके गुप्ता, डीपी गौड़ व वीरेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हरियाणा पुलिस रोटी पानी बैंक गुरुग्राम के प्रधान सेवक रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि रोटी पानी बैंक को गुरुग्राम में 5 दिसंबर 2021 को बैंक के प्रदेश संरक्षक ओर अध्यक्ष रिटायर्ड एडीजीपी श्रीकांत जाधव की अगुवाई में स्थापित किया गया था। तब से आज तक हर रोज लगभग समाज के गरीब और असहाय 500 व्यक्तियों को भोजन करवाया जाता है। रोटी बैंक के महासचिव आरएल शर्मा एडवोकेट ने कहा कि इस मुहिम में पुलिस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ साथ शहर के सेंकड़ों सहयोगियों के सहयोग प्राप्त होता है, जिससे हर रोज जरूरतमंद लगभग 500 व्यक्ति भरपेट भोजन कर पाते हैं। इस मुहिम में पुलिस विभाग का सहयोग समय समय मिलता रहता है। मुख्य अतिथियों द्वारा बैंक की इस मुहिम को सफल बनाने वाले 35 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैंक के उपप्रधान ओर मंच संचालक राजकुमार राव, अम्बिका शर्मा, घनश्याम शर्मा, राकेश मोहन गुप्ता, कुलदीप मेहंदीरत्ता, मिथलेश शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, बाबूलाल शर्मा, लाज कक्कड़, आशा गोयल, विजय शर्मा मौजूद रहे।

**फैसला** अंबाला के गांव दंगदहरी, लोहगढ़, मानकपुर, दादियां, बेरी, कालू, लहारस, कालू, मांजरा, देवी नगर, सद्दोपुर, सुलतानपुर और काकरू में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

# अंबाला के कई इलाकों में इतने दिनों तक इंटरनेट सेवाएं बंद, किसान प्रदर्शन को लेकर सरकार का बड़ा फैसला

**किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने जगह-जगह पर बैरिकेडिंग लगाई थी। इस बीच शंभू बॉर्डर से सटे अंबाला के 10 गांवों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। अंबाला प्रशासन का कहना है कि किसान प्रदर्शन को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। ताकि लोगों के बीच अफवाह न फैले। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाह पर ध्यान न दें। इन गांवों में 9 दिसंबर तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी।**

प्रात: किरण/एजेंसी

अंबाला। 101 किसानों का पहला जत्था दिल्ली कूच के लिए शंभू बॉर्डर से रवाना हो गया। इस दौरान किसानों ने पुलिस बैरिकेडिंग भी तोड़ दी। किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने जगह-जगह पर बैरिकेडिंग लगाई थी। इस बीच शंभू बॉर्डर से सटे अंबाला के 10 गांवों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

अंबाला प्रशासन का कहना है कि किसान प्रदर्शन को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। ताकि लोगों के बीच अफवाह न फैले। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाह पर ध्यान न दें। इन गांवों में 9 दिसंबर तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी।

**इन गांवों में इंटरनेट बंद :** अंबाला के गांव दंगदहरी, लोहगढ़, मानकपुर, दादियां, बेरी, कालू, लहारस, कालू, मांजरा, देवी नगर, सद्दोपुर, सुलतानपुर और काकरू में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। बता दें कि आज 12 बजे से (6-12-2024 से 9-12-2024 रात बारह बजे तक) इंटरनेट बंद रहेगा।

साथ ही सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आपात परिस्थितयों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इस बीच कोई भी व्यक्ति हिंसा में शामिल पाया जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




**किसानों पर दागे आंसू गैस के गोले:** बता दें कि किसानों को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों को खदेड़ने के लिए हरियाणा पुलिस ने 20 से अधिक आंसू गैस के गोले दागे हैं। इसमें कई किसान घायल भी हो गए हैं। फिर भी किसान आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

किसानों ने दो बैरिकेडिंग को तोड़ दी, लेकिन आखिरी बैरिकैडिंग पर किसानों को रोकने के लिए कंक्रीट की दीवार बनाने के साथ-साथ जाली भी लगाई गई है। जिस कारण किसानों का आगे बढ़ना मुश्किल लग रहा है।

**क्या है किसानों की मांग**

- सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बने।
- फसलों की डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से कीमत तय हो।
- किसान और खेत मजदूरों का कर्ज माफ हो, पेंशन दी जाए।
- भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 दोबारा लागू किया जाए।
- लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों को सजा दी जाए।
- भारत मुक्त व्यापार समझौते से बाहर आए।
- किसान आंदोलन में मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा, सरकारी नौकरी मिले।
- विद्युत संशोधन विधेयक 2020 को रद किया जाए।
- मनरेगा में हर साल 200 दिन का काम, 700 रुपये दिहाड़ी दी जाए।

सम्पादकीय

## उपराष्ट्रपति के किसानी सवाल

कृषि मंत्री जी, एक-एक पल आपका भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपा कर मुझे बताएं कि क्या किसानों से वायदा किया गया था? वायदा क्यों नहीं निभाया गया? वायदा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? गत वर्ष भी आंदोलन था, इस वर्ष भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है और हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं! उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से ये सवाल किए हैं। यह पहली बार है कि एक ही सरकार में उपराष्ट्रपति ने कृषि मंत्री से सवाल किए हैं। उपराष्ट्रपति खुद किसान, ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य दे दोगे, तो कोई पहाड़ नहीं गिरेगा। उपराष्ट्रपति के ये सवाल इसलिए मौजू हैं, क्योंकि 6 दिसंबर से किसान आंदोलन फिर शुरू हो सकता है। इस बार यह पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उप्र तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक आदि राज्यों से भी किसान मोर्चे आंदोलित होंगे। उपराष्ट्रपति का सवाल है कि देश का किसान लगातार परेशान, पीड़ित और आंदोलित क्यों है? जो किसान घर बैठे हैं, वे भी आंदोलित और चिंतित हैं, लिहाजा आंदोलन की संख्या वही न गिनी जाए, तो किसान सडक पर उतरेंगे। हालांकि उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी पर कुछ नहीं कहा और इस संबंध में गठित समिति पर भी सवाल नहीं किया, लेकिन उपराष्ट्रपति के रूप में किसानों को एक ताकतवर, सशक्त पैरोकार मिला है। शिवराज भी जून, 2024 में ही कृषि मंत्री बने हैं। जो भी वायदे किए गए होंगे, वे नरेंद्र तोमर और अर्जुन मुंडा के कृषि मंत्री काल के होंगे! बहरहाल भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का 17 फीसदी से अधिक का योगदान है और देश के कार्यबल में करीब 47 फीसदी कृषि और किसान का योगदान है। देश की करीब दो-तिहाई आबादी कृषि के भरोसे है, लेकिन आज भी किसान की औसत आय 16, 928 रुपए माहवार है। किसान की आय से अधिक खर्च बढ़े हैं और प्रति किसान 91, 000 रुपए से अधिक का कर्ज है। सवाल यह भी है कि उपराष्ट्रपति किसानों के पक्ष में सार्वजनिक रूप से क्यों बोले? और एक ही मंच पर कृषि मंत्री से सवाल क्यों किए गए? किसान संबंधी योजनाओं और नीतियों की अकेली जिम्मेदारी कृषि मंत्री पर ही नहीं है। यदि कृषि-भूमि का मुआवजा 2014 के बाद 4 गुना नहीं मिल पा रहा है, यदि एमएसपी की कानूनी गारंटी तय नहीं की गई है, तो ऐसी तमाम समस्याओं के समाधान का दायित्व केंद्रीय कैबिनेट पर है। खासकर प्रधानमंत्री मोदी की जिम्मेदारी है, क्योंकि ऐसे नीतिगत फैसले प्रधानमंत्री के स्तर पर ही सोचे जाते हैं और फिर कैबिनेट में औपचारिक तौर पर पारित किए जाते हैं। यदि एक बार फिर राजधानी दिल्ली या उसके आसपास के क्षेत्रों में किसान लामबंद होकर आंदोलन छेड़ते हैं, तो चौतरफा जन-व्यवस्था अराजक हो जाएगी। जब पिछला किसान आंदोलन समाप्त कराया गया था, तो खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वस्त किया था। एक समिति गठित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल को सौंपी गई थी। उन्हें तीन कथित काले कृषि कानूनों का प्रारूपकार माना जाता रहा है। उस समिति की बीते दो साल से अधिक अवधि के दौरान करीब 100 बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन समिति की रपट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई है। कृषि विशेषज्ञों का एक तबका मानता है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी कोई समाधान नहीं है। सिर्फ खुला बाजार देने से ही किसान के हालात बदल सकते हैं, लेकिन आंदोलित किसानों की सबसे अहम मांग यही है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए। किसान इस बार आर-पार के आंदोलन के मूड में हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक संकेत अभी तक नहीं आया है।

## अदालतों का बोझ घटाना जरूरी

हमारे देश में जब-जब सरकारी तंत्र अप्रभावी होता है तो उसके खिलाफ कोई न कोई अदालत का रुख कर लेता है। इस उम्मीद से कि संविधान की रक्षा और नागरिकों के अधिकारों के हित में यदि कोई फैसला कर सकता है तो वह न्यायपालिका ही है। परंतु क्या कभी किसी ने सोचा है कि जहां देश भर की अदालतों में करोड़ों मुकदमें लंबित पड़े हैं, वहाँ सरकारी तंत्र के काम न करने के कारण अदालतों पर अतिरिक्त मुकदमों का ढेर लगता जा रहा है। ऐसा क्यों है कि सरकारी तंत्र अपनी ज़िम्मेदारी पूरी तरह से नहीं निभा रहा जिस कारण नागरिकों को कोर्ट का रुख करने को मजबूर होना पड़ता है? जब भी किन्हीं दो पक्षों में कोई विवाद होता है तो उनका आखिरी वाक्य होता है कि आई विल सी यू इन कोर्ट्ह। यानी जब भी किसी को किसी दूसरे से आहत पहुँचती है तो वह इस उम्मीद में अदालत जाता है कि उसके साथ न्याय होगा। परंतु हमारे देश के न्यायालयों में लंबित पड़े केसों की संख्या इतनी ज्यादा है कि, न्याय मिलते-मिलते या फैसला आते-आते बहुत देर हो जाती है। कई मामलों में तो याचिकाकर्ता दुनिया छोड़ कर भी चला जाता है लेकिन उसका केस अंतिम फैसले तक नहीं पहुँच पाता। ऐसे में कोर्ट में हर दिन बढ़ने वाले मामलों की संख्या पर रोक नहीं लगा सकती। विवाद चाहे किसी की जमीन जायदाद का हो या अन्य किसी मामले का हो। वादी-प्रतिवादी सीधा कोर्ट का रुख करते हैं और कई मामलों में तो वकील भी अपने मुवक्किल को गुमराह करने में पीछे नहीं हटते। ऐसे में किसी न किसी कारण से न्याय मिलने में देरी हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से न्यायपालिका पर काम का बोझ दिन-प्रतिदिन बढ़ने का एक और कारण है कि सरकारी तंत्र में तैनात कई अधिकारी जो अपने राजनैतिक आकाओं को खुश करने की नीयत से देश की जनता के साथ धोखा करते हैं। वे संविधान को एक तरफ रख कर अपने राजनैतिक आकाओं को भी गुमराह कर उनसे कुछ ऐसे फैसले दिलवा देते हैं जो जनता के हित में नहीं होते। केवल निहित स्वार्थों के लिए लिए गये ऐसे फैसले राजनैतिक रूप से अक्सर घातक साबित हो जाते हैं। ऐसे में सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा कर जनता को असल मुद्दों से भटकाने का काम करने लगते हैं। अंततः दोनों में से एक पक्ष अदालत का रुख कर लेता है। ऐसे में मुकदमों के दबाव से भरी हुई अदालतें इन सरकारी तंत्र के खिलाफ दायर याचिकाओं को प्राथमिकता पर सुनने के लिए मजबूर हो जाती हैं। गौरतलब है कि यदि किसी लंबित पड़े मामले में कोई अहम सुनवाई की तारीख लगी हो और उसी बीच कोर्ट के सामने कोई ऐसा राजनैतिक केस आ जाए जिसे, सुनने के लिए उस अदालत को अपनी पहले से तय सूची में फेरबदल करना पड़े तो सोचिए कि न सिर्फ.अदालत के क ीमती समय और पैसे की बबार्दी होती है, बल्कि अदालत में न्याय की उम्मीद कर रहे फरयादी की हिम्मत और न्यायपालिका पर भरोसा भी डगमगाने लगता है। सोचने वाली बात यह है कि यदि सरकारी मशीनरी अपना काम ज़िम्मेदारी से करे तो अदालतें भी अपना काम बिना किसी विघ्न के करने लगेंगी। ऐसे में लंबित पड़े करोड़ों मामलों में भी गिरावट आएगी। आजकल ऐसा भी देखा जा रहा है कि यदि किसी राजनैतिक दल को उसकी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लिए गए किसी खास फैसले से एतराज होता है तो वे उसमें कोई न कोई कमी निकाल कर देश भर में एक नया विवाद पैदा करने में कसर नहीं छोड़ते। फिर वो मामला चाहे किसी विशेष कानून को लेकर ही क्यों न हो। गौरतलब है कि जब ऐसे किसी विधेयक को संसद में पास करके कानून बनाया जाता है, तो उस समय सत्तापक्ष और विपक्ष, इस पर चर्चा करते हैं और यदि कुछ संशोधन करना हो तो उसे करके ही कानून का रूप दिया जाता है। ऐसे में यह माना जाए कि उस समय की विपक्षी पार्टी ने भी ऐसे विधेयक को अपनी सहमति प्रदान की है। लेकिन जैसे ही उस समय की विपक्षी पार्टी सत्ता में आती है तो उसी कानून का विरोध करने लगती है और देश में उथल-पुथल का माहौल बन जाता है। लेकिन क्या वह राजनैतिक दल इस बात पर ध्यान देता है कि उसने विपक्ष में बैठे हुए क्या इस कानून का विरोध किया था? यदि नहीं तो आज वह ऐसा क्यों कर रहा है? उस कानून के खिलाफ अराजकता फैला कर उसे क्या मिल रहा है? वहीं ऐसे विवादों में बात-बात पर अदालतों का रुख करने वाले याचिकाकर्ता के राजनैतिक संबंधों की जाँच होना भी जरूरी है।

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं

2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त उन्होंने तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया। भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है।





**ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वाताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती। तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निमार्ता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निमार्ता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है। यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरूआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा। फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरूआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। 2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है ।

# सांस्कृतिक पहचान को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल मस्जिद मामले में 29 नवंबर 2024 को स्थानीय अदालत की कार्यवाही पर अस्थायी रोक लगा दी। इस मामले में विपक्षी दल विशेषतः कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश सरकार को जबरन घसीट रही है, जबकि सर्वोच्च अदालत शांति बनाये रखने के लिये मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सुनवाई करने का निर्देश दिया है। 24 नवंबर को अदालती निर्देश पर हुए सर्वे के दौरान खूनी हिंसा, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी, उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया, उसका मर्म यह है कि मामले में फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या सच है या फिर कौन समुदाय कितना उपद्रव करता है और वह शासन-व्यवस्था के लिए कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है।





**प्रहलाद सबनानी**
**लेखक**

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक विरासत को कुचलने की चेष्टाएं अतीत से लेकर वर्तमान तक होती रही है। बहुत बड़ा सच है कि अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के शत्रु एवं तथाकथित धर्म-निरपेक्षता की राजनीति करने वाले नेता इस बात को अधिक बेहतर समझते हैं, अतः उन्होंने इतिहास को झुठलाने, धुंधलाने और काल्पनिक बातें गढ़ने एवं फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारे नेताओं-नीतिकारों की नासमझी के कारण ही इसमें वे सफल भी रहे हैं। क्या यह स्थिति बदल रही है? देश में कुछ लोग सही इतिहास को उजागर करने एवं ऐतिहासिक विरासत को धुंधलाने एवं कुचलने की कुचेष्टाओं का परिमार्जन करने के लिये तत्पर हुए है, इसी का परिणाम है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। अयोध्या, काशी, मथुरा के बाद संभल और अजमेर दरगाह जैसे मामलों में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे प्रयासों के द्वारा अशांति फैलाने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इतिहास बड़ी भूलों को सुधारना एवं वास्तविक तथ्यों को सामने लाना है। लेकिन, इसमें एक बड़ी बाधा है पूजा स्थल अधिनियम, 1991, जो देश में आजादी से पहले से मौजूद धार्मिक स्थलों जुड़े तथ्यों की खोजबीन की भी अनुमति नहीं देता है? क्या इसके चलते देश में आक्रांतवादी सोच एवं देश की विरासत को धुंधलाने की कोशिश पर पर्दा ही पड़ा रहेगा? ऐतिहासिक अन्याय, अत्याचार एवं राष्ट्र-विरोधी सोच एवं सच्चाई तो सामने आनी ही चाहिए। इस देश में उन विघटनकारी एवं संस्कृति-विरोधी लोगों की मर्जी कब तक चलती रहेगी? कब तक बात-बेबात हंगामा होता रहेगा? कब तक सांस्कृतिक पहचान को बेमानी साबित करने के षडयंत्र होते रहेंगे?

इस सच से इंकार नहीं किया जा सकता कि इतिहास से न केवल छेडछाड़ हुई है बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को निस्तेज भी किया गया है। इसी बात को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उजागर करते हुए कहा कि हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है। अतीत में यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं, यह बात पूर्व में भी बार-बार अनेक नेताओं ने कही है, लेकिन इतिहास को सही रूप में पेश करने का काम नहीं हो पा रहा है और वह भी तब, जब सभी इससे परिचित हैं कि सच्चे इतिहास की जानकारी के अभाव में लोगों के बीच नासमझी की खाई चोड़ी ही होती है, झूठे इतिहास को ही लोग सच मानने से उनकी अपनी परम्परा एवं इतिहास के प्रति आस्था की बजाय घृणा बढ़ती है। अपनी इतिहास एवं संस्कृति की विलक्षण एवं विशेषताओं से दूरी बनाकर झूठे इतिहास के कसीदें पढ़ने से राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव क्षीण होता है। ऐसी स्थितियों में राष्ट्रीय एकता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के गौरवपूर्ण क्षण कैसे सामने आ सकते हैं। झूठे इतिहास के कारण लोग संगठित कैसे हो सकते हैं? उनके स्वर विपरीत ही होते हैं, जिससे एक-दूसरे से जुड़ना तो दूर आपसी द्वेष, नफरत एवं द्वंद्व की स्थितियां ही राष्ट्र पर हावी होती है। सही इतिहास जानने की इस महत्ता से हमारे नीति-निमार्ता अनभिज्ञ रहे हैं। अन्यथा इस विषय पर यहां इतनी दलबंदी न होती। हमें एक असहिष्णु, उन्मादी एवं कट्टरवादी समाज बनने के रास्ते पर ही नहीं, बल्कि भीतर से ज्यादा से ज्यादा विभाजित एवं कमजोर समाज बनने के रास्ते पर धकेला जा रहा है। इस तरह की स्थितियां एवं मुहिमें देश की एकता एवं अखण्डता पर आघात करती है। भारतीयों ने गणित व खगोल विज्ञान पर प्रामाणिक व आधारभूत खोज की। शून्य का आविष्कार, पाई का शुद्धतम मान, सौरमंडल पर सटीक विवरण आदि का आधार भारत में ही तैयार हुआ। वसुधैव कुटुम्बकम का विचार इसी देश ने किया। अहिंसा यहां की जीवनशैली का सौन्दर्य रहा है, विविधता में एकता को हमने जीकर दिखाया है, लेकिन हमारी उदारता को आक्रांताओं एवं विभाजनकारी ताकतों ने हमारी कमजोरी मान लिया है। यही कारण है कि तात्कालिक एवं अतीत की कुछ नकारात्मक घटनाओं व प्रभावों ने जो धुंध हमारी सांस्कृतिक जीवन-शैली पर आरोपित की है, उसे सावधानी पूर्वक हटाना होगा। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और सवारें तथा उसकी मजबूत आधारशिला पर खडे.होकर नए मूल्यों व नई संस्कृति को निर्मित एवं विकसित करें। ऐसा करके ही हम नया भारत-सशक्त भारत निर्मित कर पायेंगे। समृद्ध संस्कृति भारत की एक विरासत है। इसमें धर्म, अध्यात्मवाद, ललित कलाएं, ज्ञान विज्ञान की विविध विधाएं, नीति, दर्शन, विधि, विधान, जीवन प्रणालियां और वे समस्त क्रियाएं और कार्य हैं जो उसे महान बनाती है। समय-समय पर इसका विविध संस्कृतियों के साथ संघर्ष, मिलन, परिवर्तन, परिवर्धन और आदान-प्रदान हुआ है। भारतीयों की अनेक भावनाओं पर शताब्दियों से समय-समय पर आती रहने वाली विविध जातियों ने बहुत पहले से ही अपना न्यूनाधिक प्रभाव डाल रखा था। परंतु इस्लाम के आ जाने पर भारतीय संस्कृति में एक हलचल सी मच गयी, सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करने के सलक्ष्य प्रयत्न हुए, कला, धार्मिकता, शिल्प के मन्दिरों को ध्वस्त करके मस्जिदों का निर्माण कराया गया।

# क्या घुड़की देना भी भूल गया भारत?

**राकेश अचल**

बात हिन्दू और मुसलमान की नहीं है, मानवाधिकारों की है, जिनका खुल्ल्म-खुल्ला उललंघन पड़ौसी देश बांग्लादेश में हो रहा है। संयोग ये है कि जो लोग बांग्लादेश की सत्ता के निशाने पर हैं वे हिन्दू हैं। बांग्लादेश के हिन्दू बांग्लादेश के हिन्दू हैं, भारत के नही। वे वहां अल्पसंख्यक हैं और लगातार बहुसंख्यक समाज की ज्यादती के शिकार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों से भारत का बहुसंख्यक हिन्दू समाज विचलित है। बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है किन्तु हिंदूवादी भारत की सरकार मौन है। सरकार लगता है अब हिन्दू राष्ट्र होने के मुगालते के बाद पड़ौसियों को घुड़की देना भी भूल गयी है। बांग्लादेश में आज हो रहे घटनाक्रम को देखकर मुझे 53 साल पहले की वे घटनाएं याद आ रहीं हैं जो बांग्लादेश बनने के पहले पाकिस्तान के बंगाल में हो रही थीं। उस दौर में भी तत्कालीन पाकिस्तानी सत्ता ने बंगालियों पर बर्बरता की तमाम हदें तोड़ दीं थीं। पीड़तों का आर्तनाद सुनकर भारत की तत्कालीन सरकार ने उस समय जो कदम उठाये थे, उनके बारे में आज की सरकार सोच भी नहीं सकती, क्योंकि तब भारत के पास एक फील्ड मार्शल मानेक शा थे, एक प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी थीं। आज न हमारे पास कोई फील्ड मार्शल है और न कोई इंदिरा। ये हकीकत है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर ज्यादती बांग्लादेश का आंतरिक मामला है लेकिन जब इस घटनाक्रम से भारत का जन मानस उद्वेलित है तो भारत की सरकार को कुछ तो सोचना चाहिए। मुझे लगता है कि जिस तरह से भारत ने अघोषित रूप से बांग्लादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण दी हुई है उसी तरह उसे बांग्लादेशी हिन्दुओं पर ज्यादतियों को लेकर बांग्लादेश की मौजूदा अस्थाई सरकार पर दबाब डालकर हिंसा को रोकने के प्रयास करना चाहिए। जरूरी नहीं है कि इसके लिए बांग्लादेश पर हमला किया जाये, लेकिन बांग्लादेश को घुड़की तो दी ही जा सकती है। भारत में चौतरफा धर्मध्वजाएं लेकर मार्च करने वाले मठाधीशों को भी इस मुद्दे पर सरकार पर दबाब डालना ही चाहिए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के ऊपर जिस तरह का अत्याचार हो रहा है, वो साफ तौर पर सत्ता पोषित है। ये सब करने की हिम्मत बांग्लादेश की सत्ता में कहाँ से आयी होगी इसका अनुमान लगाया जाना चाहिए। असहिष्णुता और नफरत की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। हमारे यहां पिछले एक दशक से जिस तरह से सत्तापोषित नफरत फल-फूल रही है ठीक वैसे ही हालात बँगला देश में हैं, और शायद इसी लिए भारत सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करने का नैतिक बल खो चुकी है। हैरानी की बात ये है कि भारत की जो सरकार रूस और यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए दखल कर सकती है वो सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रही ज्यादतियों के मामले में दखल नहीं दे पा रही है। भारत के प्रधानमंत्री अफ्रीकी देशों की यात्रा कर चुके हैं लेकिन तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद बांग्लादेश जाने की जरूरत उन्होंने नहीं समझी। मुमकिन है कि उन्हें आशंका हो कि बांग्लादेश उनसे अपेक्षित सौजन्यता न दिखाए। बांग्लादेश में इस समय सत्ता की बागडोर जिन हाथों में है उन हाथों में शांति का नोबुल पुरस्कार भी आ चुका है, फिर भी वे हाथ अपने यहां साम्प्रदायिक हिंसा को नहीं रोक पार रहे हैं। सम्प्रदायक हिंसा बांग्लादेश में हो या किसी और देश में आसानी से रोकी भी नहीं जा सकती। हमारे यहां मणिपुर में तो साम्प्रदायिक हिंसा को डेढ़ साल हो चुके हैं। जब हम मणिपुर को नहीं सम्हाल पा रहे तो कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि बांग्लादेश अपने यहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर होने वाली हिंसा को सम्हाल लेगा? साल भर पहले तक बांग्लादेश भारत का प्रिय मित्र था। बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के समय उनके शपथ ग्रहण में शामिल होने दिल्ली भी आयीं थीं, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को बांग्लादेश आने का निमंत्रण भी दिया था, लेकिन वे शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहते बांग्लादेश जा नहीं पाये। अब तो ाांग्लादेश जाने कि कोई सूरत भी नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्ता पलट होने के बाद अंतरिम सरकार से भारत की बन नहीं पायी, उलटे भारत-बांग्लादेश के संबंधों में कड़वाहट शुरू हुई और अब चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी के बाद दोनों देशों के बीच काफी तल्ख कूटनीतिक भाषा का इस्तेमाल हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद : पुलिस ने दबोचे दो शराब तस्कर

फरीदाबाद, । शराब तस्करी करने वाले दो आरोपियों को थाना ओल्ड पुलिस टीम ने शुक्रवार को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना ओल्ड की पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी पंकज (34) वासी गांव रोसरा जिला समसतीपुर बिहार हाल फ्रैंडस कॉलोनी को फ्रैंडस कॉलोनी से पुलिस चौकी सेक्टर-19 की टीम ने काबू किया है। आरोपी से 60 पव्वे बरामद हुए है वहीं आरोपी सन्नी (31) वासी कृष्णा कॉलोनी सेक्टर-20 बी को किसान मजदुर कॉलोनी बाईपास रोड ओल्ड फरीदाबाद से थाना ओल्ड की टीम ने काबू किया है। आरोपी से 56 पव्वे बरामद किए है। दोनों आरोपियो के विरुद्ध थाना ओल्ड में शराब तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में समने आया कि पैसे कमाने के लालच में शराब बेचते हैं। दोनों आरोपियो के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई है।

### सरसों के तेल का वितरण अब 31 दिसंबर 2024 तक होगा : डीसी

फरीदाबाद, । डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि निदेशालय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त मामले विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़ द्वारा मास नवम्बर 2024 हेतु आंबटित गेहूं/बाजरा के वितरण की अवधि दिनांक 19 दिसम्बर 2024 तक बढ़ा दी गई है। इस प्रकार जो लाभार्थी मास नवम्बर 2024 हेतु आबंटित गेहूं/बाजरा प्राप्त करने से वंचित रह गये है, वे अपने नजदीक डिपो धारक से दिनांक 19 दिसंबर 2024 तक मास नवम्बर 2024 का गेहूं/बाजरा प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त सरसों तेल के वितरण की अवधि दिनांक 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है। इस प्रकार जो लाभार्थी मास नवम्बर 2024 हेतु आबंटित सरसों तेल प्राप्त करने से वंचित रह गये है, वे अपने नजदीक डिपो धारक से दिनांक 31 दिसंबर 2024 तक मास नवम्बर 2024 का सरसों तेल प्राप्त कर सकते है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सहायक खाद्य एव आपूर्ति अधिकारी, बल्लभगढ़- 7838455860, सहायक खाद्य एव आपूर्ति अधिकारी, एनआईटी फरीदाबाद- 9466285499 और सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, ओल्ड फरीदाबाद- 8076060035 से दिए गए नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

### आमजन की सुविधा के लिए लगाए जा रहे हैं समाधान शिविर : डीसी

फरीदाबाद, । प्रदेश सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से शुरू किए गए समाधान शिविर में डीसी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 10:00 बजे से समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में एसडीएम शिखा, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। डीसी ने समस्याओं के जल्द समाधान के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर समाधान शिविर में पहुंचे लोगों ने कहा कि सभी अधिकारी एक जगह पर मिलने से इनको काफी राहत मिली है। बता दें कि जिला मुख्यालय के साथ उपमंडल स्तर पर भी संबंधित एसडीएम द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई की जा रही है। एक-एक कर डीसी ने फरियादियों को अपने समक्ष बुलाकर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वें नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। सरकार के निदेर्शानुसार जरूरतमंद लोगों को पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

### फरीदाबाद : दहेज हत्या के मामले में आरोपित पति को गिरफ्तार

फरीदाबाद । दहेज हत्या मामले में आरोपित पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि थाना सेक्टर-58 में फतेहपाल वासी बदरपुर दिल्ली ने एक शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसकी बेटी भारती की शादी मार्च 2024 में सूरज निवासी सेक्टर-56 ए फरीदाबाद में हुई थी। शादी के बाद से ही पति सूरज, सास, ससुर, नन्द, जेठ के द्वारा दहेज के लिए भारती को प्रताडित करने लग गए थे। दहेज प्रताडना के कारण भारती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी शिकायत पर थाना सेक्टर-58 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया

# उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और चित्रकूट में दो सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता




पीलीभीत/चित्रकूट, । उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और चित्रकूट जिलों में शुक्रवार सुबह दो सड़क हादसों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीलीभीत के नेउरिया थाना क्षेत्र में एक कार पेड़ से टकरा गई और इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। कार में 11 लोग सवार थे। पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार पांडे ने बताया, उत्तराखंड के खटीमा से कुछ लोग यहां एक शादी में शामिल होने आए थे। वे कार से वापस जा रहे थे। कार में 11 लोग सवार थे। कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वह सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। उन्होंने कहा, चिकित्सकों ने हमें बताया कि तीन लोगों को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जबकि दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया झ कुल पांच लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक अन्य यात्री ने इलाज के दौरान दम तोड़ दियाजिसके बाद पुलिस ने मरने वालों की संख्या छह बताई। पांडे ने बताया कि घायलों में से चार को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जबकि दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, घायलों को हर संभव चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा रही है। चित्रकूट में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि एक जीप और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। सिंह ने बताया, घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे रायपुरा थाना क्षेत्र में हुई। जीप प्रयागराज से आ रही थी जबकि ट्रक रायपुरा से प्रयागराज जा रहा था और अचानक दोनों में टक्कर हो गई। एसपी ने बताया, जीप में 11 लोग सवार थे, जिनमें से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि बाकी छह को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, पीलीभीत में बचाव अभियान डेढ़ घंटे से अधिक समय तक जारी रहा जिसमें कार पर गिरे पेड़ को हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया, इसके बाद घायलों को निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। पांडे ने कहा कि पीड़ित उत्तराखंड के खटीमा जिले के जमौर गांव से थे। पुलिस ने मृतकों की पहचान मुन्नी (65), मंजूर अहमद (60), बहिउद्दीन (55), शरीफ अहमद (60), शाह आलम (35), रकीम (11) के रूप में की है। नेउरिया थाने की प्रभारी रूपा बिष्ट ने बताया कि यात्री एक शादी समारोह में शामिल होने गये थे। बिष्ट ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार को काटकर यात्रियों को निकालना पड़ा। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने जिला अधिकारियों को राहत प्रयासों में तेजी लाने और प्रभावित लोगों को उचित सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# उत्तर रेलवे के मुराादाबाद मण्डल कार्यालय मे मनाई गई बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



अमरोहा/मुरादाबाद। भारतीय संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव आम्बेडकर की पुण्य तिथि पर शुक्रवार को उत्तर रेलवे मुरादाबाद मण्डल के मण्डल कार्यालय के मनन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आधुनिक भारत के आधार स्तम्भ एवं देश को एकता, अखंडता, समानता, एकरसता तथा सद्भावना के सूत्र में पिरोने वाले विराट व्यक्तित्व भारतरत्न बाबासाहेब, डॉ० भीमराव अम्बेडकर की परिनिर्वाण दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) राकेश सिंह द्वारा बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। तदोपरांत वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अजय सोयल, सचिन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ श्रीमती इन्द्रजीत कौर तथा मण्डल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्तएस.सी.एस.टी.एसोसिएशन के मण्डल मंत्री विनोद कुमार, ओ.बी.सी. एसोसिएशन के मण्डल मंत्री संजय यादव तथा दोनों यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं अनेक महिला एवं पुरूष कर्मचारीगणों ने बाबा साहेब डा. भीम राव रामजी आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यापर्ण कर अपनी श्रृद्धांजलि अर्पित की तथा सभागार में उपस्थित सभी ने अपने विचार प्रकट करते हुए डॉ भीमराव आंबेडकर जी के जीवन संघर्ष एवं उनके द्वारा समाज को प्रदान की गयी शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए याद किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) राकेश सिंह ने डॉ अम्बेडकर के तेजस्वी व्यक्तित्व एवं उनके महान कृतित्वों का उल्लेख करते हुए बाबासाहेब को राष्ट्र की एकता, समरसता, अखंडता, बंधुत्व एवं स्वतंत्रता का प्रबल प्रणेता बताते हुए उनको राष्ट्र के उत्थान, प्रगति, समृद्धि एवं सशक्त भारत के निमार्ता की संज्ञा दी तथा समस्त रेलकर्मियों का आवाहन करते सभी को बाबासाहेब द्वारा दर्शाए गए मार्ग पर चलने एवं उनके सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए राष्ट्र सेवा करने की अपेक्षा की। कार्यक्रम मे बताया गया है 06 दिसम्बर 1956 बाबा साहेब डा.भीमराव आम्बेडकर का देहावसान हुआ था। संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू छावनी / मध्य प्रदेश में हुआ था। भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर ने विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा को प्राप्त किया तथा अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया।

# 9 दिसंबर को जिले भर में भाजपा मंडल अध्यक्षों का होगा चुनाव



प्रात : किरण, संवाददाता

रामपुर।भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में आगामी संगठन चुनाव की तारीख हुए तय की गई। 9 दिसंबर को जिले में मंडल अध्यक्ष पद का चुनाव होगा। जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बैठक में उपस्थित सभी मंडल चुनाव अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को सूचना करके निर्धारित तारीख पर शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराए। 10 दिसंबर को फाइनल सूची घोषित करे, उसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव होना है और आपको जानकारी दी कि जिला अध्यक्ष के चुनाव को देखने के लिए रामपुर, मुरादाबाद महानगर, और मुरादाबाद जिले का चुनाव देखने के लिए पर्वेक्षक, प्रदेश के विधान परिषद के सदस्य और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह देखेंगे, बैठक में जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडे, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सौरभ पल लोधी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, शिवा शर्मा, मंडल चुनाव अधिकारी सुरेश बाबू गुप्ता, चेयरमैन दिनेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुखदेव चीमा, ओम प्रकाश सैनी, नरेंद्र सिंह, नरेश सैनी, भूपेंद्र सिंह लोधी, जमना प्रसाद लोधी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# योगी करेंगे अरैल फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता



महाकुम्भनगर, । महाकुम्भ 2025 के दौरान स्वच्छता को प्राथमिकता देने की कवायद के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को यहां अरैल फीकल स्लज ट्रीटमेंट संयंत्र का निरीक्षण करेंगे। जल निगम नगरीय विभाग के अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि योगी सात दिसंबर को अपने प्रयागराज दौर पर अरैल स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करेंगे। ये ट्रीटमेंट प्लांट जून महीने से नैनी, महेवा और आस-पास के घरेलू सेप्टिक टैंक के स्लज को ट्रीट कर रहा है। यहां से ट्रीटेड स्लज झूंसी के को-ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाता है, वहां से फाइनली 10 से 20 बीओडी का ट्रीटेड पानी छोड़ा जाता है। उन्होने बताया कि महाकुम्भ 2025 में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। स्वच्छ और स्वस्थ महाकुम्भ के लिये मेला क्षेत्र को पूरी तरह ओडीएफ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना के मुताबिक मेला क्षेत्र में रिकॉर्ड डेढ़ लाख शौचालय बनाए जा रहे हैं। मेला क्षेत्र के शौचालयों के स्लज का निस्तारण करने के लिए जल निगम, नगरीय ने तीन अस्थाई और नैनी, झूंसी के स्थाई एसटीपी और अरैल के फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की मदद से किया जाएगा। कुमार ने बताया कि महाकुम्भ के स्लज निस्तारण के लिये बार्क की मदद से मेला क्षेत्र में तीन अस्थाई एसटीपी बनाए गये हैं। इन एसटीपी तक स्लज पहुचांने का कार्य विभाग के नौ सेसफुल व्हीकल और सीवेज पाइप लाइन करेंगी। जल निगम में इसके लिए चार हजार लीटर कैपिसिटी के चार, 3 हजार लीटर के तीन और हजार लीटर के दो सेसफुल व्हीकल मेला क्षेत्र में नियमित स्लज निस्तारण का कार्य करेंगे। मेला क्षेत्र का शेष गंदा पानी सीवेज पाइप लाइन से सीधे एसटीपी तक पहुंचेगा। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के स्लज का अतिरिक्त दबाव प्रयागराज शहर पर न पड़े इसके लिए जल निगम ने पहले ही अलोपी पम्पिंग स्टेशन की क्षमता विस्तारीकरण का कार्य पूरा कर लिया है। अलोपी पम्पिंग स्टेशन की क्षमता 45 केएलडी से बढ़ा कर 80 केएलडी करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। 10 दिसंबर से राइजिंग के कार्य के बाद अलोपी पम्पिंग स्टेशन पूरी क्षमता से कार्य करने लगेगा। इसके दोनों ओल्ड और न्यु सम्प की वर्किंग शुरू हो जाएगी।

# एडीएम ने किया वासुदेव तीर्थ स्थल पर विकास कार्यों का निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

अमरोहा। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बृजेश त्रिपाठी द्वारा जनपद मे वंदन योजना के अन्तर्गत वासुदेव तीर्थ चयनित स्थल पर कराये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में वासुदेव तीर्थ स्थल में छादक, प्रकाश व्यस्था, बेन्च, सौन्दर्गीकरण, नाला निर्माण आदि का निर्माण/विकास कार्य कराया जा रहा है।

कैन्टीन, पार्क आदि निमार्णाधीन पाये गये तथा ग्रेनाईट स्टोंन लगता हुआ पाया गया। इनकी गुणवत्ता स्टीमेंट के अनुसार रखा जाये निर्देश दिये गये की कार्य गुणवत्ता युक्त कराया जाये अन्यथा अधोमानक कार्य पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।निरीक्षण के समय प्रकाश व्यवस्था हेतु लगाये गये पोल स्थापित नही पाये गयें, केबल डालने का कार्य किया जा रहा है। प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रयोग होने वाली सामग्री उपकरण आदि की टैस्टिंग के लिये प्रयोगशाला विद्युत विभाग को भेजा जाये जिससे प्रकाश व्यवस्था में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता सुचारू की जायें।

वासुदेव तीर्थ स्थल पर निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाली समाग्री की जाँच के लिए सामग्री प्रयोगशाला, लोक निर्माण विभाग अमरोहा भेजी जाये, जिससे निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनी रहें।

वासुदेव तीर्थ स्थल पर गंदगी पायी गयी, जगह-जगह अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद अमरोहा को निर्देशित किया जाता है कि वासुदेव तीर्थ स्थल पर नियमित साफ-सफाई हेतु एक सफाई नायक व सफाई कर्मचारी की नियमित डयूटी लगायी जाये जिससे वासुदेव तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को यहाँ को कठिनाई न होने पायें।

इस अवसर पर एस०के० जैन सहायक अभियन्ता प्रा०ख० लोक निमार्ण विभाग अमरोहा, अरविन्द कुमार, अवर अभियन्ता, सिविल नगर पालिका परिषद अमरोहा संबंधित ठेकेदार शिवम गुप्ता मौके पर उपस्थित थे।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिये सदैव आगे रहे सिख पंथ के अनुयायी: योगी

प्रातः किरण संवाददता



लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख पंथ के अनुयायियों ने अपनी साधना और सामर्थ्य से अपने कौम के साथ-साथ पूरे देश को और पूरे सनातन धर्म को न केवल सुरक्षा प्रदान की बल्कि एक लंबे समय के लिए उन्हें अभय भी प्रदान किया। यहियागंज गुरुद्वारा में गुरु परंपरा के नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर सीएम योगी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम योगी ने उनके बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने उस समय कश्मीर को बचाया था जब वहां के सनातन धर्मावलंबियों को विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म परिवर्तन करने का आदेश मिला था। गुरु जी ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था। धर्म परिवर्तन के आदेश के बाद सुरक्षा के लिए भटक रहे कश्मीरी पंडितों को न सिर्फ नया जीवन दिया था, बल्कि उनसे कहा था कि अत्याचारियों से कह दो कि पहले हमारे गुरु को इस्लाम स्वीकार कराओ। गुरु तेग बहादुर ने हमेशा देश और धर्म को प्राथमिकता दी और किसी विदेशी आक्रांता के सामने सिर नहीं झुकाया। श्री योगी ने कहा कि वह कैसा कालखंड रहा होगा जब एक विदेशी आक्रांता बाबर देश के अंदर अत्याचार कर रहा था, उसके खिलाफ गुरु नानक देव जी ने आवाज उठाई थी। सीएम ने कहा कि इतिहास के उन पन्नों को कौन नहीं जानता है जब भक्ति की इस परंपरा से ऊपर उठकर उन्होंने समय के साथ तात्कालिक समाज को एक नई दिशा देने का काम किया था। वहां से चलकर हम शहादत और बलिदान की एक सुदृढ़ नियम को आगे बढ़ाते हुए गुरु गोविंद सिंह महाराज तक पहुंचे। ह्यवह भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे सीएम योगी ने कहा वह शक्ति का एक दिव्य पुंज बन करके न केवल सनातन धर्म की रक्षा के लिए बल्कि भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे। योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर अपनी शहादत के पहले सनातन धर्म की रक्षा के लिए, देश और धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जैसा सशक्त शक्तिपुंज भी देश को दिया। उनके चार-चार साहिबजादे बलिदान हो गए।

उन्होंने कहा हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में आयोजित करने की घोषणा की।

यह मेरा सौभाग्य है कि वीर बाल दिवस सन 2020 से लगातार मुख्यमंत्री आवास में पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है।

पूरा संत समाज इसमें शामिल होता है।

हम गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार-चार साहिबजादे और माता गुजरी को नमन करते हुए आज के युवा पीढ़ी के लिए और आज के बच्चों के सामने एक नया आदर्श शहादत के रूप में सामने रखते हैं जो आज के लिए देश और धर्म के लिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



अमरोहा।मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस-05 के अंतर्गत जनपद स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आदेशों के अनुपालन में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अमरोहा, विभा श्रीवास्तव के अध्यक्षता में ह्नहक की बात जिलाधिकारी के साथह्व कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया।जिसमें उपजिलाधिकारी ने गंभीरता के साथ महिलाओं की शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया एवं कहा गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलताए लापरवाही न बरती जाए। ह्नहक की बात जिलाधिकारी के साथह्व कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं द्वारा भी मन मे उठने वाले जिज्ञासा एवं अपना करियर चुनने से सम्बन्धित प्रश्न भी किया। उपजिलाधिकारी महोदया ने बालिकाओं के द्वारा पूछे गये सारे प्रश्नों का उत्तर भी दिया। कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना के सम्बन्ध में तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसने योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजनाए निराश्रित पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गयाए साथ ही वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक एवं बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बालश्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला प्रावेशन कार्यालय के समस्त कार्मिक एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित समस्त अधिकारी, आगंनवाडी, अध्यापिकायें आदि उपस्थित रहे ।

# यापार मंडल के पदाधिकारियों ने की बंदरों को पकड़वाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। नगर में इन दिनों नगरवासी बंदरों के हमलों से परेशान हैं। बंदर लोगों के घरों में घुसकर उन पर हमला कर घायल व उनके समान में तोड़ फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी समस्या के संबंध में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल (पंजी) के अध्यक्ष आसिफ रईस के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों द्वारा शुक्रवार को नगर पालिका परिषद जाकर एक ज्ञापन अधिशाषी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल को सौपा है। ज्ञापन में उल्लेखित किया गया कि नगर के लोग बंदरों के आतंक से परेशान हैं। बंदर मकान में अंदर घुसकर खाद्यान्न सामग्री उठा ले जाते हैं और सामग्री को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बंदरों से परेशान लोगों का अपनी छत पर जाना भी मुश्किल हो गया । बंदरों के हमले से मौहल्ले के बच्चे भी घायल हो रहे हैं। पिछले दिनों बंदर के काटने से बचने के लिए युवक के गिर जाने से मौत हो चुकी है। नगर वासियों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही है। इनको पकड़ने के लिए पालिका द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जाने चाहिए। जिससे बंदरों के द्वारा लोगो पर हो रहे हमलों पर रोक लग सके। व्यापार मंडल ने ज्ञापन देकर बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि जल्दी ही इस पर कार्यवाही की जाएगी और बंदरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाए जाएगी। जिसमे मौजूद व्यापार मंडल अध्यक्ष आसिफ रईस, कोषाध्यक्ष फैजान खान, जुबैर जैदी, दानिश फरीदी,हरिओम, सत्यकाम पुष्पक फैसल,दानिश जैदी, उदित वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# विधायक आकाश सक्सेना ने किया रामलीला ग्राउंड में रामलीला मंच का शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता,



रामपुर/मसवासी। रामपुर 37 नगर विधानसभा विधायक आकाश कुमार सक्सेना उर्फ हनी ने नगर पंचायत मसवासी मैं मोहल्ला चाऊपुरा में रामलीला ग्राउंड में मंच व स्थल एवं साप्ताहिक बाजार में स्ट्रीट वेंडर हेतू शैड के निर्माण कार्य का ईट रखकर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में बोलते हुए रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि आज मोदी जी एवं योगी जी के कार्यकाल में देश दिन दुना रात चौगुनी तरक्की कर रहा है उनका आदेश हमारे लिए पत्थर की लकीर है। उन्होंने कहा कि आज कल वही चुनाव जीतता है जिसका जनता से पारिवारिक रिश्ता होता है आजम खान जब आता था तब यह कहता था कि मैंने स्वार टांडा में ये कर दिया, मैंने वह कर दिया पैसा किसी के बाप का नहीं है पैसा जनता का है। मेरे पिता शिव बहादुर सक्सेना ने अपने कार्यकाल में स्वार टांडा विधानसभा में प्रत्येक गांव में सड़क बनवाई खूब विकास कराया जिसके बोर्ड अभी तक अनेक गांवों में लगे हुए हैं लेकिन विपक्ष द्वारा उन गांवो की तरफ कोई विकास नहीं किया गया आपको अपनी ताकत को पहचानना होगा उन्होंने कहा कि मेरा कार्यालय हर समय हर किसी के लिए खुला हुआ है जिसे तुरंत निस्तारण होगा। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रघुवीर सिंह आर्य, सतनाम सिंह ढिल्लों, संसार सिंह, दिनेश चंद शर्मा, संजीव कुमार वर्मा, राजकुमार चौहान, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, लेखा लिपिक अमित चंद्रा, रामपाल सिंह चौहान, राजू सैनी, जितेंद्र चंद्रा, कुलदीप मौर्य, परमिंदर मौर्य, बृजनंदन सागर, अनिल दिवाकर, महेश भारद्वाज ,संतोष मौर्य, विकास देवल आदि काफी संख्या में लोग रहे।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पानी के टैंकर से टकराई बस, आठ लोगों की मौत, 12 घायल

कन्नौज । लखनऊ से दिल्ली जा रही एक बस शुक्रवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पौधों की सिंचाई करने वाले पानी के एक टैंकर से टकराने के बाद पलट गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में 12 यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पास के इटावा जिले के सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कन्नौज के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा, यह दुर्घटना अपरा करीब दो बजे सकरावा इलाके में हुई, जब बस एक्सप्रेसवे पर पानी के टैंकर से टकरा गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस दुर्घटना में आठ यात्रियों की मौत हो गई और 12 अन्य घायलों का सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए भेज दिया गया।

दुर्घटना के समय वहां से गुजर रहे जल शक्ति राज्य मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने घायलों को बचाने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने के लिए अपना काफिला रुकवाया।

सिंह ने कहा, पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और उन्हें घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

हमें सड़कों पर अधिक सावधान रहने और यातायात नियमों, सुरक्षा उपायों का पालन करने की आवश्यकता है।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिये सदैव आगे रहे सिख पंथ के अनुयायी: योगी

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख पंथ के अनुयायियों ने अपनी साधना और सामर्थ्य से अपने कौम के साथ-साथ पूरे देश को और पूरे सनातन धर्म को न केवल सुरक्षा प्रदान की बल्कि एक लंबे समय के लिए उन्हें अभय भी प्रदान किया। यहियागंज गुरुद्वारा में गुरु परंपरा के नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर सीएम योगी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम योगी ने उनके बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने उस समय कश्मीर को बचाया था जब वहां के सनातन धर्मावलंबियों को विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म परिवर्तन करने का आदेश मिला था। गुरु जी ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था। धर्म परिवर्तन के आदेश के बाद सुरक्षा के लिए भटक रहे कश्मीरी पंडितों को न सिर्फ नया जीवन दिया था, बल्कि उनसे



कहा था कि अत्याचारियों से कह दो कि पहले हमारे गुरु को इस्लाम स्वीकार कराओ। गुरु तेग बहादुर ने हमेशा देश और धर्म को प्राथमिकता दी और किसी विदेशी आक्रांता के सामने सिर नहीं झुकाया। श्री योगी ने कहा कि वह कैसा कालखंड रहा होगा जब एक विदेशी आक्रांता बाबर देश के अंदर अत्याचार कर रहा था, उसके खिलाफ गुरु नानक देव जी ने आवाज उठाई थी। सीएम ने कहा कि इतिहास के उन पन्नों को कौन नहीं जानता है जब भक्ति की इस परंपरा से ऊपर उठकर उन्होंने समय के साथ तात्कालिक समाज को एक नई दिशा देने का काम किया था। वहां से चलकर हम शहादत और बलिदान की एक सुदृढ़ नियम को आगे बढ़ाते हुए गुरु गोविंद सिंह महाराज तक पहुंचे। वह भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे सीएम योगी ने कहा वह शक्ति का एक दिव्य पुंज बन करके न केवल सनातन धर्म की रक्षा के लिए बल्कि भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे। योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर अपनी शहादत के पहले सनातन धर्म की रक्षा के लिए, देश और धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जैसा सशक्त शक्तिपुंज भी देश को दिया। उनके चार-चार साहिबजादे बलिदान हो गए। उन्होंने कहा ह्यह्यहम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में आयोजित करने की घोषणा की। यह मेरा सौभाग्य है कि वीर बाल दिवस सन 2020 से लगातार मुख्यमंत्री आवास में पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। पूरा संत समाज इसमें शामिल होता है। हम गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार-चार साहिबजादे और माता गुजरी को नमन करते हुए आज के युवा पीढ़ी के लिए और आज के बच्चों के सामने एक नया आदर्श शहादत के रूप में सामने रखते हैं जो आज के लिए देश और धर्म के लिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ में उप निरीक्षक का शव बरामद

लखनऊ, । लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक उप निरीक्षक का शव बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस आयुक्त (दक्षिण) राजेश कुमार यादव ने शुक्रवार को बताया कि चार दिसंबर दोपहर करीब दो बजे सूचना मिली कि मझगवां गांव के पास एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर सुशांत गोल्फ सिटी की पुलिस मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद शव की शिनाख्त कौशांबी जिले के उप निरीक्षक ध्यान सिंह (39) के रूप में की गई। सुशांत गोल्फ सिटी थाने के प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि ध्यान सिंह लखनऊ में पुलिस मुख्यालय में तैनात थे। मामले की जांच की जा रही है।

### महागुन मेजरिया सोसाइटी में निवासियों ने किया बिल्डर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

नोएडा, । नोएडा के महागुन मेजरिया सोसाइटी में एक गंभीर विवाद सामने आया है, जहां निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। खराब रखरखाव, सुरक्षा के लगातार हादसे और रजिस्ट्री न होना निवासियों को परेशानी बन गया है। सोसाइटी के निवासी लंबे समय से लगातार समस्याओं से जूझ रहे हैं। हाल ही में स्विमिंग पूल की हॉट वॉटर मशीन के फटने से एक गंभीर हादसा हुआ, जिसमें दो लोग घायल हो गए। यह घटना बिल्डर की लापरवाही का एक स्पष्ट उदाहरण है। प्राधिकरण के बकाया न चुकाने के कारण दो टावरों को अभी तक ऑक्यूपेंसी और कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं मिल पाए हैं। इस समस्या के चलते लगभग 500 निवासी अपनी रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अनिश्चितता में डूबा हुआ है।

### गुलशन बोटनिया सोसाइटी में लिफ्ट में फंसे लोग, 20 मिनट तक लगाते रहे गुहार

नोएडा, । नोएडा सेक्टर-144 में स्थित गुलशन बोटनिया सोसाइटी में लिफ्ट अटकने की घटना सामने आई है, जहां लोग लगभग 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने सोसाइटी के निवासियों में असंतोष और चिंता पैदा की है। जानकारी के अनुसार, सोसाइटी के निवासियों को लिफ्ट में फंसने के बाद काफी समय तक संघर्ष करना पड़ा। लोगों ने बाहर निकलने के लिए लगातार मदद की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उनकी मदद नहीं की। इस दौरान फंसे हुए लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल था। सोसाइटी के सदस्यों ने इस गंभीर मामले पर नोएडा प्राधिकरण से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने लिफ्ट की खराब स्थिति और रखरखाव की कमी पर चिंता जताई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि लिफ्ट में फंसे लोग कैसे मदद के लिए पुकार रहे थे। कुछ लोग लिफ्ट में फंसे हुए है लिफ्ट आधी दिख रही है। इस दौरान न ही कोई बाहर निकल सकता है न ही कोई अंदर जा सकता है।

### आईएमएस नोएडा में 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

नोएडा, । नोएडा के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) में एक नई पहल हुई है। संस्थान ने 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया, जिसमें डिजाइन थिंकिंग के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों पर चर्चा की गई। महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डिजाइन थिंकिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दृष्टिकोण केवल तकनीकी समाधानों तक सीमित नहीं है, बल्कि शैक्षिक और सामाजिक मुद्दों के लिए एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण है। एफडीपी के संयोजक प्रो. राहुल पांडे ने बताया कि संस्थान दो सत्रों में यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। प्रतिभागियों को समूह कार्य, केस स्टडी और इंटरैक्टिव वर्कशॉप के माध्यम से अपनी समस्या-समाधान क्षमता को बेहतर बनाने का अवसर मिला। कार्यक्रम में शिक्षकों ने शिक्षा में विभिन्न चुनौतियों जैसे कक्षा में छात्रों की कम भागीदारी, पाठ्यक्रम की रुचि और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर गहन विमर्श किया। विषय विशेषज्ञों ने डिजाइन थिंकिंग के विभिन्न चरणों-समस्या पहचान, सहानुभूति, विचार-प्रक्रिया, प्रोटोटाइप निर्माण और परीक्षण पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। प्रो. पांडे ने जोर देकर कहा कि यह प्रयास शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# संविधान की प्रति दिखाने वाले बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर मौन क्यों : योगी

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये कहा कि संविधान की प्रति दिखा कर ढोंग करने वाले आज बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्ध और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रही जुल्म ज्यादती पर मौन साधे हुये हैं। विधानसभा मार्ग स्थित आंबेडकर महासभा परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को कट्टरपंथियों द्वारा मारा जा रहा है। उन्हें जलाया जा रहा है उनकी संपत्तियों को लूटा जा रहा है। इतना ही नहीं माता और बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जब तक वहां जिन्ना का जिन्न रहेगा तब तक इस तरह की अराजकता होती रहेगी। वहां पर गरीबों और वंचितों का शोषण हो रहा है। यह पाप 1947 में देश के विभाजन के रूप में सभी के सामने आया था। उसी का बदसूरत स्वरूप बांग्लादेश के रूप में फिर हमारे सामने है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 1947 में पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की बड़ी तादाद में आबादी थी। बांग्लादेश में 1971 तक 22 प्रतिशत हिंदू रहते थे, आज वह घटकर छह से आठ फीसदी रह गये हैं। आज वहां जो कुछ भी हो रहा है, अगर इसी तरह नरसंहार चलता रहा तो यह संख्या बहुत सीमित रह जाएगी। इसको लेकर आवाज उठनी शुरू हो गयी है। यह आवाज वही उठा रहे हैं, जो दलितों के काम करना चाहते हैं। वहीं जो लोग हमेशा दलितों को अपना वोट बैंक बना करके उनका शोषण करते आए हैं, वह बांग्लादेश की घटना पर मौन हैं। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकल रहा है क्योंकि वह सच स्वीकार नहीं कर सकते हैं और सच बोल भी नहीं सकते हैं। उनमें बोलने का सामर्थ्य नहीं है इसलिए वह बांग्लादेश के दृश्य पर मौन हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग सिर्फ संविधान की प्रति दिखाकर ढोंग कर रहे हैं। उन्हें बाबा साहब के मूल्यों से कोई लेना देना नहीं है। इससे पहले भी इन्होंने बाबा साहब के मूल संविधान पर कुठाराघात करके उसकी हत्या करने का प्रयास किया था। संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना से उसकी आत्मा हटाने का काम किया है। वर्ष 1975 में देश में इमरजेंसी लागू करके बाबा साहब का अपमान किया था। आज भी कांग्रेस यही कर रही है। इन्होंने मूल संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके वह शब्द डालने का काम किया था, जो बाबा साहब ने मूल संविधान में डाले ही नहीं थे। ऐसे में जो यह ढोंग कर रहे हैं, उसका वास्तविक चेहरा जनता और देश के सामने लाने की आवश्यकता है। बाबा साहब हमेशा वंचित, पीड़ित और शोषित लोगों के लिए काम करते रहे। उन्होंने ही समाज को नई दिशा दिखाते हुए खुशहाल समाज की परिकल्पना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब ने 1946-47 में ही जनता को इसे लेकर आगाह कर दिया था। उन्होंने कहा था कि देश का बंटवारा मत होने दीजिए। अगर यह हो गया तो आर-पार की लड़ाई शुरू हो जाएगी, जो आज हमारे सामने है।

# उत्तर प्रदेश बेहतर स्वच्छता और भव्यता के साथ महाकुंभ-2025 के लिए तैयार

प्रात: किरण, संवाददाता




प्रयागराज, । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के लिए निर्माण कार्य भी पूरे जोर शोर से हो रहे हैं और स्वच्छ तथा स्वस्थ महाकुंभ के विजन को साकार करने के लिए जल निगम और अन्य सरकारी विभाग पूरी क्षमता से कार्यरत हैं। एक ओर तो जल निगम महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था कर रहा है जबकि पूरे मेला क्षेत्र के अपशिष्ट निस्तारण की जिम्मेदारी भी उसी की ही है। राज्य के प्रमुख तीर्थ क्षेत्रों पर पारंपरिक पुष्प वर्षा के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभव को बढ़ाने की योजनाएं भी चल रही हैं। दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम अगले महीने जनवरी में प्रयागराज में शुरू हो रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उप्र जल निगम (शहरी) ने महाकुंभ क्षेत्र में 1,50,000 शौचालयों का निर्माण करते हुए एक महत्वाकांक्षी स्वच्छता अभियान शुरू किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महाकुंभ खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) बना रहे। मेले के दौरान उत्पन्न होने वाले कीचड़ के प्रबंधन के लिए, उन्नत बुनियादी ढांचे को तैनात किया जा रहा है, जिसमें तीन अस्थायी अपशिष्ट उपचार संयंत्र (एसटीपी), नैनी और झूंसी में स्थायी एसटीपी और अरैल में एक मल कीचड़ उपचार संयंत्र शामिल हैं। जल निगम विभाग के अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि महाकुंभ के अपशिष्ट निस्तारण के लिये भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) की मदद से मेला क्षेत्र में तीन अस्थाई एसटीपी बनाए गये हैं। इन एसटीपी तक अपशिष्ट पहुंचाने का कार्य विभाग के नौ सेसफुल व्हीकल और सीवेज पाइप लाइन करेंगी। जल निगम में इसके लिए चार हजार लीटर क्षमता के चार, तीन हजार लीटर के तीन और एक हजार लीटर के दो सेसफुल व्हीकल मेला क्षेत्र में नियमित रूप से अपशिष्ट निस्तारण का कार्य करेंगे।

# जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने दिया भरोसा, कहा- उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के साथ

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को किसानों को आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार उनकी सभी जायज मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के वाजिब हक को सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। योगी आदित्यनाथ ने किया 5 सदस्यीय समिति का गठन पिछले कुछ दिनों से जिले के किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। उनकी प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत सक्रियता दिखाई और ग्रेटर नोएडा और नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से जुड़े किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए 5 सदस्यीय समिति का गठन किया। इसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। किसान संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मिले किसान शुक्रवार को रबूपुरा स्थित आवास पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह से भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के अध्यक्ष श्यौराज सिंह और भारतीय किसान यूनियन भानु समेत कई किसान संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। किसानों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी इस दौरान विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा, किसानों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी, जो सरकार को गुमराह करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाएगी जो किसानों के अधिकारों के खिलाफ हो। विधायक ने किसानों से कहा, आपकी सभी जायज मांगों को पूरा कराने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। पुरानी सरकारों की नीतियों पर उठाए सवाल विधायक धीरेंद्र सिंह ने अपने बयान में पुरानी सरकारों की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि, वर्तमान में जो समस्याएं किसानों को झेलनी पड़ रही हैं। वह पूर्ववर्ती सरकारों की गलत नीतियों की देन हैं, लेकिन वर्तमान सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसानों को न्याय मिले। उनकी जमीन और अधिकारों की रक्षा हो।

# मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, बसपा प्रमुख मायावती ने आंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, संविधान शिल्पी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और वंचितों के प्रखर स्वर, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने कहा, अंत्योदय एवं लोक-कल्याण के लिए समर्पित बाबा साहेब सच्चे अर्थों में मां भारती के महारत्न और लोकतंत्र की पाठशाला हैं। उनका संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। बसपा नेता मायावती ने एक्स पर कहा, देश के करोड़ों गरीबों, दलितों, आदिवासियों व अन्य पिछड़े बहुजनों आदि के सच्चे मसीहा भारतरत्न बोधिसत्व परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को, देश-विदेश में रहने वाले उनके सभी अनुयाइयों की तरफ से आज उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत-शत नमन एवं अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा, देश के वास्ते निर्मित अनुपम संविधान के जरिए बाबा साहेब शोषितों-पीड़ितों के लिए हमेशा उम्मीद की किरण हैं व लोगों के दिलों में बसे हैं। सरकारें भी उनके संविधान पर सही से अमल करके बहुजनों का हित व कल्याण करें ताकि भारत गरीबी व बेरोजगारी-मुक्त अमनचैन, सुख, समृद्धि वाला महान देश बने। आंबेडकर की पुण्यतिथि हर वर्ष छह दिसंबर को मनाई जाती है। इसे महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। बाबासाहेब आंबेडकर का निधन छह दिसंबर, 1956 को नई दिल्ली में हुआ था।

# फरीदाबाद : बाल विवाह न करने की दिलाई शपथ



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । केंद्र सरकार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ अभियान ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्न की शुरूआत की गई है। देश में बाल विवाह की घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को शुक्रवार को इस परंपरा के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए सरकारी स्कूलों, शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई। बाईपास झुग्गी क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बाल विवाह न करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर हेमा कौशिक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया व अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। उन्होंने लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से जुड के लिए प्रेरित किया। किसी भी स्थिति में बाल विवाह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल विवाह उचित नहीं है। नन्ही-सी उम्र में ही यदि विवाह होता है तो बच्चों का भविष्य दांव पर लग जाता है। निर्धारित आयु सीमा पूर्ण होने पर ही विवाह करना चाहिए। इसके लिए कानून विद्यमान है, किंतु फिर भी कुछ लोग बाल विवाह की ओर कदम बढ़ा देते हैं।

# मनकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड इक्विटी वारंट के तरजीही निर्गम के माध्यम से धन जुटाएगी

प्रात: किरण, संवाददाता

मुंबई : मनकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (NSE: MANAKCOAT, इरए इरए: 539046), उच्च गुणवत्ता वाले कोटेड मेटल उत्पादों के एक अग्रणी निमार्ता और निर्यातक ने 134.55 करोड़ जुटाने के लिए तरजीही वारंट जारी करने की मंजूरी की घोषणा की है। निदेशक मंडल ने 02 दिसंबर, 2024 को अपनी बैठक के दौरान 65 प्रति वारंट की दर से 2,07,00,000 वारंट जारी करने को मंजूरी दी। यह कदम कंपनी की क्षमता विस्तार और एक प्रमुख प्रौद्योगिकी उन्नयन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समर्थन करेगा। जुटाई गई धनराशि का उपयोग एक प्रौद्योगिकी उन्नयन परियोजना शुरू करने के लिए किया जाएगा, जिसके तहत कंपनी एलु-जिंक कॉस्टेड स्टील उत्पाद बनाने की उत्पादन क्षमता में बदलाव करेगी। उत्पादन क्षमता को 132,000 MTPA से बढ़ाकर 180,000 MTPA किया जाएगा, जिससे उत्पादन और संबंधित राजस्व में 36% की वृद्धि होगी। कंपनी द्वारा नियोजित उअढए में एक फॉरवर्ड इंटीग्रेशन प्रोजेक्ट भी शामिल है, जिसके तहत कंपनी एक नई और अत्याधुनिक स्टील कॉइल कोटिंग लाइन में निवेश करेगी, जो प्री-पेंटेड स्टील की क्षमता को 86,000 MTPA से बढ़ाकर 236,000 MTPA कर देगी। इसके अतिरिक्त, कार्यशील पूंजी चक्र को अनुकूलित करने और चरणबद्ध तरीके से एक कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए एक हिस्सा आवंटित किया जाएगा, जो टिकाऊ और ऊर्जा-कुशल प्रथाओं के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह रणनीतिक कदम कंपनी को अधिक मूल्यवर्धित और प्रीमियम उत्पाद की ओर बढ़ने से लाभान्वित करेगा, जिससे उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ-साथ उच्च मार्जिन भी प्राप्त होगा। विस्तारित क्षमता और ऊर्जा दक्षता पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, कंपनी का लक्ष्य अपने कार्बन पदचिह्न को कम करते हुए बढ़ती बाजार मांग को बेहतर ढंग से पूरा करना है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए मनकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक श्री करण अग्रवाल ने कहा, हमें तरजीही इक्विटी वारंट जारी करने की मंजूरी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे विकास और परिचालन सुधारों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जुटाई गई धनराशि हमें अपनी उत्पादन क्षमता का महत्वपूर्ण रूप से विस्तार करने में सक्षम बनाएगी, विशेष रूप से एलु-जिंक में, जो हमें बाजार में बढ़ती मांग को अधिक कुशलता से पूरा करने में सक्षम बनाएगी। यह विस्तार हमारे संचालन को भी सुव्यवस्थित करेगा, लाभप्रदता में सुधार करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि हम अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करना जारी रखें। अपने कार्यशील पूंजी चक्र को सुव्यवस्थित करके, हम तरलता में सुधार करेंगे और वित्तीय लचीलेपन को मजबूत करेंगे। कैप्टिव सोलर पावर प्लांट का चरणबद्ध विकास न केवल स्थिरता लक्ष्यों का समर्थन करेगा बल्कि दीर्घकालिक ऊर्जा लागत को कम करने में भी मदद करेगा। बढ़ी हुई उत्पादन क्षमता के साथ, ये पहल बाजार की स्थिति को बढ़ाएगी, अधिक परिचालन दक्षता को बढ़ावा देगी और प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करेगी, साथ ही पर्यावरण में सकारात्मक योगदान देगी। मनकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बारे में मनकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (MCMIL) उच्च गुणवत्ता वाले कोटेड मेटल उत्पादों का एक अग्रणी निमार्ता और निर्यातक है, जिसमें प्री-पेंटेड गैल्वेनाइज्ड स्टील और कॉइल और शीट फॉर्म में गैल्वेनाइज्ड स्टील शामिल हैं। इन उत्पादों का व्यापक रूप से निर्माण, ऑटोमोटिव, उपकरण और सामान्य इंजीनियरिंग उद्योगों में उपयोग किया जाता है। गुजरात के कच्छ में अपनी अत्याधुनिक सुविधा से परिचालन करते हुए, MCMIL प्रमुख बंदरगाहों के पास रणनीतिक रूप से स्थित है, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए कुशल रसद सुनिश्चित करता है। भारत भर में दो विनिर्माण संयंत्रों, चार शाखा कार्यालयों और तीन स्टॉक यार्ड और सेवा केंद्रों के साथ, कंपनी उत्कृष्टता प्रदान करने और अपने ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने नवाचार, गुणवत्ता और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध, MCMIL विकास को आगे बढ़ा रहा है और मूल्यवर्धित स्टील उत्पाद प्रदान कर रहा है जो वैश्विक बाजार की मांगों को पूरा करते हैं। ऋ25 में, कंपनी ने 372 करोड़ का स्टैंडअलोन कुल राजस्व, 29 करोड़ का EBITDA और 5 करोड़ का शुद्ध लाभ।

# गीता महोत्सव में झलकेगी भारतीय संस्कृति की गूंज : विक्रम सिंह

- तीन दिवसीय गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीसी ने की अधिकारियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों संग बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । फरीदाबाद जिला में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की श्रृंखला में एक बार फिर कर्म, भक्ति और ज्ञान का के संगम के साथ साथ भारतीय संस्कृति की गूंज झलकेगी। जिला फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) कन्वेंशन हॉल में 9 से 11 दिसंबर 2024 तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव के लिए प्रशासन की ओर से तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं जिसमें जिला की इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक ली और महोत्सव को गरिमामयी ढंग से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। डीसी ने सभी से कहा कि गीता महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समर्पण भाव से जिला प्रशासन का आप सहयोग करें। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि गीता महोत्सव प्रेरणादायी होने के साथ-साथ भव्य और आकर्षक भी होगा। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक चलने वाले गीता महोत्सव के दौरान तीनों दिन विभिन्न विभागों व सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी के माध्यम से विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के अलावा स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। डीसी ने कहा कि गीता महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही तीन दिन के दौरान गीता पूजन हवन, सेमिनार का आयोजन होगा, जिसमें वक्ता गीता के महत्व पर अपने व्याख्यान देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्कूली बच्चों द्वारा गीता का श्लोकोच्चारण किया जाएगा। इसके अलावा अंतिम दिन नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें गीता पर आधारित झांकियां शामिल होंगी। नगर शोभा यात्रा में धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी गीता पर आधारित अपनी झांकी शामिल करेंगी। उन्होंने शहर की सभी धार्मिक, मन्दिर व सामाजिक संस्थाओं से गीता महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भगवान श्रीकृष्ण लीला और गीता पर आधारित होंगे। डीसी ने बताया कि 11 दिसम्बर को जिला फरीदाबाद वासी एक साथ दोपहर 12 बजे से ग्लोबल श्लोकोच्चारण में भागीदार बनेंगे। उन्होंने बताया कि गीता महोत्सव के दौरान महोत्सव स्थल पर जहां हजारों विद्यार्थी श्लोकोच्चारण करते हुए गीता महोत्सव को गरिमामयी ढंग से मनाने में सहभागी बनेंगे वहीं जिला के सभी शिक्षण संस्थान से हर वर्ग इस पुनीत अभियान का हिस्सा बनेंगे।



## सलमान इस हफ्ते नहीं करेंगे बिग बॉस 18 की शूटिंग, फराह खान को मिली शो होस्ट करने की जिम्मेदारी?



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों बिग बॉस 18 को होस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। इस शो को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। यह शो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिनेता इस हफ्ते शूटिंग में हिस्सा नहीं लेंगे।
किसी मिली शो होस्ट करने की जिम्मेदारी उनकी जगह फिल्मकार फराह खान वीकएंड का वार एपिसोड की मेजबानी करेंगी। शूटिंग शुक्रवार को होगी और यह शनिवार व रविवार को प्रसारित होगा। सलमान खान इस समय अपनी फिल्म सिकंदर के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा वह 7 दिसंबर को दुबई में अपने दबंग रिलोडेड कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार अभिनेता और उनकी टीम कल तकनीकी रिहर्सल के लिए दुबई रवाना होगी। सलमान खान के अलावा इस टूर में तमन्ना भाटिया, जैकलीन फर्नांडीज, सोनाक्षी सिन्हा, आस्था गिल, सुनील ग्रोवर, प्रभु देवा और मनीष पॉल जैसे सितारे भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के हंसी, संगीत और मनोरंजन से भरपूर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शो में ये सितारे करेंगे शिरकत

बिग बॉस 18 के एपिसोड की बात करें तो गायिका सुनिधि चौहान इस शो में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी, जहां वह अपने नए गाने आंख का प्रचार करती हुई नजर आएंगी। इसमें उन्होंने सान्या मल्होत्रा के साथ काम किया है। इसके आगामी एपिसोड में द फैबुलस लाइफ ऑफ बॉलीवुड वाइव्स शो से मशहूर हुई शालिनी पासी भी मेहमान के रूप में दिखेंगी।
गौरतलब है कि सलमान खान पिछले कुछ समय से उन्हें मिल रही धमकियों की वजह से भी लगातार चर्चा में हैं। हाल ही में उनके करीबी दोस्त और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के शूटरों ने खुलासा किया था कि सलमान खान उनके हिट लिस्ट में थे, लेकिन अभिनेता की कड़ी सुरक्षा के कारण वह उन्हें निशाना नहीं बना पाए।



## इम्तियाज अली की फिल्म में फहद फासिल के साथ नजर आएंगी तृप्ति डिमरी



पुष्पा 2 स्टार फहद फासिल बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इम्तियाज अली ने अपनी अगली फिल्म के लिए फहद फासिल को साइन किया है। फहद इस आने वाली फिल्म में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। इम्तियाज अली ना केवल फिल्म का निर्देशन करेंगे बल्कि इसके निर्माता भी होंगे। फिल्म का निर्माण कथित तौर पर अगले साल की शुरुआत में शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फहद फासिल इस फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के साथ ही वह इम्तियाज अली के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी सफर शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो उनके पसंदीदा बॉलीवुड निर्देशकों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फहद इस प्रोजेक्ट पर महीनों से चर्चा कर रहे थे और हाल ही में इसे अंतिम रूप दिया गया है। इस आगामी फिल्म में उनके साथ भूल भुलैया 3 अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की जोड़ी काफी रोमांचक नजर आ रही है। इम्तियाज प्रेम कहानियों में सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं और यह उनकी कहानियों की सूची में सबसे अलग होने का वादा करती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माता स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं और 2025 की पहली तिमाही में इसका निर्माण शुरू होने वाला है। इम्तियाज अली अपने बैनर विंडो सीट फिल्म्स के तहत फिल्म का निर्माण करेंगे। यह फिल्म इम्तियाज के साथ फहद का पहला सहयोग और बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म होगी, जबकि तृप्ति ने इससे पहले लैला मजनू में अभिनय किया था, जिसे फिल्म निर्माता ने लिखा था।

## नागा-शोभिता की शादी के बाद सामने आई सामंथा की पहली पोस्ट



नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला बुधवार, 4 दिसंबर को हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में सात फेरे लेकर हमेशा के लिए एक-दूसरे के हो गए। यह चैतन्य की दूसरी शादी है क्योंकि उन्होंने पहले 2017 में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु से शादी की थी। हालांकि, 2021 में दोनों ने अपनी राहें अलग कर लीं। वहीं, नागा और शोभिता की शादी के बाद की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इसी बीच सामंथा रुथ प्रभु की नई पोस्ट भी सोशल मीडिया पर लोगों का खासा ध्यान आकर्षित कर रही है। सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज सिटाडेल- हनी बनी का जश्न मनाते हुए अमेरिकी निर्देशक जोड़ी रुसो ब्रदर्स की इंस्टाग्राम स्टोरीज का एक स्क्रीनशॉट दोबारा साझा किया। राज और डीके द्वारा निर्मित सिटाडेल- हनी बन्नी प्रियंका चोपड़ा-अभिनीत अमेरिकी सीरीज सिटाडेल का भारतीय स्पिनऑफ है, जिसे रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित किया गया था।

### रूसो ब्रदर्स ने की राज और डीके की तारीफ

एवेंजर्स- एंडगेम के निर्देशकों ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर राज और डीके के साथ अपनी तस्वीरें साझा कीं और लिखा, व्हाट ए जर्नी। अविश्वसनीय राज और डीके के साथ सिटाडेल हनी बनी पर काम करना सम्मान की बात है। इससे पहले, नागा और शोभिता की शादी से पहले सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो साझा किया था।

### नागा-शोभिता की शादी पर सामंथा ने दी प्रतिक्रिया?

वीडियो में एक छोटी लड़की कुश्ती मैच में एक लड़के को पटकती हुई दिखाई दी थी। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, फाइट लाइक ए गर्ल। कई लोगों ने इसकी व्याख्या पूर्व पति की दूसरी शादी पर उनकी प्रतिक्रिया के रूप में की। हाल ही में एक इंटरव्यू में सामंथा ने यह भी बताया कि तलाक के बाद उन्हें सेकंड हैंड और इस्तेमाल किया हुआ कहा गया। उन्होंने कहा, जब एक महिला तलाक से गुजरती है, तो बहुत शर्म और कलंक जुड़ा होता है। मुझे सेकंड हैंड, इस्तेमाल किया हुआ और बर्बाद जीवन जैसी बहुत सारी टिप्पणियां मिलती हैं।

### तलाक पर दिया ये बयान

सामंथा ने कहा था, आपको एक ऐसे कोने में धकेल दिया जाता है जहां आपको ऐसा महसूस होने लगता है कि आप असफल हो गए हैं। मेरा मानना है कि यह उन परिवारों और लड़कियों के लिए वास्तव में कठिन हो सकता है जो इससे गुजर चुके हैं।



## क्या आलिया-कैटरीना के साथ बनेगी भी फिल्म 'जी ले जरा' प्रियंका ने दी जानकारी

**आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा के फैंस लंबे समय से इन तीनों की एक फिल्म 'जी ले जरा' का इंतजार कर रहे हैं। साल 2021 में इस फिल्म को लेकर घोषणा की गई थी। अब सुनने में आ रहा है कि यह फिल्म नहीं बनेगी। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा से भी जब फिल्म 'जी ले जरा' को लेकर एक इंटरव्यू में सवाल किया गया तो उन्होंने जो जवाब दिया, उससे फिल्म बंद होने की बात सच साबित होती हुई नजर आ रही है।**

### प्रियंका ने कहा फरहान से पूछ लीजिए

इस फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा था, जो कि फरहान अख्तर का प्रोडक्शन हाउस है। हाल ही में जब प्रियंका चोपड़ा से फिल्म 'जी ले जरा' के बारे में पूछा गया तो उनका जवाब था कि आपको इसके बारे में फरहान अख्तर से बात करनी होगी। इसके अलावा उन्होंने फिल्म के बारे में एक भी शब्द नहीं कहा। शायद प्रियंका को भी नहीं पता है कि यह फिल्म बनेगी भी या नहीं, इसलिए वह इस पर ज्यादा कुछ कहने से बच रही हैं।

### हिंदी फिल्मों में काम करने की ख्वाहिश

प्रियंका आगे कहती हैं, 'मैं कई प्रोड्यूसर से मिलती हूं, कहानी पढ़ती हूं। हिंदी फिल्मों में मैं अलग तरह का रोल तलाश रही हूं। वैसे इस साल मैं काफी व्यस्त रहूंगी।' इस तरह से प्रियंका ने फिर से बॉलीवुड में काम करने की अपनी ख्वाहिश को सबके सामने जाहिर कर दिया है।

### आलिया का भी आया बयान

कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने भी फिल्म 'जी ले जरा' को लेकर अपने मन की बात कही थी। उनका कहना था कि प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के साथ वह इस फिल्म करने की इच्छा रखती हैं। हो सकता है कि प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट की बात सुनकर फरहान अख्तर इस फिल्म को बनाने के बारे में एक बार फिर सोच लें।



## दो अभिनेताओं को जाता है रश्मिका की सफलता का श्रेय

सुकुमार द्वारा निर्देशित, पुष्पा 2 में जबर्दस्त एक्शन और हाई-स्टेक ड्रामा देखने को मिला। प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर इसकी खूब सराहना की है। पुष्पा 2 द रूल की रिलीज के बाद लगातार सोशल मीडिया पर प्रशंसक रश्मिका मंदाना के श्रीवल्ली अवतार की प्रशंसका कर रहे हैं और साथ ही उनके अभिनय को भी पसंद कर रहे हैं। वहीं इसी बीच एक्स पर एक प्रशंसक ने रश्मिका की सफला का श्रेय दो अभिनेताओं को दिया है। एक्स पर एक प्रशंसक ने एनिमल में रणबीर कपूर और पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका का एक कोलाज पोस्ट किया, जिसमें प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, रश्मिका नाम की एक लड़की दो अल्फा पुरुषों पर हावी है।
पुष्पा 2 द रूल 2024 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक पुष्पा 2 द राइज, 5 दिसंबर को तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, सुनील, जगपति बाबू और फहद फासिल ने मुख्य भूमिका निभाई है। पुष्पा 2 द रूल साल 2021 में आई पुष्पा द राइज का दूसरा भाग है। फिल्म में अल्लू अर्जुन पुष्पा के किरदार को फिर से दोहराते दिखे, तो वहीं रश्मिका मंदाना भी श्रीवल्ली के किरदार में फिर से खूब जचीं। फिल्म में फहद फासिल ने खूंखार पुलिसवाले का किरदार निभाया है, जबकि अधिकतर साउथ फिल्मों में कॉमेडी किरदार निभाने वाले सुनील इस बार कुछ अलग ही अंदाज में नजर आए। फिल्म में साउथ अभिनेत्री श्रीलीला का एक आइटम नंबर भी है किसिक, जो पहले ही दर्शकों का दिल जीत चुका है।
शुरुआती बॉक्स ऑफिस अनुमानों से पता चलता है कि फिल्म पहले ही 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। सैकनिलक के अनुसार, पुष्पा 2 ने सभी भाषाओं में अपने पहले दिन पूरे भारत में 52.73 करोड़ रुपये की कमाई की। दोपहर 1 बजे तक रिपोर्ट किए गए ये आंकड़े दिन चढ़ने के साथ बढ़ने की उम्मीद है।



## शाहरुख ने छोड़ दी लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म एक्सट्रीम सिटी?

मशहूर निर्देशक पॉल श्रेडर ने हाल ही में अपनी बंद हो चुकी फिल्म एक्सट्रीम सिटी के बारे में खुलकर बात की। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ कास्ट किया गया था। यह प्रोजेक्ट 2011 के बर्लिन फिल्म महोत्सव के दौरान शुरू हुआ था, जिसमें मार्टिन स्कॉर्सेसी को कार्यकारी निर्माता के रूप में जोड़ा गया था। हालांकि, फिल्म आखिरकार रुक गई और इसके पीछे शाहरुख खान की घटती रुचि और लियोनार्डो डिकैप्रियो के मुकाबले द्वितीयक भूमिका निभाने से हिचकिचाना प्रमुख कारण बने। साक्षात्कार के दौरान साझा किया कि इस फिल्म के लिए शुरुआत में काफी उत्साह था और तीनों ने बर्लिन में मिलकर इसकी संभावनाओं पर चर्चा भी की थी, लेकिन समय के साथ शाहरुख का ध्यान इस प्रोजेक्ट से हटने लगा, जिसके बाद यह फिल्म बंद हो गई। उनके मुताबिक अगर शाहरुख इस फिल्म में भाग लेते तो उन्हें लियोनार्डो डिकैप्रियो के मुकाबले एक द्वितीयक यानी सेकंड लीड भूमिका निभानी पड़ती, जो शाहरुख के लिए बिल्कुल नई बात थी।

### शाहरुख को बताया बॉस

पॉल श्रेडर ने कहा, शाहरुख बॉस हैं। वह खुद निदेशक नियुक्त करते हैं और कभी-कभी एक ही फिल्म के लिए कई निदेशकों को रखते हैं। वह संगीत, एक्शन, और व्यक्तिगत दृश्यों के लिए अलग-अलग निदेशकों को चुन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शाहरुख ने कभी भी किसी लेखक के निर्देशन में काम नहीं किया था और यह उन्हें असहज करने लगा था।

### गैंगस्टर की भूमिका में दिखते शाहरुख

इस फिल्म की कहानी में शाहरुख को एक गैंगस्टर की भूमिका निभानी थी, जो लियोनार्डो के निभाए गए एक अमेरिकी पुलिस अधिकारी से सामना करता है। हालांकि, शाहरुख की रुचि खत्म हो जाने के कारण यह प्रोजेक्ट बंद हो गया और इसके साथ ही लियोनार्डो डिकैप्रियो की भी इस फिल्म को लेकर रुचि समाप्त हो गई।

### किंग में नजर आएंगे शाहरुख

वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान जल्द ही फिल्म किंग में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह अपनी बेटी सुहाना खान के साथ दिखेंगे। फिल्म में अभिषेक बच्चन नकारात्मक किरदार में हैं। इसका निर्देशन सुजॉय घोष कर रहे हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

## सोशल मीडिया पर गर्लफ्रेंड सबा आजाद का हौसला बढ़ाते नजर आए ऋतिक रोशन



अभिनेता ऋतिक रोशन अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद का उत्साह बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर सबा का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें गाते हुए देखा जा सकता है। वॉर अभिनेता ने हाल ही में सबा को प्रोत्साहित करने के लिए अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर उनके गाने का एक वीडियो शेयर किया। इस पोस्?ट के साथ एक्टर ने कैप्शन में लिखा, किलिंग इट। क्लिप में अभिनेत्री को अपने लाइव शो के दौरान गाते और नाचते हुए देखा जा सकता है। यह पहली बार नहीं है जब ऋतिक ने अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद की तारीफ की हो। वह अक्सर सोशल मीडिया पर उन्हें प्यार भरे संदेश देते हैं। पिछले महीने, फाइटर अभिनेता ने सबा के जन्मदिन पर एक पोस्ट शेयर की थी। जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए एक्टर ने कई शानदार तस्?वीरें शेयर की थीं। ऋतिक और सबा की प्रेम कहानी 2022 में शुरू हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह जोड़ा पहली बार ट्विटर पर तब जुड़ा जब अभिनेता ने सबा और एक रैपर का वीडियो लाइक और शेयर किया। सबा ने एक धन्यवाद संदेश के साथ जवाब दिया, जिससे दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई।




## संक्षिप्त समाचार

### एच सी एम सी टी मणिपाल हॉस्पिटल दिल्ली, भोपाल में हृदय रोगियों के लिए विशेष ओपीडी का आयोजन कर रहा है

**भोपाल।** दिल्ली स्थित एच सी एम सी टी मणिपाल हॉस्पिटल लोगों को हमेशा से सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता आ रहा है। भोपाल में हृदय रोगियों को उत्तम परामर्श व इलाज मिल सके, इसके लिए मणिपाल हॉस्पिटल भोपाल में विशेष ओपीडी का आयोजन करता है। इस बार यह ओपीडी सोमवार, 9 दिसंबर, 2024 को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच भोपाल के अक्षय हार्ट एंड मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में आयोजित की जा रही है, जहाँ पर डॉ. युगल किशोर मिश्रा, चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियेक साईंसेज़ मरीजों को देखेंगे।

हृदय रोगों में सबसे आम हाईपरटेंशन, कोरोनरी आर्टरी डिज़ीज़, और हृदय का फेल हो जाना है। सर्दियों में रक्तचाप बढ़ जाने और शारीरिक गतिविधि कम हो जाने के कारण ये समस्याएं बढ़ जाती हैं। इनके लक्षणों में छाती में दर्द, साँस का फूलना, और बिना वजह थकान बने रहना है। अगर इनमें से कोई भी समस्या महसूस हो रही हो, तो फौरन डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। साथ ही जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव, जैसे रोज शारीरिक व्यायाम, संतुलित आहार, और नियमित तौर से स्वास्थ्य की जाँच भी हृदय को स्वस्थ रखने और जोखिमों को कम करने में मदद करते हैं।

### अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की पब्लिक लेक्चर सीरीज़ के तहत प्रो. शेखर पाठक का व्याख्यान

**भोपाल।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की लेक्चर सीरीज़ के तहत इस बार हमारे समय के महत्त्वपूर्ण इतिहासकार, पर्यावरणविद् और संपादक प्रो. शेखर पाठक का व्याख्यान होगा। व्याख्यान का आयोजन 7 दिसंबर को शाम 5 बजे से 7 बजे तक ई पी सी ओ - ई-5 पर्यावरण परिसर, अरेरा कॉलोनी, भोपाल में किया जाएगा। प्रो. पाठक हालात-ए-हिमालय विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। इस विषय पर बोलते हुए वे न सिर्फ़ हमें हिमालयी क्षेत्रों से जुड़ी आज की समस्याओं के बारे में बताएँगे, बल्कि दुनिया भर में उठ रहे तरह-तरह के ख़तरों से भी अवगत कराएँगे। वे गिरती हुई पारिस्थितिकी, पर्यावरण के हद से ज़्यादा दोहन, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों पर बात करेंगे। प्रो. पाठक ने सन 1983 में पीपल्स एसोसिएशन फॉर हिमालय एरिया रिसर्च की स्थापना की थी। वे कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनिताल में इतिहास के प्रोफ़ेसर रह चुके हैं। साथ ही उन्होंने सेंटर फॉर कंटेम्परारी स्टडीज़, नई दिल्ली में बतौर नेहरू फ़ेलो भी काम किया है।

### इस वर्ल्ड डायबिटीज डे पर अपनी रोज़ाना की डाइट में बादाम को शामिल करें

**भोपाल।** हर साल 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में डायबिटीज को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है और इसकी अच्छे से देखभाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। भारत, जिसे दुनिया की डायबिटीज कैपिटल के रूप में जाना जाता है, एक बढ़ती चुनौती का सामना कर रहा है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि 101 मिलियन भारतीयों को डायबिटीज है, जबकि 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं।

# बांग्लादेश में संकट से भारत के कारोबारियों की मौज, गुरुग्राम-नोएडा के कपड़ा उद्योगों को हो रहा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में संकट से गुरुग्राम और नोएडा के कपड़ा उद्योगों को फायदा हो रहा है। इससे गारमेंट उद्यमियों को विंटर सीजन के लिए 20 प्रतिशत तक नए ऑर्डर मिले हैं। इस समय कपड़ा उद्योग में कामों की भरमार हो चुकी है। नए ऑर्डर पूरा करने के लिए उद्यमियों की ओर से फैक्ट्रियों में कर्मियों को संख्या बढ़ाई गई है।

बांग्लादेश में संकट से गुरुग्राम और नोएडा के कपड़ा उद्योगों को फायदा हो रहा है। इससे गारमेंट उद्यमियों को विंटर सीजन के लिए 20 प्रतिशत तक नए ऑर्डर मिले हैं। इस समय कपड़ा उद्योग में कामों की भरमार हो चुकी है। नए ऑर्डर पूरा करने के लिए उद्यमियों की ओर से फैक्ट्रियों में कर्मियों को संख्या बढ़ाई गई है।

उद्यमियों ने कहा कि बांग्लादेश में कपड़ा उद्योग का अच्छा कारोबार था। संकट के कारण भारतीय कारोबारियों ने अब बांग्लादेश को नया ऑर्डर न देकर गुरुग्राम और नोएडा की तरफ रुख किया है। सेक्टर-37 के कपड़ा उद्यमी संजय सन्याल ने कहा कि बांग्लादेश में संकट और हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को भारत के कारोबारियों ने भी काम को बंद कर दिया है। क्रिसमस सीजन के लिए अमेरिका और यूरोपीय बाजारों से बड़े ऑर्डर बांग्लादेश के पास थे, जिनकी आपूर्ति बाधित होने के बाद इसका फायदा मिल है, क्योंकि अब वे ऑर्डर इधर मिलने लगे। यहां के उद्योगों को नए ऑर्डर मिले हैं, जिसके चलते कारोबारियों ने काम को पूरा करने के लिए नई कर्मचारियों को रखना शुरू कर दिया है।

### तीन देशों के कपड़ा के ऑर्डर मिले

बांग्लादेश में संकट को देखते हुए जापान, यूरोप और यूएसए ने कापड़ा के ऑर्डर गुरुग्राम को दिए हैं। मानेसर के कपड़ा उद्यमी सतीश चंद्रा ने कहा कि बांग्लादेश के 20 प्रतिशत कपड़ा के नए ऑर्डर मिलेनियम सिटी के उद्योगों को मिले हैं। बांग्लादेश का कपड़ा गुरुग्राम में आने लगा है, जिससे यहां के कपड़ा उद्योगों को फायदा मिल रहा है। काम के साथ रोजगार भी बढ़ गए हैं। कपड़े के ऑर्डर आने से कर्मियों की संख्या कम हो गई है। अब



सिलाई करने वाले कारीगारों की संख्या बढ़ाई जा रही है। बांग्लादेश में कपड़े की सिलाई से लेकर अन्य काम सस्ता पड़ता है। अब भारतीय कारोबारियों ने बांग्लादेश में काम करवाना बंद कर दिया है। अपने देश में काम कराने के ऑर्डर दिए गए हैं।

### जिले में ढाई हजार कपड़ा उद्योग

गुरुग्राम के उद्योग विहार, सेक्टर-37, आईएमटी मानेसर औद्योगिक क्षेत्र में ढाई हजार कपड़ा उद्योग हैं। यहां पर कई देशों के कपड़े का कारोबार होता है। एक उद्यमी करोड़ों रुपये का कपड़ा हर महीने विदेश में भेजता है। कपड़े की सिलाई करने से लेकर अन्य काम होते हैं। उद्यमियों का कहना है कि उनके यहां फिलहाल अभी काम काफी कम है। अब काम बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। कपड़ा उद्योग एक बड़ा रोजगार प्रदाता क्षेत्र है। यहां साल-दर-ल रोजगार की संभावनाएं बढ़ती जा रही थीं।

### बांग्लादेश के ऑर्डर नोएडा को मिल रहे

वहीं, नोएडा शहर के गारमेंट एक्सपोर्ट को अधिक मात्रा में ऑर्डर मिल रहे हैं। पश्चिमी देशों के जो खरीददार बांग्लादेश को ऑर्डर दे रहे थे, उनके ऑर्डर अब नोएडा को मिलने लगे हैं। ऐसे में शहर के उद्यमी भी उत्साहित हैं और समय पर ऑर्डर की सप्लाई के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं।

जिले में गारमेंट एक्सपोर्ट और मेडअप की 45 सौ इकाइयां है। (मेड अप में रजाई, तकिया और कंबल आदि आते हैं)। इनमें करीब 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। इनका सालाना कारोबार 35 हजार से 45 हजार करोड़ रुपये का होता है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा भी गौतमबुद्ध नगर को गारमेंट एक्सपोर्ट में एक जिला एक उत्पाद का दर्जा भी दिया गया है।

नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के अध्यक्ष ललित ठुकराल ने बताया कि बंग्लादेश में बिगड़े हालातों की वजह से विदेशी बॉयर्स भी शहर की तरफ रुख कर रहे हैं। यूरोप के देश और अमेरिका आदि देशों के बॉयर्स से शहर के उद्यमियों को ऑर्डर दिए हैं। सबसे ज्यादा गारमेंट सेक्टर में ही लोगों को रोजगार मिलते हैं। ऐसे में सरकार भी गारमेंट एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है।

आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने बताया कि पश्चिमी देशों से जिन गारमेंट एक्सपोर्ट्स को 10 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिलते थे, इस बार उन्हें 12 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पश्चिमी देशों में गारमेंट एक्सपोर्ट करने वाले उद्यमियों के ऑर्डर में 10 से 20 प्रतिशत तक का उछाल आया है।

### शहर के उद्यमियों के कारोबार में आया उछाल

गारमेंट एक्सपोर्ट के ट्रेडर्स अंकुर गोयल ने बताया कि बांग्लादेश में उत्पन्न हुए हालातों का शहर के गारमेंट एक्सपोर्ट के उद्यमी लाभ उठा रहे हैं। अब तक अमेरिका और यूरोप के देश जो ऑर्डर बांग्लादेश के उद्यमियों को दे रहे थे, अब उन्हें शहर के उद्यमी नोएडा के लिए रिझा रहे हैं। इससे शहर के उद्यमियों के कारोबार में ओर उछाल आया है। प्रदेश सरकार भी ओडीओपी के तहत शहर के उद्यमियों के कारोबार में बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दे रही है। अब शहर के उद्यमी बांग्लादेश के बॉयर्स को रिझाकर ऑर्डर प्राप्त कर रहे हैं।

# दुबई के सबसे अमीर भारतीयों में से एक हैं फाइव होल्डिंग्स के संस्थापक कबीर मूलचंदानी

## मूलचंदानी की कंपनी लक्जरी होटल, रिजॉर्ट और जेट पर पार्टियों के लिए है मशहूर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कबीर मूलचंदानी दुबई के सबसे अमीर भारतीयों में से एक हैं। उनकी कंपनी फाइव होल्डिंग्स लक्जरी होटल, रिजॉर्ट और जेट पर पार्टियों के लिए मशहूर है। मूलचंदानी 2 अरब डॉलर के मालिक हैं। एक ऐसा भी समय आया था जब उन्होंने 140 दिन जेल में बिताए थे। कबीर को क्यों जेल जाना पड़ा और दोबारा उन्होंने अरबों के मालिक तक का सफर कैसे तय किया, इसकी कहानी बेहद दिलचस्प है।

कबीर मूलचंदानी मुंबई में पले-बढ़े। अपने परिवार के इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस से शुरुआत करके उन्होंने दुबई में रियल एस्टेट में निवेश किया। 2008 के आर्थिक संकट ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया। धोखाधड़ी और गबन के आरोप में उन्हें 140 दिन जेल में बिताने पड़े। 2010 में सभी आरोपों से बरी होने के बाद उन्होंने अपनी जिंदगी को नई दिशा दी।

### 2011 में रखी थी फाइव होल्डग्सि की नींव

2011 में कबीर मूलचंदानी ने फाइव होल्डंग्सि की स्थापना की। यह कंपनी दुबई में लक्जरी रियल एस्टेट और हॉस्पिटैलिटी के सेक्टर में अग्रणी बन गई। फाइव पाम जुमेरा जैसे उनके होटल, सुपरकार्स के लिए ड्राइव-इन नाइटक्लब और स्टार-स्टडेड बीच पार्टियों के साथ लक्जरी ट्रैवल को नए आयाम दे रहे हैं।




मूलचंदानी के सबसे अनोखे उपक्रमों में से एक है फ्लाई फाइव पार्टी जेट। 2023 में लॉन्च किया गया यह प्राइवेट जेट एयरबस एसएएस के एसीजे टूट्वेंटी मॉडल का पहला जेट है। यह 16 यात्रियों के लिए बनाया गया है। इसमें सुरक्षा के लिए गस्ट बेल्ट, पार्टी के माहौल के लिए एलइडी लाइटिंग और आराम के लिए किंग-साइज बेड वाला एक बेडरूम है।

### लक्जरी हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में अनूठे प्रयोगों से बनाई पहचान

ज्यूरिख स्थित कामलुक्स ऑपरेटेड इस जेट को किराए पर लेने के लिए 13,000 से 14,000 डॉलर प्रति घंटा खर्च आता है। इसमें रीलोकेशन शुल्क शामिल नहीं है। लंदन और दुबई के बीच एक राउंड ट्रिप की कीमत लगभग 1,95,000 डॉलर है। कोरोना महामारी के दौरान मूलचंदानी को इस पार्टी जेट का आइडिया आया, जब उन्होंने प्राइवेट जेट्स की बढ़ती मांग को देखा।

मूलचंदानी का लक्ष्य दुनियाभर में लक्जरी हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना है। वह लगातार नए और अनोखे कॉन्सेप्ट्स पर काम कर रहे हैं। उनका मानना है कि लक्जरी सिर्फ दिखावा नहीं, बल्कि एक अनुभव है। वह अपने मेहमानों को ऐसा अनुभव देना चाहते हैं जो यादगार रहे।

पार्टी जेट इसी सोच का एक उदाहरण है। मूलचंदानी का मानना है कि भविष्य में प्राइवेट जेट्स का बाजार और भी बड़ा होगा।

# न अडानी न अंबानी, 2024 की कमाई में शिव नादर का नहीं कोई सानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अरबपतियों में इस साल अबतक कमाई के मामले में अडानी कहीं नहीं हैं और अंबानी करीब 3 अरब डॉलर कमा चुके हैं। यहां कमाई से आशय नेटवर्थ से है। अब सवाल उठता है अडानी नहीं, अंबानी नहीं तो फिर कौन तो चलिए यह भी जान लीजिए कि इस साल अबतक भारत में किस शख्स पर लक्ष्मी मेहरबान हुईं और दौलत की बारिश की हैं। इस बार शिव नादर और सावित्री कमाई के मामले में अडानी-अंबानी से काफी आगे निकल चुके हैं।

### कौन हैं शिव नादर

शिव नादर एचसीएल टेक्नोलॉजीज के संस्थापक हैं और इनके पास कंपनी के सबसे अधिक शेयर हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में शिव नादर 36वें स्थान पर हैं और इनकी कुल संपत्ति 43.3 अरब डॉलर है। इस साल 5 दिसंबर, 2024 तक शिव नादर का नेटवर्थ 27.9 प्रतिशत या 9.45 अरब डॉलर बढ़ चुकी है।

### कहां से आती है दौलत

नई दिल्ली स्थित एचसीएल एक सॉफ्टवेयर डेवलपर और आउटसोर्सिंग प्रदाता है। इस कंपनी का 31 मार्च, 2024 तक के साल में रेवेन्यू 13.3 अरब डॉलर था। नादर की अधिकांश



संपत्ति सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली एचसीएल टेक्नोलॉजीज में है। वह और उनका परिवार प्रमोटर समूहों के माध्यम से कंपनी का 61 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करते हैं। अक्टूबर 2024 के बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार उनके पास कंप्यूटर निर्माता और सेवा कंपनी एचसीएल इंफोसिस्टम्स का 63 प्रतिशत हिस्सेदारी भी है।

### भारत की सबसे धनी महिला हैं सावित्री जिंदल

अपने नौ बच्चों के साथ, सावित्री जिंदल भारत की सबसे धनी महिला हैं और अपने दिवंगत पति ओम प्रकाश जिंदल द्वारा स्थापित एक विशाल समूह ओ.पी. जिंदल समूह को नियंत्रित करती हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में सावित्री जिंदल 51वें स्थान पर हैं। उनकी कुल संपत्ति 34 अरब डॉलर है। 5 दिसंबर, 2024 तक उनकी संपत्ति में 37.6 प्रतिशत या 9.29 अरब डॉलर का उछाल आया। नई दिल्ली स्थित यह कंपनी इस्पात उत्पादन, खनन, बिजली उत्पादन, औद्योगिक गैसों और बंदरगाह सुविधाओं में शामिल है।

### अडानी लूजर की लिस्ट में तो अंबानी गेनर में काफी पीछे

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में मुकेश अंबानी का नेटवर्थ 5 दिसंबर तक 99.3 अरब डॉलर था और पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में केवल 2.98 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। अंबानी इस रैंकिंग में 17वें स्थान पर हैं। 19वें स्थान पर काबिज भारत ही नहीं एशिया के दूसरे सबसे रईस गौतम अडानी की संपत्ति अब 85.5 अरब डॉलर रह गई है।

इस साल की शुरुआत में हिंडनबर्ग के हमलों से ग्रुप के शेयर टूटे तो नेटवर्थ और रैंकिंग में गिरावट आई।

# स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने मध्य प्रदेश में 1,313 करोड़ रुपये के दावों का निपटारा कर मजबूत प्रतिबद्धता का दिया परिचय

**भोपाल।** भारत की सबसे बड़ी स्टैंडअलोन खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने करीब 50 कार्यालयों, एक मजबूत नेटवर्क के साथ मध्य प्रदेश में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। 524 अस्पतालों का 31,200 से अधिक एजेंटों का मजबूत नेटवर्क, 8 लाख लोगों को कवर करता है और 527 कर्मचारी हैं। कंपनी ने मध्य प्रदेश में पिछले 5 वर्षों में दावों में 1,313 करोड़ रुपये का प्रभावशाली भुगतान किया है, जो



इसके विविध आबादी को व्यापक और सुलभ स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान करने के मिशन को दर्शाता है। कंपनी 14 जिलों में ग्रामीण बीमा केंद्र खोलने और अतिरिक्त 6 ग्रामीण केंद्रों के साथ अपनी उपस्थिति बढ़ाने, 5000 एजेंट जोड़ने और मध्य प्रदेश में 25 मार्च तक 150 बिक्री प्रबंधकों को नियुक्त करने के साथ अपनी पहुंच का विस्तार करना चाहती है।

# सैमसंग की टीवीकी क्लाउड टेक्नोलॉजी ने भारत में होम एंटरटेनमेंट के अनुभव को और बेहतर बनाया

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने सैमसंग टीवीकी क्लाउड टेक्नोलॉजी को लॉन्च किया है जोकि टीवी देखने के अनुभव में बड़ा बदलाव लेकर आएगी। यह उद्योग का पहला सॉल्यूशन है जो आपको सेट-टॉप बॉक्स के बिना लाइव टेलीविजन देखने की सुविधा देता है। नागराविजन के साथ मिलकर विकसित की गई यह नई टेक्नोलॉजी उपभोक्ताओं को पारंपरिक सेट-टॉप बॉक्स के बिना शानदार मनोरंजन का आनंद उठाने का मौका देती है। टीवीकी क्लाउड के साथ लाइव टीवी के भविष्य को सरल बनाते हुए,




यूजर अब एक ही सैमसंग स्मार्ट टीवी रिमोट का उपयोग करके अपने सभी पसंदीदा लाइव और ऑन-डिमांड सामग्री को एक्सेस कर सकते हैं। यह अतिरिक्त केबल और हार्डवेयर को कम करने, स्वच्छ, आधुनिक और अत्यधिक सहज विजुअल अनुभव मुहैया कराने की दिशा में एक प्रमुख उपलब्धि है। यह टेक्नोलॉजी सैमसंग के 2023 और 2024 कनेक्टेड टीवी मॉडल के साथ कॉम्पैटिबल है, जिसमें अल्ट्रा एचडी, ओएलईडी, क्यूएलईडी और नियो क्यूएलईडी शामिल हैं। यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सेवा प्रदाता के ग्राहकों को टीवीकी की अनूठी ऑन-चिप सिक्योरिटी का उपयोग करके प्रीमियम सामग्री तक पहुंचने की अनुमति देती है, जिससे उच्च स्तर का कॉन्टेंट प्रोटेक्शन मिलता है।

# जयपुर पिंक पैंथर्स और यू मुंबा ने खेला सीजन का 10वां रोमांचक टाई

पुणे।

जयपुर पिंक पैंथर्स और यू मुंबा के बीच बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेला गया प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन का 94वां मैच 22-22 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने दूसरा और सीजन का कुल 10वां टाई खेला। इस टाई ने मुंबा को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। यह मुकाबला पूरी तरह डिफेंस के नाम रहा, जहां जयपुर ने 16 और मुंबा ने 11 टैकल प्वाइंट लिए। जयपुर के लिए रेजा मीरबघेरी (6) और रौनक सिंह (4) टाप स्कोरर रहे, जबकि मुंबा के लिए डिफेंडर सोमवीर ने सात अंक बटोरे। इस मुकाबले में अर्जुन देसवाल जैसा रेडर सिर्फ एक अंक ले सका। मैच में मुंबा ने अच्छी शुरूआत करते हुए चार मिनट में 3-1 की लीड बना ली थी, लेकिन जयपुर ने जल्द ही 3-3 की बराबरी कर ली। इसके बाद सोमवीर ने नीरज को डैश कर मुंबा को फिर आगे कर दिया। इस बीच लकी ने डू ओर डाई रेड पर मंजीत को लपक स्कोर 4-4 कर दिया। बहरहाल, 10 मिनट की समाप्ति तक मुंबा ने 6-4 की लीड बना रखी थी। ब्रेक के बाद जयपुर



ने लगातार दो अंक लेते हुए स्कोर 6-6 कर दिया। इसके बाद जयपुर ने मुंबा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया, लेकिन सोमवीर ने नीरज को सुपर टैकल कर मुंबा को 8-7 से आगे कर दिया। खास बात यह थी कि 15 मिनट बाद भी अर्जुन का खाता नहीं खुला था, क्योंकि डिफेंस डामिनेट कर रहा था। इस बीच मंजीत ने डू ओर डाई रेड पर रौनक को आउट कर मुंबा को 9-7 से आगे कर दिया। हाफटाइम के बाद नीरज ने रिंकू को गच्चा दिया, लेकिन अंकुश ने रोहित की अगली रेड पर गलती कर दी। फिर नीरज ने बोनस लेकर स्कोर 10-13 कर दिया। जयपुर के लिए अभी भी सुपर टैकल आन था। रौनक ने रोहित का शिकार कर स्कोर 12-13 कर दिया। इसके बाद जयपुर ने 14-13 की लीड ली लेकिन मुंबा ने फिर स्कोर बराबर कर दिया। तीस मिनट के खेल के बाद स्कोर 15-15 था और अर्जुन का खाता नहीं खुला था, क्योंकि मुंबा का डिफेंस गलतियां नहीं कर रहा था। अर्जुन ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर सोमवीर को बाहर कर खाता खोल लिया, लेकिन अगली रेड पर रिंकू ने उनका शिकार कर लिया।



## संक्षिप्त खबरें

### आयरलैंड की महिला टीम ने बांग्लादेश को 12 रन से हराया

सिलहट। कप्तान गैबी लुईस (60), ली पॉल (नाबाद 79) की शानदार पारियों के बाद ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से आयरलैंड की महिला टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 12 रनों से हरा दिया। शतकीय साझेदारी : आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में पांच विकेट पर 169 रन बनाए। पर उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में जहांआरा आलम ने एमी हंटर (10) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान गैबी लुईस और ली पॉल के बीच तीसरे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। फरीह तृस्ना ने गैबी लुईस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गैबी लुईस ने 42 गेंदों में 60 रन बनाए। ली पॉल ने 42 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 79) रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से जहांआरा आलम, फरीह तृस्ना, जन्नतउल फरदूस और नाहिदा अख्तर ने एक-एक विकेट लिया। शानदार शुरूआत : बांग्लादेश के लिए दिलारा अख्तर और शोभना मोस्तारी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 103 रन जोड़े। 12वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने शोभना मोस्तारी (46) को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। 14वें ओवर मे आर्लीन केली ने कप्तान निगार सुल्ताना (चार) को शिकार बनाया। इसी ओवर में केली ने दिलारा अख्तर (49) को भी आउट कर दिया। एमी मग्वायर की गेंद पर एमी हंटर ने ताज नेहर (19) को स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। 17 ओवर में बांग्लादेश के पांच विकेट पर 152 रन थे, लेकिन आयरलैंड के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को नर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 157 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला 12 रनों से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली ने तीन-तीन विकेट लिए। एमी मग्वायर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे तीन भारतीय भारोत्तोलक

मनामा। तीन सदस्यीय भारतीय टीम (सभी महिलाएं) बहरीन के मनामा में शुरू होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। आज से 16 दिसंबर तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में टोक्यो ओलंपिक 2020 की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक्शन में नहीं दिखेंगी क्योंकि वह अपनी चोटों से लंबे समय तक पुनर्वास पर नजर रख रही हैं। उन्होंने आखिरी बार 2024 के पेरिस ओलंपिक में खेला था, जहां वह चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गईं थीं। मीराबाई कीअनुपस्थिति में, उभरती हुई ज्ञानेश्वरी यादव महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में तिरंगे का प्रतिनिधित्व करेंगी। वह जूनियर विश्व चैंपियनशिप स्तर पर रजत पदक विजेता भी हैं और उन्होंने पिछले साल 49 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया था। वह चैंपियनशिप में अपने वर्ग के ग्रुप ए में एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक हैं। दूसरी भारतीय कॉमनवेल्थ गेम्स की रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी हैं, जो महिलाओं के 55 किलोग्राम भार वर्ग के ग्रुप बी में खेल रही हैं, जो एक गैर-ओलंपिक भार वर्ग है। दूसरी ओर, डिटिमोनी सोनोवाल 64 किलोग्राम के ग्रुप सी में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो एक गैर-ओलंपिक भार वर्ग भी है। इस बार इस प्रतियोगिता में भारत से कोई पुरुष प्रतियोगी नहीं होगा।

### जोश इंगलिस को ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम से किया गया रिलीज, शेफील्ड शील्ड में खेलेंगे

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम से जोश इंगलिस को रिलीज कर दिया गया है और अब वे शेफील्ड शील्ड खेलने के लिए वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल हो गए हैं। तीन बार की चैंपियन वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, जो वर्तमान में इस गर्मी की स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है, ने आज से एससीजी में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले के लिए इंगलिस को अपनी 13 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया था। लेकिन जब ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की कि वे एडिलेड में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए अपनी टीम में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे, तो इंगलिस गुरुवार शाम को सिडनी के लिए रवाना हो गए और फिर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया एकादश में शामिल कर लिया गया। इंगलिस ऑस्ट्रेलिया की बढ़ी हुई टेस्ट टीम के एकमात्र सदस्य हैं, जिसमें अब ब्यू वेबस्टर, सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट शामिल हैं, जिन्हें शील्ड मैचों के इस दौर में खेलने के लिए रिलीज किया गया है। यह दौर सोमवार को समाप्त हो रहा है, जिसका मतलब है कि इंगलिस 14 दिसंबर से ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के प्रवक्ता ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इंगलिस को टेस्ट टीम में वापस बुलाया जा सकता है।

## ट्रेविस हेड ने कहा, बुमराह स्टंप्स पर अटैक करना पसंद करते हैं। वह शॉर्ट गेंदों का भी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और ज्यादा रन बनाने का मौका नहीं देते।



## बुमराह का सामना करने को लेकर ज्यादा तनाव नहीं ले रहा हूं : ट्रेविस हेड

एडिलेड।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड ओवल में होने वाले डे-नाइट टेस्ट मैच से पहले, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने कहा कि वह भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और गुलाबी गेंद से ज्यादा चिंतित नहीं हैं। बुमराह, जो शुक्रवार को 31 साल के हो गये, ने पर्थ स्टेडियम में पहले टेस्ट में 8 विकेट लिए थे, जिसमें एक पारी में लिए गए घातक पांच विकेट भी शामिल थे। उनकी इस शानदार गेंदबाजी से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। ट्रेविस हेड ने कहा, बुमराह स्टंप्स पर अटैक करना पसंद करते हैं। वह शॉर्ट गेंदों का भी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और ज्यादा रन बनाने का मौका नहीं देते। लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप अपने पैरों की मूवमेंट को लेकर सतर्क रहें और ध्यान दें कि वह कहां से आपको आउट कर सकते हैं तो बेहतर होगा। मैं इस पर फोकस करता हूं और बाकी चीजों पर प्रतिक्रिया देता हूं। वह दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक हैं, लेकिन मेरे लिए वह सिर्फ एक और गेंदबाज हैं और वही पुरानी गुलाबी गेंद ही मुझे फेंक रहे होंगे। इसलिए मैं ज्यादा परेशान नहीं हूं। भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि वह एडिलेड में गुलाबी गेंद से स्कॉट बोलैंड की गेंदबाजी देखने के लिए उत्सुक हैं। बोलैंड को चोटिल जोश हेजलवुड की जगह टीम में शामिल किया गया है। हेजलवुड साइड स्ट्रेन की वजह से मैच से बाहर हैं। बोलैंड करीब 18 महीने बाद टेस्ट मैच खेल रहे हैं। बोलैंड ने एडिलेड ओवल में अब तक एक ही टेस्ट खेला है, जिसमें उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 विकेट (3/45) लिए थे। गावस्कर ने कहा, ह्लबोलैंड को पिच पर उछाल और हरकत करने वाली गेंद से गेंदबाजी करना पसंद है। हमने देखा है कि पिच पर अच्छी-खासी घास है, जिससे उन्हें मदद मिल सकती है। वह ऊंचाई वाले गेंदबाज हैं, ठीक वैसे ही जैसे हेजलवुड हैं। हेजलवुड का न खेलना ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा झटका है क्योंकि वह सीरीज शुरू होने से पहले मेरे लिए ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रभावशाली गेंदबाज थे।

## आरसीबी के हेजलवुड और भुवनेश्वर ने चिन्नास्वामी में पहली बार आईपीएल खेलने को खास 'घर वापसी' बताया

मुंबई।

बेंगलुरु। जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार, जो आईपीएल 2025 की नीलामी में चुने जाने के बाद दूसरी बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में वापसी कर रहे हैं और उन्हें लगता है कि यह सिर्फ एक पेशेवर अवसर नहीं बल्कि दिल से घर वापसी है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों खिलाड़ियों ने पहले भी आरसीबी की जर्सी पहनी है, लेकिन आईपीएल के किसी भी पिछले सीजन में चिन्नास्वामी में गेंदबाजी की जिम्मेदारी नहीं निभाई। दोनों इतिहास के इस हिस्से को बदलने के लिए उत्सुक हैं और बेंगलुरु के प्यारे क्रिकेट किले में नई यादें बनाने का लक्ष्य रखते हैं।भुवनेश्वर, जिन्होंने 2009 में आरसीबी के साथ अपना आईपीएल सफर शुरू किया था, आरसीबी के रंग में रंगने और लीग में खेलना शुरू करने के बाद पहली बार बेंगलुरु स्थित फ्रेंचाइजी के लिए गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालने और अनूठा अनुभव बनाने के लिए उत्सुक हैं।

भुवनेश्वर ने कहा, आरसीबी का हिस्सा बनकर वाकई बहुत खुश हूं, यहीं से मैंने 2009 में शुरूआत की थी। मैं आरसीबी प्रबंधन को मुझे चुनने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और इतना प्यार दिखाने के लिए आरसीबी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। एक बेहतरीन सीजन का इंतजार है। चिन्नास्वामी स्टेडियम जो पिछले कई वर्षों से सिर्फ एक क्रिकेट ग्राउंड से कहीं बढ़कर रहा है; यह बेंगलुरु का दिल है झ जुनून, गर्व और प्रशंसकों के अटूट समर्थन का प्रतीक, जो हर मैच को एक त्यौहार में बदल देते हैं और खिलाड़ी के चिन्नास्वामी में खेलने के दौरान अविश्वसनीय, निडर भावना लेकर आते हैं। इन



भावनाओं को दोहराते हुए, आरसीबी के पूर्व स्टार क्रिस गेल ने चिन्नास्वामी के जादू को उजागर किया और प्रशंसकों के साथ अपने बंधन को याद किया। आरसीबी बोल्ड डायरी वीडियो में गेल ने कहा, प्रशंसक, दहाड़, नारे, यह शानदार है, और मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। माहौल हमेशा शानदार था झ जीत हो या हार, हम साथ रहे। यह उन बेहतरीन मैदानों में से एक है, जहां मैंने खेला है।

हेजलवुड के लिए, आरसीबी के साथ उनका पिछला कार्यकाल महामारी के दौरान था, जब बेंगलुरु में मैच नहीं खेले गए थे। इसके बावजूद, उन्होंने 15 मैचों में 8.26 की इकॉनमी से 23 विकेट लेकर एक स्थायी छाप छोड़ी। अपनी वापसी पर विचार करते हुए, हेजलवुड ने कहा, इस साल आरसीबी में वापस आकर उत्साहित हूं। हमें प्रतियोगिता में सबसे अच्छे प्रशंसक मिले हैं; हर मैच घरेलू मैच जैसा लगता है। इसलिए, मैं इंतजार नहीं कर सकता। इस साल मुझे वापस लाने के लिए प्रबंधन को बहुत-बहुत धन्यवाद।चिन्नास्वामी में खेलने का मतलब है गेंदबाजों को चुनौती देने वाले मैदान पर उच्च स्कोर वाले मैचों को संभालना। फिर भी, भुवनेश्वर ने यहां भी अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने 9 मैचों में 8.25 की सराहनीय इकॉनमी से 9 विकेट लिए हैं।



## मिशेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी

एडिलेड। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर सीरीज में दूसरा टेस्ट मैच जारी है। एडिलेड में हो रहे डे-नाइट टेस्ट मैच का पहला सीजन मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए बढ़िया रहा है। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने डिनर ब्रेक तक भारत के चार शीर्ष बल्लेबाजों को आउट कर दिया है। ब्रेक तक भारत का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 82 रन हो चुका है। इस मैच में भारतीय टीम तीन बदलाव के साथ उतरी है। कप्तान रोहित के अलावा शुभमन गिल और रविचंद्रन अश्विन की भी वापसी हुई है। हालांकि रोहित शर्मा इस बार ओपनिंग की जगह मिडिल ऑर्डर में खेल रहे हैं। भारतीय पारी की बात करें तो यशस्वी जायसवाल के रूप में टीम इंडिया को पहली ही गेंद पर बड़ा झटका लगा। पर्थ टेस्ट के शतकवीर यशस्वी जायसवाल हालांकि इस पारी में पहली ही गेंद पर बगैर खाता खोले आउट हो चुके हैं।

## निक किर्गियोस ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में सुरक्षित रैंकिंग के साथ वापसी की

ब्रिस्बेन। निक किर्गियोस अपने आखिरी पेशेवर प्रदर्शन के लगभग दो साल बाद सुरक्षित रैंकिंग के माध्यम से ऑस्ट्रेलियन ओपन में बहुप्रतीक्षित वापसी करने के लिए तैयार हैं।2022 के विंबलडन उपविजेता, जो 2022 से चोटों के कारण बाहर हैं, मेलबर्न पार्क में मुख्य ड्रॉ में शामिल होंगे, जिसमें 10 ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों का दल शामिल होगा जिसमें दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर भी शामिल हैं।29 वर्षीय किर्गियोस ने अपनी वापसी की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में कोर्ट पर उतरने से पहले अबू धाबी के नए विश्व टेनिस लीग प्रदर्शनी कार्यक्रम और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में भाग लेने की योजना है।

टूनार्मेंट के निदेशक क्रेग टिली ने पुष्टि की कि अगर उनकी सुरक्षित रैंकिंग विकल्प नहीं होती तो किर्गियोस को वाइल्डकार्ड की पेशकश की जाती। आयोजकों ने एक बयान में कहा, किर्गियोस और बेनकिक छह पुरुषों और छह महिलाओं में से हैं जो प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं ङ्ग संरक्षित रैंकिंग का उपयोग करते हुए, दोनों क्षेत्रों के लिए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश की कट-ऑफ दुनिया में 98वें स्थान पर है।ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कई उल्लेखनीय खिलाड़ियों की वापसी भी होगी। जापानी स्टार केई निशिकोरी, जो पूर्व में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी थे, चार साल में अपना पहला ऑस्ट्रेलियाई ओपन खेलने के लिए संरक्षित रैंकिंग का उपयोग करेंगे। निशिकोरी ने हाल ही में फिनलैंड में टाली ओपन में चैलेंजर खिताब जीतकर अपने पुनरुत्थान का प्रदर्शन किया।महिलाओं की ओर से, टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनकिक इस साल की शुरूआत में अपनी बेटी के जन्म के बाद ग्रैंड स्लैम में वापसी करेंगी। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, दुनिया की 96वें नंबर की खिलाड़ी ओलिविया गैडेकी मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाली एकमात्र महिला खिलाड़ी हैं। हालांकि, डारिया सैविल, अजला टॉमलजानोविच, किम्बर्ली बिरेल और माया जॉइंट वाइल्डकार्ड के लिए दावेदारी में हैं।

## रायन रिकलटन के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने अपनी स्थिति मजबूत की

कबेखा (दक्षिण अफ्रीका)।

रायन रिकलटन (101), कप्तान तेम्बा बवूमा (78) और काइल वेरेन (48) की जूझारू पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 269 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। आज यहां इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 44 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये थे। टोनी डीजॉर्जी (शून्य) को दूसरे ओवर में ए फर्नांडो ने पगबाधा आउट किया। उसके बाद एडन मारक्रम (20) को लाहिरू कुमारा ने बोल्ड आउट किया। 16वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (चार) लाहिरु कुमारा का शिकार बने। इसके बाद रायन रिकलटन और कप्तान तेम्बा बवूमा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिये 133 रनों की साझेदारी हुई। 53वें ओवर में ए फर्नांडो ने ने तेम्बा बवूमा (78) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविड बेडिंघम (छह) रन को प्रभात जयसूर्या ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद प्रभात ने मार्को यानसन (चार) को बोल्ड कर अपना दूसरा शिकार किया। दिन का आखिरी विकेट रायन रिकलटन (10) के रूप में गिरा। उन्हें लाहिरू कुमारा ने निसंका के हाथों कैच आउट कराया। दिन का खेल समाप्त होने के समय दक्षिण अफ्रीका ने 86.3 ओवर में सात विकेट पर 269 रन बना लिये है।

## अंडर-19 एशियाकप: भारत ने श्रीलंका को सात विकेट से हराकर फाइनल में किया

शारजाह। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव सूर्यवंशी (67) और आयुष म्हात्रे (34) की बेहतरीन आतिशी बल्लेबाजी के दम पर शुक्रवार को एकदिवसीय अंडर-19 एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को सात विकेट से करारी शिकस्त देते हुए फाइनल में जगह बना ली है। श्रीलंका के 173 स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिये 91 रनों की आतिशी साझेदारी करते हुए भारत की जीत की नींव रखी। नौवें ओवर में विहास थेवमिका ने आयुष म्हात्रे को आउट कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। आयुष ने 28 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (34) रन बनाये। इसके बाद 14वें ओवर में प्रवीण मनीषा ने वैभव सूर्यवंशी को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। वैभव ने 36 गेंदों में छह चौके और पांच छक्के लगाते हुए (67) रनों की तूफानी पारी खेली। आंद्रे सिद्धार्थ (22) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान मोहम्मद अमान (25) और केपी कार्तिकेय (11) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 21.2ओवर में तीन विकेट पर 175 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका की ओर से विहास थेवमिका, विरन चामुदिता और प्रवीण मनीषा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने महज आठ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये।

पुलिंदु परेरा (छह), दुलनित सिगेरा (दो) और विमत दिनसारा (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद शरुजन शंमुगनथन और लकविन अभयसिंघे ने श्रीलंकाई पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिये 93 रन जोड़े। 29वें ओवर में आयुष म्हात्रे ने शरुजन शंमुगनथन (42) को बोल्ड आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कविजा गमागे (10) भी म्हात्रे का शिकार बने। कप्तान विहास थेवमिका (14), विरन चामुदिता (आठ) रन बनाकर आउट हुये। लकविन अभयसिंघे ने 110 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुये (69) रनों की पारी खेली।

**बाहर** | अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में 2018 के युवा खेलों में, भारत ने 13 पदक (तीन स्वर्ण, नौ रजत और एक कांस्य) जीते थे

# निशानेबाजी, हॉकी, भारोत्तोलन युवा ओलंपिक 2026 से बाहर

नई दिल्ली।

भारत की पदक संभावनाओं को बड़ा झटका देते हुए, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने सेनेगल के डकार में होने वाले 2026 युवा ओलंपिक खेलों की सूची से निशानेबाजी, भारोत्तोलन और हॉकी को हटा दिया है। निशानेबाजी, भारोत्तोलन और हॉकी को 10 गैर-पदक खेलों में शामिल किया गया है, जो युवा ओलंपिक में संलग्नता कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में 2018 के युवा खेलों में, भारत ने 13 पदक (तीन स्वर्ण, नौ रजत और एक कांस्य) जीते थे, जिनमें से निशानेबाजी ने चार पदक (दो स्वर्ण और दो रजत) दिलाए थे, जबकि हॉकी के हिस्से में दो रजत और भारोत्तोलन का योगदान एक स्वर्ण था। पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक




विजेता स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने लड़कियों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण और मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीता था। 3 दिसंबर को लुसाने में अपनी बैठक में, आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने 31 अक्टूबर से 13 नवंबर, 2026 तक आयोजित होने वाले 2026 युवा ओलंपिक खेलों (वाईओजी) के लिए प्रतियोगिताओं और एथलीट कोटा की पुष्टि की है। युवा ओलंपिक में 15 से 18 वर्ष की आयु के एथलीट भाग लेंगे।

आईओसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ... यह निर्णय लिया गया कि डकार 2026 में सभी 35 अंतरराष्ट्रीय महासंघों (आईएफ) की आधिकारिक भागीदारी को बनाए रखा जाएगा, जिसमें 25 खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल होंगे और 10 खेल सहभागिता कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। डकार 2026 प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल 25 खेलों में से प्रत्येक से एक अनुशासन का प्रदर्शन करेगा। इसके अतिरिक्त, डकार 2026 में एक सहभागिता कार्यक्रम होगा जिसमें 10 खेल दिखाए जाएंगे। जिन 25 खेलों में पदक दिए जाएंगे वे एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड), एक्वेटिक्स (तैराकी), तीरंदाजी, बैडमिंटन, बेसबॉल (बेसबॉल 5), बास्केटबॉल (3७3), मुक्केबाजी, ब्रेकिंग, साइकिलिंग (रोड साइकिलिंग), घुड़सवारी (जंपिंग), तलवारबाजी, फुटबॉल (फुटसल), जिमनास्टिक (कलात्मक), हैंडबॉल (बीच हैंडबॉल), जूडो, रोइंग (कोस्टल रोइंग), रग्बी (रग्बी सेवेंस), नौकायन, स्केटबोर्डिंग (स्ट्रीट), टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, ट्रायथलॉन, वॉलीबॉल (बीच वॉलीबॉल), कुश्ती (बीच कुश्ती) और वुशु हैं। 2018 के वाईओजी में सिमरन कौर ने लड़कियों की फ्रीस्टाइल 43 किग्रा में रजत पदक जीता था, लेकिन 2026 के संस्करण में केवल बीच रेसलिंग ही होगी। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले 10 गैर-पदक खेल कैनो-कयाक, गोल्फ, हॉकी, कराटे, आधुनिक पेंटाथलॉन, शूटिंग, स्पोर्ट क्लाइम्बिंग, सर्फिंग, टेनिस और भारोत्तोलन हैं। आईओसी ने कहा, ये खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे, लेकिन साइट पर और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से इनका प्रचार किया जाएगा, जिससे वाईओजी के अभिन्न अंग और आधिकारिक हिस्से के रूप में उनकी भूमिका पर जोर दिया जाएगा। कुल मिलाकर, डकार वाईओजी में 151 इवेंट होंगे, जो 2018 ब्यूनस आयर्स संस्करण से 241 कम हैं, पुरुषों और महिलाओं के लिए 72 इवेंट के साथ बराबर-बराबर विभाजित, साथ ही सात मिश्रित-लिंग इवेंट भी होंगे। आईओसी ने कहा, ग्रीष्मकालीन वाईओजी के इतिहास में पहली बार, पूर्ण लैंगिक समानता हासिल की जाएगी - न केवल समग्र एथलीट कोटा में बल्कि हर खेल, अनुशासन और इवेंट में भी।

# नामीबिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने एकता, प्रगति, जवाबदेही का भरोसा

प्रात: किरण/ एजेंसी

विंडहोक। नामीबिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने ऐतिहासिक चुनाव जीतने के बाद साउथ वेस्ट अफ्रीका पीपुल्स ऑगेर्नाइजेशन (एसडब्ल्यूएपीओ) पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नामीबिया की सत्तारूढ़ पार्टी एसडब्ल्यूएपीओ ने हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रपति और राष्ट्रीय चुनावों में जीत हासिल की। देश की राजधानी विंडहोक में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए, नंदी-नदैतवा ने चुनावों के महत्व को रेखांकित किया, उन्होंने उच्च मतदाता वोटिंग और नामीबियाई लोगों की शांतिपूर्ण, अनुशासित भागीदारी को देश की लोकतांत्रिक परिपक्वता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी एक ऐतिहासिक चुनाव संपन्न किया है, जिसकी विशेषता राजनीतिक सहिष्णुता, लचीलापन और लोकतंत्र के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता है।नंदी-नदैतवा ने नामीबियाई लोगों,



विशेष रूप से युवाओं के योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने एसडब्ल्यूएपीओ को शासन करने का जनादेश दिया और उन पर किए गए भरोसे का सम्मान करने की पार्टी की जिम्मेदारी को दोहराया। निर्वाचित राष्ट्रपति ने शासन के लिए अपना दृष्टिकोण शेयर किया, जिसमें समावेशिता, अखंडता और जवाबदेही पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा, जैसा कि हम अगले पांच वर्षो के लिए नामीबिया पर शासन करने के कार्य की तैयारी कर रहे हैं, मुझे एसडब्ल्यूएपीओ के नेतृत्व में सभी वर्गों, शाखाओं, जिलों और क्षेत्रों से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सभी को याद दिलाना है कि वे हमारे लोगों में एसडब्ल्यूएपीओ के प्रति प्रेम को फिर से जगाने के लिए कड़ी मेहनत करें। उनके अनुसार, एसडब्ल्यूएपीओ की ताकत नामीबिया के लोगों में निहित है और उनके विश्वास को खत्म नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, पात्र मतदाताओं में से अधिकांश युवा थे। नामीबिया के युवाओं ने अगले पांच वर्षों में देश पर शासन करने के लिए एसडब्ल्यूएपीओ पार्टी को जनादेश देने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और हम उनके आभारी हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल बेरोजगारी, असमानता और आर्थिक परिवर्तन की आवश्यकता जैसी प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने लोगों के प्रति एसडब्ल्यूएपीओ की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास की अपील करते हुए कहा, यह हमेशा की तरह व्यवसाय नहीं होने वाला है। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, मैं नामीबिया के लोगों को आश्वस्त कर रही हूं कि एसडब्ल्यूएपीओ पार्टी और मुझ पर उनका भरोसा व्यर्थ नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लंदन में पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ईसा के वाहन पर हमले की जांच बंद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा के वाहन पर हमले की जांच पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में लंदन पुलिस ने बंद कर दी है। लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग ने जस्टिस ईसा के वाहन पर हमले की शिकायत दर्ज कराई थी।एआरवाई न्यूज चैनल ने आज सूत्रों के हवाले से हमले की जांच बंद होने की खबर देते हुए बताया है कि लंदन पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए अपर्याप्त सबूत का हवाला दिया है। क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस ने कथित तौर पर मामले को अदालत में ले जाने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उपलब्ध सबूत सजा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे। पाकिस्तान उच्चायोग और लंदन शहर पुलिस दोनों के सूत्रों ने पुष्टि की कि अभियोजन की मजबूती को पूरा करने के लिए पर्याप्त सबूतों की कमी के कारण मामला बंद कर दिया गया है। आरोप है कि पीटीआई कार्यकताओं ने लंदन में पूर्व मुख्य न्यायाधीश के वाहन को रोककर उसकी खिड़कियां तोड़ने की कोशिश की थी। उन्होंने काजी ईसा की कार को देखकर नारे लगाए और उसके साथ-साथ दौड़े थे। संघीय सरकार के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने लंदन में पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की कार पर हुए हमले की कड़ी निंदा की थी। नकवी ने घटना की निंदा करते हुए नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी को हमलावरों की पहचान के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया था।

### पाकिस्तान से संबंध बेहतर करने में जुटा रूस, दोनों देश नई रेल लाइन से जुड़ने को तैयार

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान और रूस के बीच रिश्ते बीते कुछ समय से बेहतर हो रहे हैं। अब दोनों देश सीधी रेलवे लाइन से जुड़ने की योजना बना रहे हैं। पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री अवैस अहमद खान लेघारी ने बताया है कि रूस और पाकिस्तान को नई मालगाड़ी लाइन से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवा शुरू करने पर बात हो रही है, जिस पर जल्द ही फैसला होगा है। दोनों देशों का बेहतर होता रिश्ता इसलिए ध्यान खींच रहा है, क्योंकि रूस ऐतिहासिक रूप से भारत का दोस्त रहा है लेकिन बीते कुछ समय में पाकिस्तान से अपने संबंधों को सुधार रहा है। पाकिस्तान के रूस में राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने इस साल खांटी-मानसीस्क में हुए अंतरराष्ट्रीय आईटी फोरम में आईएनएसटीसी (इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर) में शामिल होने की इच्छा जाहिर की थी। आईएनएसटीसी एक 7,200 किलोमीटर लंबा परिवहन मार्ग है जो रूस और पश्चिम एशिया को ईरान के रास्ते भारत से जोड़ता है। लेघारी ने बताया कि अगले साल मार्च में पहली बार रूस से पाकिस्तान के लिए मालगाड़ी चलेगी।

### चीन के साथ बीआरआई समझौते पर हस्ताक्षर का नेपाल के दो पूर्व विदेश मंत्रियों ने किया विरोध

काठमांडू। नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने को लेकर सत्तारूढ़ दल के भीतर से ही असंतुष्टि के स्वर उठने लगे हैं। प्रधानमंत्री ओली की सरकार को समर्थन कर रहे नेपाली कांग्रेस के दो प्रमुख नेताओं ने इस समझौते का विरोध किया है। यह दोनों नेता पूर्व की सरकारों में विदेश मंत्री रह चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के नेता तथा प्रचंड सरकार में विदेश मंत्री रहे एनपी साउद ने कहा है कि पार्टी के निर्णय के विपरीत जाकर यह समझौता करना गलत है। उन्होंने कहा कि जब चीन के साथ ऋण लेकर बीआरआई पर कोई समझौता न करने का निर्णय लिया गया था, तब कैसे ऋण के साथ समझौता किया गया। कांग्रेसी नेता ने कहा कि इस बारे में पार्टी में गंभीर रूप से चर्चा किए जाने की आवश्यकता है।

# विद्रोही बलों से गंवाए क्षेत्र वापिस लेने को सेना रहे तैयार: सीरियाई रक्षा मंत्री

**समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अली महमूद अब्बास ने गुरुवार रात को विद्रोही समूहों के खिलाफ चल रही लड़ाई पर एक बयान दिया। अब्बास ने कहा, हमने सबसे चरमपंथी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ भयंकर और निरंतर लड़ाई लड़ी है, जो गुरिल्ला रणनीति अपनाते हैं। इसके लिए हमारे सशस्त्र बलों को उचित रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें आगे बढ़ना, पीछे हटना और फिर से तैनात होना शामिल है।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

दमिश्क। सीरिया के रक्षा मंत्री ने विद्रोही बलों से खोए हुए क्षेत्रों को वापस लेने के लिए सेना को तैयार रहने को कहा है।उन्होंने केंद्रीय शहर हामा से सेना की वापसी को एक रणनीति बताया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अली महमूद अब्बास ने गुरुवार रात को विद्रोही समूहों के खिलाफ चल रही लड़ाई पर एक बयान दिया।

अब्बास ने कहा, हमने सबसे चरमपंथी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ भयंकर और निरंतर लड़ाई लड़ी है, जो गुरिल्ला रणनीति अपनाते हैं। इसके लिए हमारे सशस्त्र बलों को उचित रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें आगे बढ़ना, पीछे हटना और फिर से तैनात होना शामिल है। मंत्री ने वर्तमान स्थिति को ह्यअच्छाह्न बताया। इसमें कहा गया कि हामा के बाहर हाल ही में बलों की फिर से तैनाती



नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक रणनीतिक उपाय था। उन्होंने आश्वासन दिया, ह्ययह एक अस्थायी उपाय है। हमारे बल हामा के बाहरी इलाकों में बने हुए हैं, अपने राष्ट्रीय और संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दोहराया कि सेना की कार्रवाई लंबे समय तक स्थिरता सुनिश्चित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा थी। अब्बास ने विद्रोही समूहों पर सेना की वापसी के दौरान अराजकता पैदा करने के उद्देश्य से गलत सूचना फैलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने निवासियों से आधिकारिक चैनलों के माध्यम से प्रसारित जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की। मंत्री ने मौजूदा चुनौतियों से पार पाने की सीरिया की क्षमता पर भी भरोसा जताया।उन्होंने कहा, हमारी सेना, नागरिकों, नेतृत्व समेत हमारे सहयोगियों और मित्रों के समर्थन से, सीरिया किसी भी कठिनाई को पार करने में सक्षम है, चाहे वह कितनी भी गंभीर क्यों न हो।

मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सीरियाई सरकारी बलों को उत्तरी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में कई मोर्चों पर हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले विद्रोही समूहों द्वारा हमलों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार तक, जब सेना ने हमा से वापसी की घोषणा की और शहर के बाहर अपने बलों को फिर से तैनात किया था, तब तक विद्रोही बलों ने अलेप्पो और हमा जैसे प्रमुख शहरों पर कब्जा कर लिया था।

# भूकंप के तेज झटकों से दहला कैलिफोर्निया, तीव्रता 7.0

प्रात: किरण/ एजेंसी

लॉस एंजेल्स। उत्तरी कैलिफोर्निया के कुछ हिस्सों में 7.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद अस्थायी रूप से सुनामी की चेतावनी जारी करनी पड़ी। उत्तरी कैलिफोर्निया और सैन फ्रांसिस्को खाड़ी के कुछ तटीय क्षेत्रों को खाली भी कराना पड़ा।

युनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के मुताबिक नॉर्दर्न कैलिफोर्निया के तटीय क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.0 दर्ज की गई। भूकंप के यह झटके स्थानीय समय के अनुसार गुरुवार की सुबह 10.44 बजे महसूस किए गए हैं। शुरूआत में इसकी तीव्रता 6.6 बताई गई लेकिन बाद में इसे अपग्रेड कर 7.0 बताया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, भूकंप का केंद्र 0.6 किलोमीटर की गहराई पर था।

ये उत्तरी कैलिफोर्निया के हम्बोल्ट काउंटी के 1,000 से अधिक की आबादी वाले शहर फर्नडेल से लगभग 100 किमी उत्तर-पश्चिम में के एक तटीय क्षेत्र में आया। भूकंप आने के कुछ ही मिनटों बाद यूएस नेशनल




वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) द्वारा कैलिफोर्निया के 5.3 मिलियन लोगों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया जो मामूली नुकसान को लेकर सतर्क करता है। हालांकि बाद में इसे वापस भी ले लिया गया।भूकंप के झटकों का असर सैन फ्रांसिस्को तक भी पहुंचा। जिसकी वजह से (सैन फ्रांसिस्को बे एरिया) सैन फ्रांसिस्को और ऑकलैंड को जोड़ने वाली पानी के नीचे की सुरंग के माध्यम से गुजरने वाली सभी पारागमन सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया गया।

इसके अतिरिक्त, नॉर्दन कैलिफोर्निया के निवासियों ने बताया कि उन्होंने भूकंप के तेज झटके महसूस किए। बारह से ज्यादा बार झटके महसूस किए गए। फिलहाल किसी के हताहत होने या किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं आई है।

# दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों से निपटने में जनता की भागीदारी के लिए की अपील

प्रात: किरण/ एजेंसी

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति पॉल माशातिले ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने देश के लोगों से संदिग्ध खाद्य पदार्थ-हैंडलिंग की शिकायत सक्षम अधिकारियों से करने की भी बात कही है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने देश की विधायी राजधानी केपटाउन में संसद की नेशनल असेंबली में मौखिक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान यह अपील की। ऐसा देश भर में हाल ही में हुई छात्रों की मौतों के पीछे दूषित भोजन को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच किया गया।

माशातिले ने इन मामलों के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए नेशनल असेंबली में कहा, सरकार के रूप में हम उन गैर-जिम्मेदाराना कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिनके कारण हाल ही में प्रदूषित खाद्य पदार्थों के कारण लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा बच्चे



प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इसे रोकने के लिए जरूरी कानूनी कदमों को लेकर भी बताया। इसमें कानूनी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी दुकानों और खाद्य-हैंडलिंग सुविधाओं को 21 दिनों के भीतर नगर पालिकाओं के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य करना शामिल है। माशातिले ने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल कानूनी अनुपालन को लागू करेगी और इन व्यवसायों को व्यापक आर्थिक ढांचे में एकीकृत करके टाउनशिप की अर्थव्यवस्थाओं को ऊपर उठाएगी। उन्होंने कहा, हमें न केवल कानूनी ढांचा प्रदान करना चाहिए, बल्कि सार्थक समर्थन भी प्रदान करना चाहिए। इस प्रयास को बढ़ावा देने के लिए, माशातिले ने बताया कि लघु व्यवसाय विकास विभाग ने छोटे व्यवसायों को स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों का पालन करने में सहायता करने के लिए उपाय शुरू किए हैं। इसके अतिरिक्त, अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद टाउनशिप और ग्रामीण क्षेत्रों में दक्षिण अफ्रीकी स्वामित्व वाले व्यवसायों को सहायता देने के लिए 500 मिलियन रैंड (लगभग 27.7 मिलियन डॉलर) का संयुक्त कोष स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, हम राष्ट्रीय संयुक्त संचालन और खुफिया संरचना के माध्यम से खाद्य जनित घटनाओं और अपंजीकृत स्पाजा दुकानों से निपट रहे हैं, जो एक बहु-क्षेत्रीय हस्तक्षेप योजना है। इस बीच, उप राष्ट्रपति ने जन भागीदारी के महत्व पर बल दिया और नागरिकों को संदिग्ध खाद्य पदार्थ-हैंडलिंग गतिविधियों, विशेष रूप से अपंजीकृत दुकानों या नकली सामानों की बिक्री की सूचना स्थानीय प्राधिकारियों को देने के लिए प्रोत्साहित किया

# बांग्लादेश के सुनामगंज में हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों पर हमला

प्रात: किरण/ एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश में सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के बाद चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। दुनियाभर में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जुल्म-ओ-सितम की तीखी आलोचना हो रही है। इस सबके बीच सुनामगंज में चिंताजनक घटना सामने आई है। यहां फेसबुक पोस्ट के बाद हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले के बाद तनाव बढ़ गया है।ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, 21 वर्षीय हिंदू युवक आकाश दास की फेसबुक पोस्ट पर जारी एक तस्वीर से दूसरे समुदाय के लोग भड़क गए। नफरत की आंधी ने मंगलवार रात सुनामगंज के दोवाराबाजार उपजिला के सुदूरवर्ती गांव मंगलारगांव में कोहराम मचाया। हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों पर जमकर तोड़फोड़ की गई। दोवाराबाजार पुलिस स्टेशन के प्रभारी जाहिदुल हक ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भीड़ के गुस्से को देखते हुए आकाश को हिरासत में ले लिया गया। स्थानीय नेताओं और धार्मिक प्रतिनिधियों के समर्थन से सेना के जवानों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया गया।उपद्रवियों ने मंगलारगांव के लोकनाथ मंदिर को भी नहीं छोड़ा। मंगलारगांव से सुनामगंज पहुंचे लोकनाथ मंदिर प्रबंध कमेटी के महासचिव खोकन रॉय के अनुसार, भीड़ ने लोकनाथ मंदिर पर भी हमला किया। इस दौरान 15 लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान चोरी हो गया। उन्होंने दावा किया कि लगभग 100 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सोने के आभूषणों की दुकानों और हिंदू स्वामित्व वाली दुकानों में लूटपाट की गई। हालांकि पुलिस ने लूटपाट की घटनाओं से इनकार किया है। सब-इंस्पेक्टर अराफात इब्ने शफीउल्लाह ने कहा कि हिरासत में लिए गए युवक आकाश के खिलाफ साइबर सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया। जमानत न मिलने पर उसे जेल भेज दिया गया। गांव में पुलिस और सैन्यबलों को तैनात किया गया है। डिप्टी कमिश्नर एमडी इलियास मिया ने हमले के पीछे संभावित साजिश का संकेत दिया। अधिकारियों को संदेह है कि भीड़ को हिंदू संपत्तियों को निशाना बनाने के लिए उकसाया गया।

# मेक्सिको ने डोनाल्ड ट्रंप के निर्वासन अभियान का सामना करने के लिए कमर कसी

प्रात: किरण/ एजेंसी

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको ने संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्वासन अभियान का सामना करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने गुरुवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर



मेक्सिको के उत्तरी सीमावर्ती राज्यों के राज्यपालों से मिलकर एक समझौते पर पहुंचने की योजना बना रही हैं। मेक्सिको न्यूज डेली समाचार पत्र के अनुसार शीनबाम ने कहा कि अमेरिका में उनके देश के लाखों नागरिक रहते हैं। एक साथ निर्वासन होने पर बड़ा सवाल यह होगा कि उन्हें कैसे प्राप्त किया जाए। मैक्सिको के अधिकारियों ने अकले मंगलवार को 5,000 से अधिक प्रवासियों को हिरासत में लिया है। संघीय सरकार ने बुधवार को कहा कि अधिकारियों ने 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल शुरू होने से पहले ही उत्तरी सीमा पर प्रवासी प्रवाह पर रोक लगाने लगे हैं।उन्होंने कहा कि आप कह सकते हैं कि मेक्सिको ने कमर कसनी शुरू कर दी है।

**प्रतिबंध** न्यायाधिकरण पहले ही हसीना और उनके करीबी सहयोगियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है ...

# बांग्लादेश की अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के भाषणों के प्रकाशन और प्रसारण पर प्रतिबंध लगाया

**पूर्व प्रधानमंत्री हसीना को अगस्त में बांग्लादेश में हुए भारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान सत्ता से बेदखल किया गया था और इसके बाद वह भारत चली गई थीं। हसीना के भाषणों के प्रसारण और प्रकाशन संबंधी मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधिकरण का यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा न्यूयॉर्क में अपनी अवामी लीग पार्टी के समर्थकों को डिजिटल माध्यम से पहली बार सार्वजनिक रूप से संबोधित किए जाने के एक दिन बाद आया है।**

नई दिल्ली, एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश में एक अदालत ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी भाषण के प्रकाशन और प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया। पूर्व प्रधानमंत्री हसीना को अगस्त में बांग्लादेश में हुए भारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान सत्ता से बेदखल किया गया था और इसके बाद वह भारत चली गई थीं। हसीना के भाषणों के प्रसारण और प्रकाशन संबंधी मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधिकरण का यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा न्यूयॉर्क में अपनी अवामी लीग पार्टी के समर्थकों को डिजिटल माध्यम से पहली बार सार्वजनिक रूप से संबोधित किए जाने के एक दिन बाद आया है। अपने संबोधन में उन्होंने बांग्लादेश के अंतरिम नेता नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस पर नरसंहार करने और अल्पसंख्यकों,



खासकर हिंदुओं की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। अभियोजक गुलाम मोनावर हुसैन तमीम ने बताया कि ढाका स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने यह निर्णय सरकारी अभियोजकों द्वारा मुख्यधारा या सोशल मीडिया पर हसीना के किसी भी भाषण पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध के जवाब में लिया। जुलाई और अगस्त में बांग्लादेश में प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों प्रदर्शनकारी मारे गए थे और हजारों की संख्या में लोग घायल हुए थे। हिंसा में हुई मौत को लेकर हसीना पर कई अदालती मामले जारी हैं। न्यायाधिकरण पहले ही हसीना और उनके करीबी सहयोगियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है और सरकार ने उनकी गिरफ्तारी के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन इंटरपोल से मदद मांगी है।

अभियोजकों ने न्यायाधिकरण को दिए अपने अनुरोध में कहा कि हसीना के कुछ भाषण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रसारित किए गए हैं तथा इसके जरिए गवाहों को प्रभावित या भयभीत करके हसीना के खिलाफ आरोपों की जांच में बाधा पहुंचाई जा सकती है। हसीना ने अपने 15 साल के शासन के दौरान इस न्यायाधिकरण की स्थापना की थी और 1971 में पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के दौरान युद्ध के आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए इसका प्रयोग किया गया था। हसीना ने बुधवार को न्यूयॉर्क में अपने समर्थकों से कहा कि उनके और उनकी बहन शेख रेहाना की हत्या की साजिश रची गई थी, ठीक वैसे ही जैसे उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान की हत्या की गई थी जो एक स्वतंत्रता सेनानी थे। शेख मुजीबुर रहमान और उनके परिवार के अन्य सदस्यों की 1975 में हत्या कर दी गई थी। केवल हसीना और उनकी छोटी बहन ही बच पाईं क्योंकि वे उस समय जर्मनी की यात्रा पर थीं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र प्रदर्शनकारियों को ढाका स्थित उनके आवास की ओर बढ़ने का निर्देश दिया गया था और उन्हें भारत पलायन के लिए मजबूर किया गया, ताकि सुरक्षा गार्ड को उनके पास आती भीड़ पर गोली नहीं चलानी पड़े। उन्होंने कहा, अगर सुरक्षा गार्ड गोली चलाते तो कई लोगों की जान चली जाती। मुझे वहां से जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मैंने उनसे कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे गोली न चलाएं। मीडिया में आई खबर में कहा गया है कि आने वाले हफ्तों में हसीना अपने समर्थकों को संबोधित करने के लिए ऐसे और सार्वजनिक भाषण की योजना बना रही हैं। हसीना के भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं। बांग्लादेश से उनके जाने के बाद से देश में एक प्रमुख हिंदू संत को जेल में डालने और भारत में हिंदुओं द्वारा राजनयिक कार्यालय पर हमला करने जैसी घटनाओं को लेकर भारत और मुस्लिम बहुल बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129